# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 13 फरवरी 2025


पूर्व से जारी पुराना 50 का नोट चलन में रहेगा

## बाजार में जल्द आएगा 50 रुपए का नया नोट



नोट में नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकांत दास की जगह ली। आरबीआई ने बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपए के नोटों के समान है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से पूर्व में जारी किए गए 50 रुपए मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

चुनाव से पहले दिए जाने वाले फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# फ्री मिल रहे राशन-पैसे, इसलिए नहीं कर रहे लोग काम, ऐसे क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे ?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव से पहले फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त में राशन मिल रहा है। बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं..इस वजह से लोग काम करना से बचना चाह रहे हैं। ऐसे क्या हम परजीवी वर्ग तैयार नहीं कर रहे?

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी बेघरों के लिए आश्रय की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। कोर्ट ने बुधवार को शहरी गरीबी उन्मूलन जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मुफ्त में सामान देने से लोगों में काम करने से बचना चाह रहे हैं। लोगों को बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि, वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें और काम कर सकें। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर ⏩ शेष पेज 4 पर



*ऐसे लोगों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि, वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें और काम कर सकें*

### बेघर आबादी के राज्यव्यापी आंकड़ों को मंत्रालय सत्यापित करें

इस दौरान कोर्ट ने केंद्र-गृह मंत्रालय और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों को सत्यापित करने का निर्देश दिए। जो शहरी बेघर आबादी की राज्यव्यापी स्थिति को दर्शाता है। इसके अलावा, इसने केंद्र को शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन योजना के कार्यान्वयन पर विवरण बताते हुए अपना जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही, केंद्र सरकार से यह पूछने का निर्देश दिया कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय में लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।

### याचिकाकर्ता ने कहा- सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही

याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 % पर



**नई दिल्ली।** बीते माह यानी जनवरी के महीने में खुदरा महंगाई पर थोड़ी राहत मिली है। इस दौरान खुदरा महंगाई घटकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.22 और पिछले साल जनवरी में 5.1 % थी। आंकड़ों के अनुसार खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 6.02 प्रतिशत रही।

### आज पेश हो सकता है इनकम टैक्स विधेयक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2025 को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश का बजट पेश किया था। अपने बजट भाषण में नए इनकम टैक्स बिल की घोषणा की थी, जिसे कैबिनेट ने पिछले हफ्ते मंजूरी दी थी। नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है। ⏩ पढ़ें पेज 09 भी

### हाई कोर्ट जज नियुक्त हुए एड. आशीष श्रोती



**जबलपुर।** अधिवक्ता आशीष श्रोती को हाई कोर्ट जज नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के विधि एवं न्याय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। संभवतः इसी सप्ताह शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसी के साथ न्यायमूर्ति श्रोती पदभार संभाल लेंगे। वर्तमान में हाई कोर्ट में जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों के मुकाबले 33 जज पदस्थ हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में आयोजित जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों से कहा

# 'टैक्सटाइल' के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावना, इसमें 200 प्रतिशत इंसेंटिव

*सीएम ने कहा कि हमारे निवेश के 3 डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है।*



- मप्र की उद्योग एवं निवेश नीतियां निवेश के लिए फ्रेंडली
- उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन और राउंड टेबल मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मप्र में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है।

मप्र में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टैक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावना है। हम टैक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मालिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ⏩ शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- मप्र आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा
- कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की





### मप्र को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे। हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। छोटे-छोटे स्थान पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मप्र आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है। हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एमपी कर्टन रेजर कार्यक्रम में कहा कि हमारे निवेश के 3 डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है। हम निवेशकों के ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 03 भी

### 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि भी आए

कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की, जिसमें नई दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए। आयोजन में 15 से अधिक ⏩ शेष पेज 4 पर

### मप्र रणनीतिक निवेश गंतव्य के रूप में उद्योग जगत की पहली पसंद

सीआईआई नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन और जेके सीमेंट के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि मप्र की रणनीतिक स्थिति, निवेश अनुकूल नीतियां और सुगम प्रक्रियाएं इसे निवेशकों के लिए आकर्षक स्थल बनाती हैं। उन्होंने बताया कि जेके सीमेंट ने वर्ष 2016 में कटनी में वॉल पुट्टी प्लांट की स्थापना के साथ प्रदेश में अपनी औद्योगिक यात्रा शुरू की थी। इसके बाद उज्जैन और पन्ना में भी संयंत्र स्थापित किए गए। हाल ही में कंपनी ने पन्ना में 3 हजार करोड़ रुपए निवेश करने की घोषणा की है। मप्र की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक्स के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रदेश में उच्चस्तरीय अधोसंरचना, सुव्यवस्थित प्रशासनिक ⏩ शेष पेज 4 पर



अहिरवार समाज के अध्यक्ष ने सुनाई पीड़ा

# मुख्यमंत्री ने कहा- चिंता न करें गुमटी तो देंगे ही, महल भी देंगे

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी के हिंदी भवन में संत रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंच पर मौजूद महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और विधायक भगवानदास सबनानी तब सन्न रह गए जब नव युवक अहिरवार समाज सेवा संघ के अध्यक्ष शोभाराम गिन्नौरे ने शिकायत की कि नगर निगम मोचियों की गुमठियां उठाकर फेंक देता है। उनकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करता। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जवाब दिया कि सभी गरीबों के जीवन में बेहतरी के लिए हम काम कर रहे हैं। गुमठी मांग रहे हैं हम गुमठी तो देंगे ही, महल भी देंगे। महल बनाओ बढ़िया धूमधाम से रहो, बराबरी से रहो। क्या तकलीफ है।

शोभाराम ने कहा कि हमारे चर्मकार समाज की 60 दुकानें न्यू मार्केट से तीन बार हटा दी गईं। उनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि उनमें से आधे दुकानें बंद करके प्राइवेट ⏩ शेष पेज 4 पर

*चर्मकार समाज की गुमठियां उठा कर फेंक देता है नगर निगम*

### सब मिल कर करेंगे समस्या का समाधान

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आपने नगर निगम की जो परेशानी बताई, महापौर नगर निगम अध्यक्ष, विधायक ये सब मिलकर समस्या हल करेंगे। इनके साथ मैं भी हूं। मेरा प्रयास है मप्र के सारे युवाओं के जीवन में बदलाव आना चाहिए। सबकी आर्थिक स्थिति बढ़ना चाहिए। सबको आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। सरकार का मतलब ही है गरीबों की गरीबी दूर करे, युवाओं को काम दे, महिलाओं को सम्मान दे। किसानों की आमदनी बढ़ाए। पूरे देश में ये डंका बज रहा है कि मप्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

आरोप लगाने वाली महिला की 2017 में हो चुकी थी मौत

# छग हाईकोर्ट बोला-पत्नी के साथ अननेचुरल सेक्स 'अपराध' नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के संबंधों को लेकर अहम फैसला सुनाया। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने कहा कि अननेचुरल सेक्स करने पर भी पत्नी अपने पति पर रेप या अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप नहीं लगा सकती, जब तक वह नाबालिग न हो। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ रेप और अननेचुरल सेक्स के आरोपी ⏩ शेष पेज 4 पर

कहा-सहमति नहीं फिर भी रेप का आरोप नहीं लगा सकती



### ट्रायल कोर्ट ने गैरइरादतन हत्या के लिए दोषी ठहराया था

मरने से पहले महिला के दिए बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 376 और 377 के तहत केस दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में ट्रायल चला, तब कोर्ट ने पति को धारा 377, 376 और 304 यानी की गैरइरादतन हत्या के लिए दोषी ठहराया। ट्रायल कोर्ट ने 11 फरवरी 2019 को 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के ⏩ शेष पेज 4 पर

# मां नर्मदा जी के सभी घाटों पर करीब 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे



### माघी पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहूर्त में मां नर्मदा में लगाई डुबकी

**नर्मदापुरम।** माघी पूर्णमा पर विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट पर सैकड़ों भक्तों ने मां नर्मदा को प्रणाम करते हुए ब्रह्म मुहूर्त में आस्था की डुबकी लगाई। शहर के सभी घाटों पर 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। देर शाम तक घाटों पर स्नान और पूजन, पाठ का सिलसिला जारी रहा। वहीं रात में सेठानी घाट पर मां नर्मदा की महाआरती की गई और 251 दीपों से बनारस में होने वाली मां गंगा की तर्ज पर नर्मदा की महाआरती हुई। साथ ही बैतूल, छिंदवाड़ा, हरदा, खंडवा, भोपाल, विदिशा, सीहोर से श्रद्धालुओं ने स्नान किया। ⏩ पढ़ें पेज 09 भी



माघी पूर्णिमा के मौके पर प्रयागराज में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और व उनके बेटे पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में स्नान किया।

आईएएस एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे घोषित

# नए अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव, लवानिया बने सचिव, कुमार पुरुषोत्तम कोषाध्यक्ष चुने गए



रश्मि शमी उपाध्यक्ष व केवीएस चौधरी को संयुक्त सचिव का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में आईएएस एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। ताजा चुनावों में आईएएस मनु श्रीवास्तव को एसोसिएशन का अध्यक्ष जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही रश्मि शमी को उपाध्यक्ष, अविनाश लवानिया को सचिव, कुमार पुरुषोत्तम को कोषाध्यक्ष और केवीएस चौधरी को संयुक्त सचिव की चुना गया है।

हर तीन साल में यह चुनाव होते हैं। ये चुनाव आमतौर पर आम सहमति और समन्वय पर आधारित होते हैं। चुनाव में निर्वाचित अन्य सदस्यों में आईएएस विवेक पोरवाल, अनुभा श्रीवास्तव, निशांत बरबड़े, संजीव सिंह, सुदाम खाड़े, इलैया राजा टी, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गिरीश शर्मा, चंद्रमौली शुक्ला और प्रीति मैथिल नायक शामिल हैं।

इससे पहले आईएएस अधिकारी मोहम्मद सुलेमान एसोसिएशन के अध्यक्ष थे, जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो गया था। अब नए अध्यक्ष 1991 बैच के आईएएस अधिकारी मनु श्रीवास्तव इस पद का कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से ⏩ शेष पेज 4 पर

3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उन्हें लखनऊ पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था

# राम मंदिर के पुजारी सत्येंद्र दास का निधन, 33 साल तक की रामलला की सेवा, आज सरयू में 'जलसमाधि'

पीएम नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया, कहा- महंत जी का पूरा जीवन श्रीराम को समर्पित रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 85 साल की उम्र में लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

सत्येंद्र दास काफी समय से मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से जूझ रहे थे। 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण उनकी हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें पीजीआई के न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती किया गया। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि सुबह 8 बजे उनका निधन हुआ। उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से अयोध्या ले जाया जा रहा है।

अंतिम संस्कार 13 फरवरी को सरयू नदी के किनारे किया जाएगा। आचार्य सत्येंद्र दास ने लगभग 33 वर्षों तक राम मंदिर की सेवा की। फरवरी 1992 में जब राम जन्मभूमि की जिम्मेदारी ⏩ शेष पेज 4 पर

### रामलला की मूर्ति को बचाया था



आचार्य सत्येंद्र दास ने बाबरी मस्जिद विध्वंस के दौरान रामलला की मूर्ति को बचाया था। उन्होंने कहा था कि वह उस समय वहीं मौजूद थे और रामलला को बचाने में लगे हुए थे। दास ने बताया था कि कैसे 6 दिसंबर को उन्होंने रामलला की मूर्ती को विध्वंस से बचाया था। जब उत्साहित कार सेवक विवादित ढांचे को तोड़ने लगे थे उस समय मैंने भोग लगाकर रामलला का पर्दा बंद कर दिया था। आचार्य सत्येंद्र दास ने 1975 में संस्कृत विद्यालय से आचार्य की उपाधि प्राप्त की थी।

# माघ पूर्णिमा पर भक्तों ने किया दान-पुण्य, मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## शीतलदास की बगिया, खटलापुरा व काली मंदिर घाट सहित नर्मदापुरम स्नान करने पहुंचे लोग, अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ पूर्णिमा पर बुधवार को सुबह शीतलदास की बगिया, खटलापुरा व काली मंदिर आदि घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ दान-पुण्य किया। लोगों ने मंदिरों में जाकर देव दर्शन किए। कई स्थानों पर भगवान विष्णु की पूजा और सत्यनारायण कथा के आयोजन भी किए गए। लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर, गुफा मंदिर, नेवरी मंदिर, गिन्नौरी मंदिर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



**श्रद्धालुओं ने रखा पूर्णिमा पर व्रत**

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि माघी पूर्णिमा बुधवार को अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में मनाई गई। इस दौरान कई लोगों ने बड़े तलाब सहित नर्मदापुराम नर्मदा नदी के घाटों पर पहुंचकर स्नान, दान किया। तो वहीं माघी पूर्णिमा पर अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित किया गया। माघ पूर्णिमा के अवसर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा, तो कई लोगों ने घर और मंदिर में पहुंचकर सत्यनारायण भगवान की कथा कराई। घर परिवार की सुख शांति व समृद्धि की भगवान सत्यनारायण से कामना की।

### भगवान श्रीजी का किया श्रृंगार

माघ पूर्णिमा के साथ श्रीजी मंदिर में प्रभु श्रीनाथजी को सफेद चाकदार बागा के साथ सिर पर मोर पंख और सोने के आभूषण से श्रृंगार किया गया। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि होली डांडा रोपण से पुष्टिमार्ग में होली में वृद्धि हो जाती है। बुधवार को चंदन चोवा अबीर लाल एवं पीली गुलाल से होली खिलाई गई और पिचकारी से रंग उड़ाया गया। संध्या काल में प्रभु श्रीनाथजी की गो शाला में होली के डंडे की स्थापना की गई, जिसमें कुमकुम तिलक कर गुलाल से होली की डंडे की पूजन कर बूंदी का भोग लगाया।



### दादाजी धाम मंदिर में लक्ष्मी नारायण भगवान, मां दुर्गा का किया पूजन



दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में दिन बुधवार को माघी पूर्णिमा के उपलक्ष में भगवान लक्ष्मी नारायण, मां दुर्गा जी की सुहाग की रक्षा के लिए पूजन, हवन, आरती, सत्यनारायण कथा एवं संत रविदास जयंती पर पूजन, भजन कीर्तन किया गया। मंदिर में भगवान के दर्शन करने के लिए भक्तों आते रहे। इसके पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### 51 श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ यात्रा से लौटा

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड के सानिध्य में 6 दिनों की महाकुंभ यात्रा पर गए 51 श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को वापस लौट आया। मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि कुंभ स्नान के साथ साथ दतिया स्थित पीतांबरा पीठ, राम राज सरकार ओरछा, रामलला अयोध्या, चित्रकूट धाम, बागेश्वर धाम आदि धार्मिक स्थलों की यात्रा के पश्चात सकुशल यात्रा कर भोपाल वापस आया। इस जत्थे में 27 महिलाएं शामिल हुई, इसमें 7 वर्ष से 75 वर्ष के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान भीड़ एवं यातायात जाम का सामना करना पड़ा।

### ट्रक से 400 लीटर डीजल चुरा ले गए चोर

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के ए-सेक्टर में खड़े ट्रक से अज्ञात चोर करीब 400 लीटर डीजल चुरा ले गए। ट्रक हरियाणा से आ रहा था। रात होने की वजह से ड्राइवर व क्लीनर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रक खड़ा कर उसमें सो गए थे। सुबह नींद खुलने पर डीजल चोरी होने की जानकारी हुई। अशोका गार्डन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से हिसार हरियाणा निवासी सुनील कुमार (33) ट्रक ड्रायवर हैं। वह ट्रक लेकर हरियाणा से आ रहे थे। उनके साथ क्लीनर भी था। उन्हें भोपाल से आगे जाना था, लेकिन रात अधिक होने की वजह से उन्होंने गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के ए-सेक्टर में गाड़ी खड़ी कर दी और खाना खाने के बाद ट्रक में ही सो गए। बुधवार सुबह नींद खुलने पर डीजल चोरी की जानकारी हुई। फरियादी सुनील कुमार ने अशोका गार्डन थाने जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कराया है। चोरी गए डीजल की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

### विजय मार्केट बरखेड़ा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकली सामूहिक बारात

# संत रविदास जयंती पर शहर में हुए आयोजन, भेल के रविदास मंदिर में सामूहिक विवाह सम्मेलन, 50 से अधिक युवक-युवतियों ने लिए फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संत रविदास की जयंती शहर भर में धूमधाम से मनाई गई। संत रविदास जयंती पर संत रविदास मंदिर प्रांगण बरखेड़ा पठानी में बड़ी संख्या श्रद्धालु व समाज के लोगों ने महाआरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। रविदास की जयंती पर भंडारा हुआ।

श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ ने किया सामूहिक विवाह सम्मेलन संत शिरोमणि रविदास जयंती पर बुधवार को श्री संत रविदास सेवा संस्थान, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन संत रविदास मंदिर बरखेड़ा में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 50 से अधिक युवक-युवतियों ने फेरे लेकर वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। सामूहिक बारात विजय मार्केट बरखेड़ा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से बारात प्रारंभ हुई। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ फेरे लिए।



**बारात का हुआ जोरदार स्वागत**

घोड़े पर सवार सजे-धजे दूल्हे हाथ में तलवार लिए अपनी जीवन संगिनी को अपनाने निकले। डीजे, बैंड-बाजों के साथ निकली बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया। परिवार के सदस्यों ने सुमधुर गानों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम स्थल पहुंची बारात का द्वार पर जोरदार स्वागत किया गया। दूल्हों की अगवानी के बाद अन्य रीति रिवाज पूर्ण किए गए।





### राज्य सरकार वंचित वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए, बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर हिंदी भवन में आयोजित समारोह में कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सबको आगे बढ़ने का मौका मिले, सबकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो, गरीबों की गरीबी दूर हो, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को सम्मान मिले, किसानों का मान बढ़ें और सभी लोग बराबरी से रहें, राज्य सरकार इस उद्देश्य से हर वर्ग के लिए योजनाएं और कार्यक्रम संचालित कर रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में दी गई। लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जीवन की कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए प्रधानमंत्री बनें, उनसे प्रेरणा मिलती है।

**पीएम मोदी का संघर्ष पूर्ण जीवन प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणा**



**कन्या-पूजन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन और कन्या-पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ भोपाल एवं चर्मकार विकास संघ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्मारिका और रविदास चालीसा का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आयोजनकतार्ओं ने गजमाला पहनाकर स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या समाज के लोग मौजूद थे। राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में कार्य करने को प्रतिबद्ध है।

### संत रविदास की जयंती पर जकी ने किया प्रसाद वितरण

संत रविदास महाराज की जयंती पर मोहम्मद आसिफ ज़की ने अन्ना नगर पुलिस चौकी के पास प्रसाद वितरण किया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आदिल सिद्दीकी, फकीरा कच्छके पूर्व वार्ड पार्षद 59, आदित्य परिहार कार्यवाहक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रचना नगर, मनमिन्दर सिंह सोनू सरदार, अनसुर रहमान अध्यक्ष ऐशबाग ब्लॉक, मतीन खान, सैयद शारिक इस्तियाक जिला महामंत्री, शेख सलीम कार्यवाहक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ऐशबाग, सीपी तिवारी, श्याम, जायसवाल, शहजाद खान, जितेंद्र पाटिल, विनोद शिकरे, बी. राजू शिकरे, विनय शिकरे, बंसी दादा, शक्ति बाबा, नाना पाटील, राजू कबाड़ी और शिवा कुमार समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### संत रविदास की जयंती पर दवे ने किया माल्यार्पण

भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक एवं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने पंचशील नगर स्थित मंदिर में संत शिरोमणि रविदास महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महेश जोशी, इस्माइल, राजू कांबले, महेंद्र गुरु, गीता गन्नोट, विजय नंद मैहर, शिवम जोशी, मुकेश काहरे, सौरभ मंडराई, विकास नंद महार, अमित लागोरे एवं लोग उपस्थित थे।



### हीरालाल को बेस्ट इन ड्रिल के लिए स्पेशल अवॉर्ड

## आरडीसी परेड से लौटे आरएनटीयू के एनसीसी नेवल विंग कैडेट्स का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि (आरएनटीयू) के दो एनसीसी नेवल विंग कैडेट्स ने कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड (आरडीसी) 2025 में हिस्सा लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद लौटने पर विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को स्वागत किया गया। इस अवसर पर एआईसी-आरएनटीयू और आईक्यूएसी के निदेशक नितिन वत्स, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. संगीता जौहरी, एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल, एनसीसी इंस्ट्रक्टर दुर्गा वर्मा सहित विवि के पदाधिकारीगण और साथी छात्र उपस्थित रहे। विवि परिवार ने कैडेट्स को फूल मालाओं से सम्मानित किया।

**गणतंत्र दिवस कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

आरएनटीयू के एनसीसी कैडेट्स ने गणतंत्र दिवस कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लगभग छह महीने के कठिन प्रशिक्षण के बाद दिल्ली में कर्तव्य पथ पर शामिल कैडेट्स हीरालाल कुमार को बेस्ट इन ड्रिल के लिए स्पेशल अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं पीओ कैडेट नीलेश साहू ने पीएम रैली में भाग लिया। दोनों ही कैडेट्स को गवर्नर मंगू भाई पटेल तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मेडल दे कर सम्मानित किया।

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज में हुई एमपीएसीकॉन 2025 में एम्स

## एमपीएसीकॉन में एम्स डॉक्टर ने जीता 'झावर बेस्ट पेपर अवॉर्ड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनरल सर्जरी विभाग के संकाय सदस्यों और स्नातकोत्तर छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सक्सेना के नेतृत्व में डॉ. विकास लाल ने 'सुशील झावर मेमोरियल बेस्ट पेपर अवार्ड फॉर यंग सर्जन्स' जीता। एमपीएसीकॉन की सचिव



डॉ. अनुराधा चौधरी ने डॉ. विकास लाल को यह पुरस्कार एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एमपी चैप्टर) द्वारा दिया। इसके अतिरिक्त विभाग के द्वितीय वर्ष के स्नातकोत्तर छात्र डॉ. सैफ खान और डॉ. प्रदीप ने सम्मेलन के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम रनरअप पुरस्कार हासिल किया। विभाग के संकाय सदस्यों ने भी सम्मेलन के वैज्ञानिक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. श्याम लाल, डॉ. मनीष स्वर्णकार, अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. स्वागत ब्रह्मचारी योगदान दिया।

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने सभी कॉलेजों को दिए स्पष्ट निर्देश

## एईबीएएस सिस्टम नहीं तो रुक जाएगी आयुष कॉलेजों के नए सत्र की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों को स्पष्ट निर्देश है कि इनेबिल्ड बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एईबीएएस) स्थापित नहीं किया गया तो शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मान्यता रोक दी जाएगी। अभी तक कुल 367 रजिस्टर्ड ऑर्गनाइजेशन पर 179 सक्रिय डिवाइस दर्ज की गई। एनसीआईएसएम नई दिल्ली के प्रेसीडेंट डॉ. रघुराम भट्ट ने समस्त आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों को 18 फरवरी तक एईबीएएस यानी आधार सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। अभी केवल 179 संस्थान ने ही सक्रियता दिखाई है।

**एनसीआईएसएम दिल्ली से होगी मॉनिटरिंग**

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ राकेश पांडेय ने बताया कि आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी एएसयू मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जिनमें लगभग 19 हजार से ज्यादा टीचर्स स्टॉफ कार्यरत है। जैसे ही एईबीएएस सिस्टम सक्रिय होगा तो नियमित टीचिंग व अन्य स्टॉफ की उपस्थिति एनसीआईएसएम नई दिल्ली में बैठकर देख सकेगी।

### बरखेड़ा नाथू की क्रेशर में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

# क्रेशर प्लांट की धूल के गुब्बार से ग्रामीणों का सांस लेना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरखेड़ा नाथू इलाके में चल रही स्टोन क्रेशर के प्लांट में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्रेशर संचालक की मनमानियां इस हद तक बढ़ गई हैं। प्लांट क्षेत्र को कवर ही नहीं किया गया है। वृक्षों के नाम पर एक पौधा भी नहीं लगाया गया। सड़क, प्रदूषण अन्य विभाग के नियमों को ताक पर रखकर प्लांट को चलाया जा रहा है, जिससे आसपास रहने वाले ग्रामीणों को धूल के गुब्बारों के बीच रहना पड़ रहा है। धूल का आलम यह है कि गांव के कई बच्चों को श्वास की बीमारियां हो गई हैं। दरअसल प्लांट में न तो बाउंड्री वॉल बनाई गई है और न ही पौधे लगाए गए हैं।




**सरपंच ने कहा- दूसरी जगह शिफ्ट करने की लंबे समय से हो रही मांग**

यही हाल कलखेड़ा में बने हुए हैं, जहां चार क्रेशर चलाई जा रही हैं। बरखेड़ा नाथू के सरपंच खेमचंद पटेल का कहना है कि क्रेशरों को बंद कर दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन खनिज विभाग के अफसर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**प्रदूषण से फसलें हो रहीं खराब**

ग्रामवासी विनोद मालवीय का कहना है कि क्रेशर से निकलने वाले प्रदूषण से ग्राम वासियों का जीना दुर्लभ हो गया है हमारी फसलं खराब हो रही हैं। प्रदूषण से बीमारी फैलने का डर है। जब भी क्रेशर संचालकों से बात करते हैं तो उनके द्वारा हमें धमकी दी जाती हैं।

**ब्लॉस्टिंग से मकानों में आई दरारें**

गांव के महेंद्र सिंह मालवीय ने बताया कि क्रेशरों में होने वाली तेज आवाज की ब्लॉस्टिंग की वजह से मकानों में दरारें पड़ गई हैं। दीवारों पर क्रेशर की धूल भी जमी है। पंचायत ने जो गांव के बाहर की सड़कें बनाई थीं, वह भी खराब हो गई हैं।

**क्रेशरों की जांच करा लेंगे**

बरखेड़ा नाथू के आसपास की क्रेशरों से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। बीमारी के संबंध में जानकारी नहीं है। सुरक्षा उपाए को लेकर जांच करा लेंगे।
अशोक नागले, प्रभारी जिला खनिज अधिकारी

भोपाल

गुरुवार, 13 फरवरी 2025

माघ फाल्गुन कृष्ण पक्ष –1

वर्ष : 11, अंक : 320

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 28

न्यून. 12

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 भारत ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप...





विचार पेज

06 'आप' के अध्याय के अंत की...


◆ **नवाचार** और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मप्र में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद

◆ **स्टार्ट-अप्स** को सरकारी निविदाओं में अनुभव और टर्न ओवर की शर्तों में छूट दी गई है और उन्हें अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट से भी मुक्त रखा गया

### युवा उद्यमियों का होगा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक और नवाचारों से परिचय

# जीआईएस-2025 देगी मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप्स को 'नई उड़ान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश — अनंत संभावनाएं — ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट — 24, 25 फरवरी 2025 — भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मप्र को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों को अपने आईडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) कई मायनों में खास होगी। इससे हमारे युवा उद्यमियों को अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी और नवाचारों का ज्ञान मिलेगा और मप्र के स्टार्ट-अप्स को नई उड़ान मिलेगी। नवाचार और उद्योगों के लिए उपयुक्त केंद्र भारत के हृदय प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मप्र में 300 से अधिक औद्योगिक पार्क मौजूद हैं।



## एमपी स्टार्ट-अप पॉलिसी एंड इम्प्लीमेंटेशन स्कीम लागू

मप्र में 'एमपी स्टार्ट-अप पॉलिसी एंड इम्प्लीमेंटेशन स्कीम' लागू है, जिसके तहत स्टार्ट-अप्स को वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचा सहयोग और नीति समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है। नई स्टार्टअप नीति के अनुसार स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता (अधिकतम 18 लाख रुपए तक) दी जाती है। यह सहायता स्टार्ट-अप के विकास के प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतम 4 चरणों तक सहायता मिल सकती है।

### सरकार दो वर्षों तक सरकारी खरीद में प्राथमिकता देगी

राज्य सरकार स्टार्ट-अप्स को अनिवार्य लाइसेंस एवं परमिट शुल्क से छूट प्रदान कर रही है और दो वर्षों तक सरकारी खरीद में प्राथमिकता दे रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पास भरपूर बिजली, पानी, और प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे निवेशकों के लिए एक आईडियल डेस्टिनेशन बनाते हैं।

*इंपैक्ट फीचर*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अश्लील फोटो पोस्ट किया तो युवती ने दे दी जान

**गुना।** पड़ोस में रहने वाले युवक से तंग आकर उसने 17 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया।



बताया गया है हि युवक ने सोशल मीडिया पर लड़की के अश्लील फोटो अपलोड कर दिए थे। जिससे युवती परेशान हो गई थी। घटना कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार देर रात की है। परिजनों ने शव चौराहे पर रखकर करीब एक घंटे तक चक्काजाम किया।

### गाड़ी ने हवलदार को 25 फीट तक घसीटा

**ग्वालियर।** शहर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। सागर ताल इलाके में एक तेज रफ्तार



वाहन ने हवलदार को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी से हवलदार को 25 फीट तक घसीटा गया। हादसे में पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद फौरन हवलदार को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांग्रेस विधायक कटारे पर ईओडब्ल्यू में केस

**भोपाल।** भोपाल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष



एवं कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। इन पर अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल योजना में भूखंड के आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। सीआर दत्ता की भूमि आवंटन से संबंधित शिकायत पर कार्यवाही की है।

### पीएम मोदी ने पेरिस में बड़ी कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की, दिया मंत्र-इनोवेट... कोलैबोरेट... इंटीग्रेटेड

# भारत में यही 'बेहतर वक्त' है निवेश का, दोनों देशों के बेस्ट बिजनेस माइंड कर सकते हैं कमाल

**पीएम ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में 2047 रोडमैप का किया जिक्र**





*पीएम ने कहा कि हमने स्थिर और पूर्वानुमानित नीति का एक ईको-सिस्टम स्थापित किया है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मार्ग पर चलते हुए आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।*

**पीएम बोले-** हम जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में काम कर रहे हैं

**मोदी और मैक्रों ने** मार्च 2026 में नई दिल्ली में 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' की शुरुआत की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत-फ्रांस सीओई फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो बेस्ट बिजनेस माइंड का संगम हो रहा है। मोदी ने कहा कि बिजनेस के लिए भारत आने का यह सही समय है क्योंकि देश एक मजबूत व्यवसाय-सही माहौल और नीति निरंतरता प्रदान करते हुए 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहा है।

14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह बैठक भारत और फ्रांस के सर्वश्रेष्ठ कारोबारी दिमागों का संगम है। मैं देख रहा हूं कि आप सभी इनोवेट, कोलैबोरेट और इंटीग्रेटेड ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एआई, मेक इन इंडिया पर भी की बात

इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में पीएम मोदी का स्वागत किया था। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एआई, अंतरिक्ष टेक्नॉलिजी और 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में भारत की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।



### भारत से पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदेगा फ्रांस

दोनों देशों के संयुक्त बयान में कहा गया है कि मोदी और मैक्रों ने मार्च 2026 में नई दिल्ली में 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' की शुरुआत की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फ्रांस द्वारा भारत के पिनाका रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आएगी। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### फ्रांस में भारतीय छात्रों की संख्या 10000 हो जाएगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेरिस यात्रा के दौरान बुधवार को भारत और फ्रांस द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार इस साल फ्रांस में भारतीय छात्रों की संख्या अभूतपूर्व रूप से 10,000 तक पहुंचने की उम्मीद है। मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया और इंडो-पैसिफिक और विभिन्न वैश्विक मंचों और पहलों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय कक्षा योजना के सफल शुभारंभ का स्वागत किया था।


### जांच में आरोपी निकला मानसिक रोगी

# पीएम मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस ने मंगलवार को चेंबूर इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर आतंकी हमले को लेकर धमकी भरा कॉल किया था। जांच में आरोपी मानसिक रोगी निकला है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल आया, जिसमें प्रधानमंत्री के विमान पर आतंकी हमले की ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को आया था कॉल



### सीएम योगी को धमकी देने वाला मुरैना से दबोचा

**मुरैना।** उत्तर प्रदेश के सीएम आवास के फोन पर कॉल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हासई मेवढा गांव के महाराज सिंह का पुरा माजरा का रहने वाला सुनील गुर्जर है। देर रात ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूल और विभाग आमने-सामने

# 8 हजार निजी स्कूलों ने नहीं किए मान्यता आवेदन, हो सकते हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी स्कूलों की मान्यता के नियमों लेकर प्रदेश में निजी स्कूल संचालक और स्कूल शिक्षा विभाग आमने-सामने आ गए हैं। जहां एक ओर निजी स्कूल संचालक नियमों में बदलाव की मांग कर रहे हैं, वहीं विभाग नियमों में किए गए बदलाव पर अडिग है।

निजी स्कूल संगठनों के अनुसार, प्रदेश के करीब 8 हजार



निजी स्कूलों की ओर से अब तक मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया गया है। जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी निकल चुकी है और अब 15 फरवरी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 3-0 से किया क्लीन स्वीप | 142 रन से जीता भारत | 259 के स्कोर से गिल सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

# भारत के सामने अंग्रेजों ने टेके घुटने



*एजेंसी, अहमदाबाद। भारत के सामने तीन मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड ने बुधवार को घुटने टेक दिए। भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे सीरीज 3-0 से जीत लिया। तीसरे और अंतिम वनडे में भारत ने अंग्रेजों को 142 रन से धूल चटाकर जीत हासिल की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन गिल के शतक से पहाड़ सा स्कोर 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में 214 रन ही बना सकी। मैच के हीरो शुभमन गिल रहे।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### शुभमन गिल ने रचा इतिहास धवन का रिकॉर्ड तोड़ा

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल लय में लौट आए हैं। वनडे सीरीज में वह भारतीय टीम के लिए सबसे बड़े हीरो साबित हुए हैं। उन्होंने 102 गेंदों में 112 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। उन्होंने अपने वनडे करियर का कुल सातवां शतक लगाया। खास बात ये रही कि गिल के वनडे करियर का ये 50वां वनडे मुकाबला था और वह अपने 50वें वनडे में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बने हैं। उनसे पहले ऐसा कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं कर पाया था। गिल वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 2500 रन बनाने वाले भी बल्लेबाज हैं। उन्होंने 50 पारियों में भी ऐसा कर दिखाया है। उन्होंने शिखर धवन का रिकॉर्ड तोड़ा है। धवन ने 54 वनडे पारियों में 7 शतक लगाए थे।

### केरल के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग का मामला

# जूनियर्स के कपड़े उतारे, प्राइवेट पार्ट पर डंबल लटकाया, चिल्लाए तो मुंह में लोशन भर दिया

एजेंसी ▶▶ कोट्टायम

केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया है। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया।

यह घटना कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में हुई। सीनियर्स ने बाद में कंपास और नुकीली वस्तुओं से भी छात्रों को घायल किया।



■ पांचों आरोपी गिरफ्तार कॉलेज से किए गए सस्पेंड

इसके बाद जख्म पर लोशन लगाया। ताकि दर्द और बढ़े। जब पीड़ित दर्द से चिल्लाने लगे, तो उनके मुंह में भी लोशन डाल दिया।

तीनों पीड़ित फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं और तिरुवनंतपुरम के रहने वाले हैं। प्रताड़ना का वीडियो भी बनाया, फिर धमकी दी सीनियर्स ने पीड़ितों को नग्न करके उनकी रैगिंग का वीडियो भी बनाया। इसके साथ ही धमकी दी कि अगर उन्होंने इसकी रिपोर्ट करने की हिम्मत की तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सीनियर्स जूनियर्स से शराब खरीदने के लिए पैसे वसूलते थे। जो लोग ऐसा करने से मना करते थे, उन्हें पीटा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छह से अधिक अधिकारी दस्तावेजों की जांच में जुटे

टैक्स चोरी की शिकायत के बाद कार्रवाई


हॉस्पिटल के संचालक ऑफिस से गायब हुए

# ग्वालियर में दो अस्पतालों सहित कई ठिकानों पर आईटी छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने परिवार हॉस्पिटल और परिवार ग्रुप के अन्य ठिकानों पर छापेमारी की है। बुधवार को आयकर की आधा दर्जन से ज्यादा टीमों ने परिवार हॉस्पिटल के दो ठिकानों के साथ ही संचालकों के घर और ऑफिस पर एक साथ कार्रवाई की। मांढरे की माता मंदिर के पास स्थित परिवार सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और हॉस्पिटल रोड स्थित परिवार हॉस्पिटल में कार्रवाई की जा रही है।

टैक्स चोरी की शिकायतों के बाद आयकर विभाग की टीम इससे संबंधित दस्तावेज खंगाल रही है। छापे को लेकर अधिकारियों की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। बुधवार दोपहर जैसे ही परिवार हॉस्पिटल पर



आईटी की रेड की खबर फैली, मार्केट में हड़कंप मच गया। अन्य हॉस्पिटल के संचालक भी अपने-अपने ऑफिस से गायब हो गए। आयकर विभाग के अफसरों ने परिवार हॉस्पिटल में पहुंचकर सीधे संचालक और अकाउंट ऑफिसर के दफ्तर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मौसम की गुलाटियां

### हवाओं के बदलने से इस महीने जारी रहेगा तापमान में तेजी से उतार-चढ़ाव

# हवाओं में फिर घुली ठंडक, आज और कल और बढ़ेगी सर्दी, फिर तेजी से उछलेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट से सर्दी का असर बढ़ेगा। गुरुवार और शुक्रवार को रात का पारा तेजी से गिरेगा।

शाम से हवाएं फिर से उत्तरी होने के कारण बुधवार शाम से ही सर्दी का अहसास बढ़ा है, जो अगले दो दिन में और बढ़ेगा। इसके बाद पारे में फिर से तीन से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। तापमान में तेजी ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ पचमढ़ी से ठंडा रहा शहडोल

■ आज भोपाल सहित कई जिलों में गिरेगा रात का तापमान दिन का पारा 3 डिग्री गिरा



कमला पार्क में बुधवार शाम साढ़े पांच बजे का दृश्य।

**यहां 11 डिग्री से कम रहा**

| | |
|---|---|
| 9.3 | शहडोल |
| 9.7 | पचमढ़ी |
| 10.6 | मंडला |
| 10.7 | सीहोर |
| 10.8 | सिंगरौली |

### भोपाल में पारे में बढ़त, कई जिलों में गिरावट

बुधवार को भोपाल में रात का पारा 2 डिग्री बढ़कर 13.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं, प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों के न्यूनतम पारे में औसतन एक डिग्री तक कमी दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे ठंडा शहडोल रहा। यह हिल स्टेशन से भी ठंडा रहा है। शहडोल में रात का पारा 9.3 और पचमढ़ी में 9.7 डिग्री रहा। पांच जिलों में रात का पारा 11 डिग्री से कम ▶▶ शेष पेज 4 पर

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने कोयला अनलोडिंग करने का कीर्तिमान रचा, तीन माह में रिकॉर्ड 531 कोल रैक बिना डेमरेज चुकाए हुए अनलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) में कोल रैक से कोयला अनलोडिंग करने का नया कीर्तिमान रचा गया। कोयले की सतत उपलब्धता के लिए समय से रैक खाली किए जाने का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी)-1 व 2 में 9 दिसंबर 2024 से 11 फरवरी 2025 की अवधि में कुल 531 कोल रैक को रेलवे की निर्धारित अवधि में अनलोड किया गया।

यह तीन माह की अवधि में अभी तक का अधिकतम कोल रैक बिना डेमरेज चार्ज के खाली करने का रिकार्ड है। इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में वर्ष 2023 में 22 जनवरी 2023 से 4 अप्रैल 2023 की अवधि में कुल 505 कोल रैक डेमरेज का भुगतान किए बिना अनलोड किए गए थे। निर्धारित समय से कम समय में रैक खाली होने से रेलवे को कोल परिवहन के लिए रैक उपलब्धता बढ़ जाती है। परियोजना के अभियंताओं के कार्मिकों के प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है।



### पांच घंटे प्रति रैक को अनलोड करना जरूरी

रेलवे ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के लिए पांच घंटे प्रति रैक का समय निर्धारित है। निर्धारित समय से ज्यादा समय लगने पर रेलवे ने 9 हजार रुपए प्रति घंटे के हिसाब से विलंब शुल्क (डेमरेज चार्ज) अधिरोपित किया जाता है। कोल रैक आने पर इन्हें समयावधि में खाली करना जटिल कार्य है। इस कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए संपूर्ण प्रणाली व उपकरणों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करनी होती है।

### कैसे अनलोड हुए कोल रैक

*श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी) ने सुनियोजित तरीके से कार्य करते हुए दिसंबर 2024 में कुल 185 रैक, जनवरी 2025 में 252 रैक व फरवरी 2025 में 11 तारीख तक कुल 94 रैक अनलोड किए गए। कोल टैक अनलोडिंग की कीर्तिमान रचने वाली उपलब्धि को हासिल करने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना डोंगलिया के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में भविष्य में इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य क्रियान्वित होने के साथ नए कीर्तिमान स्थापित होंगे।*

## खबर संक्षेप

### शर्मा की पुण्यतिथि पर स्मरण कार्यक्रम कल

**भोपाल।** पिछली सदी के छठे दशक में भिंड जिले में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षाविद की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत 14 फरवरी होगी। इस दौरान गौरी सरोवर के तट पर पुण्यतिथि पर स्मरण कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके चलते गुरुवार को वृद्धाश्रम में भोजन तथा शासकीय चिकित्सालय में फल वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्व श्री शर्मा ने भिंड में अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की थी।

### स्थाईकर्मी कल्याण संघ प्रदेश महामंत्री बने गौतम



**भोपाल।** मप्र स्थाईकर्मी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष शारदा सिंह परिहार ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुशल स्थाईकर्मी जितेंद्र गौतम को संघ का प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। मप्र स्थाईकर्मी कल्याण संघ के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर संघ के पदाधिकारियों ने जितेंद्र गौतम फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। जितेंद्र गौतम ने कहा कि संघ के द्वारा दिए दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वाह कर स्थाईकर्मी की मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करूगा।

### आचार्य का देवलोक गमन अपूरणीय क्षति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र कुमार दास महाराज के देवलोक गमन पर शोक प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परम रामभक्त का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है, उनके मंगलकारी विचार और भक्तिमय व्यक्तित्व समस्त सनातन जगत को धर्म और मानव कल्याण के पथ पर चलने के लिए प्रेरित

### सेवानिवृत्त एसीएस मिश्रा आयोग के सदस्य बने

**भोपाल।** राज्य शासन ने सेवानिवृत्त एसीएस एसएन मिश्रा को मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। इससे पहले इस पद पर सेवानिवृत्त आईएएस मनोज श्रीवास्तव पदस्थ थे, किंतु सरकार ने कुछ समय पहले उन्हें राज्य निर्वाचन आयोग में अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इसके बाद से यह पद रिक्त हो गया। अब मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पुनर्गठन आयोग की जिम्मेदारी सौंपी है।

### सरकारी लापरवाही से हुए संविदा कर्मी वंचित विभा

**भोपाल।** सरकार के एक गलत फैसले से हजारों संविदा कर्मचारी सीधे तौर पर शिक्षक भर्ती परीक्षा में बैठने से वंचित हो गए। उन्हें पूर्व में घोषित 50 प्रतिशत आरक्षण और आयु सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा। इसका बड़ा कारण शिक्षक भर्ती के नियम है। यह आरोप मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा सरकार के सिस्टम पर आरोप लगाते हुए लगाए। विभा पटेल ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा नियम तैयार करते हुए यह ध्यान ही नहीं दिया कि 22 जुलाई 2023 को नई संविदा नीति लागू हो चुकी है। जिसमें स्पष्ट है कि पुरानी सभी नीतियां खत्म हो चुकी हैं। इसके बावजूद अधिकारियों ने 5 जून 2018 की नीति के अनुसार नियमावली बना दी। सरकार के फैसले से कई शिक्षक, शिक्षिकाएं, बालिका छात्रावास की सहायक वार्डन, बीआरसी और बीएसी समेत डीएड-बीएड सहित अन्य आवश्यक योग्यता रखने वाले वंचित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जब नई नीति में पुरानी सभी नीतियों को खत्म किया जा चुका है, तो पुरानी नीति के आधार पर नियमावली तैयार करना नियमों का सीधा उल्लंघन है। शिक्षक चयन परीक्षा में संविदा कर्मचारियों को आरक्षण एवं आयुसीमा में छूट का लाभ नहीं देने पर अब कई अभ्यार्थी कोर्ट में जाएंगे। इसके चलते मामला लंबा खींचा तो इसका असर अध्यापन कार्य पर पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री ने जीआईएस भोपाल के लिए उद्योगपतियों को दिया आमंत्रण

# मप्र में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद

नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं।

मुख्यमंत्री ने 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मप्र में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है।



**दो इंटरैक्टिव राउंड टेबल बैठकें हुईं**

कर्टन रेजर कार्यक्रम में दिल्ली में दो इंटरैक्टिव राउंड टेबल मीटिंग हुईं। पहली इंटरैक्टिव राउंड टेबल प्रमुख दूरसंचार कंपनियों के साथ हुई, जिसमें भारत में दूरसंचार के भविष्य और मप्र में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य सचिव ने की। डीपीआईआईपी के प्रमुख सचिव ने प्रस्तावित टेलीकॉम पार्क की जानकारी दी, जो राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### दूसरी इंटरैक्टिव राउंड टेबल प्रमुख राजदूतों और राजनयिकों के साथ हुई

दूसरी इंटरैक्टिव राउंड टेबल प्रमुख राजदूतों और राजनयिकों के साथ हुई। इसमें जीआईएस-2025 की रणनीतिक रूपरेखा प्रस्तुत कर अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों से अवगत कराया गया। मप्र की व्यापक औद्योगिक क्षमता, निवेश अनुकूल नीतियां और सुदृढ़ अधोसंरचना को प्रस्तुत किया गया। बैठक में 40 देशों के 51 राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें 13 राजदूत, 4 उच्चायुक्त, 5 चार्ज द' अफेयर, 3 डिप्टी हेड्स, 6 काउंसलर, 4 प्रथम सचिव, 2 द्वितीय सचिव, और 5 आर्थिक एवं व्यापारिक विशेषज्ञ शामिल थे।

### यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और जापान जैसे विकसित राष्ट्र पार्टनर कंट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और जापान जैसे विकसित राष्ट्र पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल हो रहे हैं। यह वैश्विक प्रतिनिधित्व मप्र में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश के बढ़ते अवसरों को दर्शाता है। यहां निवेश के भरपूर संभावनाएं है।

### अनेक देशों ने दिखाई मप्र में निवेश की रुचि

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के कर्टन-रेज़र कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूतों ने मप्र को संभावनाओं से भरपूर निवेश गंतव्य बताते हुए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई। ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने शिक्षा, कृषि और कौशल विकास में सहयोग को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि मैक्सिको के राजदूत ने प्रदेश की नीतियों की सराहना करते हुए निवेश संभावनाओं पर सकारात्मक रुख प्रकट किया। अलबानिया के राजदूत ने शहरी नियोजन के क्षेत्र में अपनी रुचि व्यक्त की, वहीं जिम्बाब्वे के राजदूत ने कृषि क्षेत्र में साझेदारी को लेकर उत्साह दिखाया। स्लोवेनिया के राजदूत ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

### सीएम हैं डायनेमिक एवं इंडस्ट्री फ्रेंडली

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र के मुख्यमंत्री डायनेमिक और इंडस्ट्री फ्रेंडली है। उनका मानना है कि विकास समन्वित और चहुंमुखी होना चाहिए। मुख्यमंत्री की इसी विचार के कारण मप्र में 7वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पहली बार भोपाल में आयोजित होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने देश के प्रमुख शहरों के साथ ही यूके, जर्मनी और जापान जाकर निवेशकों को मप्र के विकास में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

## नर्मदा जीवन रेखा, उसका संवर्धन और संरक्षण जरूरी

# रेत नर्मदा और जल का आभूषण अवैध उत्खनन पसंद नहीं: चौधरी

*नर्मदा लोक, नर्मदा पथ बने, गंदे नालों का मिलना बंद हो*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दो प्रदेशों मप्र और गुजरात की जीवन रेखा नर्मदा नदी के अवैध उत्खनन का मुद्दा उठाने वाले नर्मदापुरम के भाजपा सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा है कि रेत नर्मदा ही नहीं, किसी भी नदी और उसके जल के लिए आभूषण की तरह है।

रेत के कारण ही जल संरक्षित है। इसलिए नर्मदा के संरक्षण और सवंर्धन के लिए जरूरी है कि रेत का अवैध उत्खनन न हो। उन्होंने कहा कि हम इसके खिलाफ हैं। चौधरी सिंह हरिभूमि से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नर्मदा हमारी जीवन रेखा है, इसलिए इसका संवर्धन और संरक्षण जरूरी है।

### अवैध उत्खनन पर नहीं की ज्यादा बात

*सांसद चौधरी सिंह से जैसे ही पूछा गया कि मप्र और गुजरात में लंबे समय से भाजपा की सरकारें हैं, फिर भी रेत का अवैध उत्खनन नहीं रुका। इसका जवाब देने की बजाय उन्होंने कहा आपको आवाज आ रही होगी, मैं एक कार्यक्रम में हूं, इसके बाद बात करता हूं।*

### गंदे नालों का शामिल होना बंद हो

चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि नर्मदा से रेत के अवैध उत्खनन के साथ इसमें मिलने वाले गंदे नाले भी बंद किए जाएं। उन्होंने कहा कि नर्मदा के संवर्धन के लिए जरूरी है कि नर्मदा लोक और नर्मदा पथ का निर्माण हो। हालांकि उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा से धार्मिक आस्था तो जुड़ी ही है, यह भारतीय संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है।

## राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला 1984 दंगों के पीड़ित सिख समुदाय के लिए सुकून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सिख दंगों पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे सुकून भरी खबर बताया है। उन्होंने कहा कि 1984 दंगों के पीड़ित सिख समुदाय के लिए सुकून भरी खबर है। 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में सज्जन कुमार दोषी करार किए गए हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। यह फैसला चूंकि 41 साल बाद आया है। इसलिए इसका खास महत्व है।

भाजपा नेता अग्रवाल ने एक्स पर कहा कि कांग्रेस नेता एवं राजीव गांधी के खास पूर्व सांसद सज्जन कुमार को 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में सज्जन कुमार को हत्या सहित अन्य धाराओं में दोषी ठहराया है। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार इस मामले में आरोपी थे।



### सजा मिल रही है

अग्रवाल ने कहा कि सज्जन कुमार ने सिखों की हत्या करवाई थी। यह लोग 30 साल तक खुले घूम रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में एसआईटी बनवाई, जिसके कारण यह लोग आज सलाखों के अंदर है। एक के बाद एक केस में इन्हें सजा मिल रही हैं।

## रेडक्रॉस भवन को लेकर कांग्रेस के आरोपों को बताया निराधार

# सेवाभारती को भवन देने की बात असत्य: सोसाइटी सचिव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेडक्रॉस सोसाइटी, मप्र राज्य शाखा के भोपाल के इतवारा रोड स्थित रेडक्रॉस भवन को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिए गए बयान को मप्र रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव ने निराधार बताया है। कांग्रेस के आरोपों पर मप्र रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रामेन्द्र सिंह ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि कांग्रेस द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वह तथ्यहीन और तर्कहीन हैं। रेडक्रॉस द्वारा सेवाभारती को भवन देने की बात असत्य है। हमीदिया एवं एम्स जैसे अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को रूकने के लिए उस भवन में व्यवस्था की जाएगी। तथाकथित एफडी को लेकर भी भ्रामक बातें फैलाई जा रही है, जबकि मेरा कार्यकाल जुलाई माह से प्रारंभ हुआ है। ऐसे में इस अवधि के दौरान एफडी को लेकर ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जो भी कार्रवाई होती है वह प्रबंधन कार्यकारिणी बैठक के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही की जाती है।

## नायब तहसीलदार को बनाया पटवारी



**नलखेड़ा।** आगर मालवा जिले में एक अनोखा मामला देखने को मिला है। नलखेड़ा तहसील के बड़ागांव में पदस्थ नायब तहसीलदार को कलेक्टर ने प्रदेश शासन के आदेश पर पदावनत कर मूल पद पटवारी के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। मध्य प्रदेश राजस्व विभाग भोपाल ने एक आदेश 261/2402/2021/सात/ 4 दिनांक 10/02/2025 को जारी कर आगर कलेक्टर के नाम भेजा, जिसमें मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा आदेशित किया गया है। इसके पालन में आगर मालवा के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ अरुण चंद्रवंशी जो परिविक्षाधीन थे, उन्हें आगर मालवा से नायब तहसीलदार के पद से मुक्त करते हुए उनके मूल पद जो कि पटवारी का था, उस पद के लिए कलेक्टर आगर द्वारा 11 फरवरी 2025 को जारी आदेश क्रमांक 73/स्थापना/2025 से आगर मालवा से भारमुक्त कर उन्हें उज्जैन के लिए भेज दिया है।

## भर्ती के लिए रोजगार पंजीयन अनिवार्य नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय का पंजीकरण अनिवार्य नहीं है। हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। आरक्षक पद के लिए चयनित उम्मीदवारों ने दलील दी कि उनके आवेदन के समय रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड नहीं होने के कारण उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई थी।हाई कोर्ट ने उनके पक्ष में आदेश देते हुए कहा कि पुलिस आरक्षक पद के लिए उम्मीदवार की पात्रता, योग्यता या फिटनेस तय करने में रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड अनिवार्य शर्त नहीं है।

## अमरकंटक आएं तो हाथी प्रतिमा के नीचे से निकल कर दिखाएं सीएम, पूर्व सीएम

# हाथी प्रतिमा के नीचे से निकले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी, पूछा- क्यों नहीं बना मां नर्मदा लोक?

जीतू ने अमरकंटक में मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पूजा अर्चना की

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में थे। अमरकंटक की हाथी प्रतिमा को लेकर मान्यता है कि यदि इसके नीचे से निकल जाते हैं, तो क्लेशों से मुक्ति के साथ मनोकामना की पूर्ति हो जाती है।

पटवारी ने यहां पुण्य सलिला की कृपा से हाथी प्रतिमा के नीचे से निकलकर माई के दरबार में दंडवत प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 100 करोड़ रुपए की लागत से अमरकंटक में मां नर्मदा कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी और अनूपपुर में मां नर्मदा लोक की कार्ययोजना बनाने का फैसला लिया था। पटवारी ने पूछा कि क्या मोहन सरकार बताएगी, इस निर्णय पर कितना काम हुआ?

### कहा, भाजपा कब तक बोलती रहेगी झूठ



पटवारी ने कहा कि मैं फिर से पूछ रहा हूं कि भाजपा धर्म, आस्था और विश्वास के नाम पर झूठ बोलने का आदतन अपराध कब तक करती रहेगी? मैं पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं कि अगली बार जब भी अमरकंटक आएं, हाथी प्रतिमा के नीचे से निकल कर दिखाएं। जनसेवा का भ्रम फैलाने वालों के पाप और पुण्य का निर्णय मां नर्मदा करेंगीं। पटवारी ने यहां इससे पहले पुण्य भूमि अमरकंटक में मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पूजा अर्चना की और पुण्य सलिला से प्रार्थना की कि जन-जन पर अपना कृपा-अमृत बरसाती रहें।

## संत रविदास ने जात-पात का घोर खंडन किया: मुकेश

# संत रविदास जयंती पर पीसीसी में कांग्रेस ने किया पुण्य स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संत रविदास जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के राजीव गांधी सभागार में बुधवार को कांग्रेसजनों ने संत रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया।

संत रविदास के जीवन कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि संत रविदास मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं।

### जनमानस को दिखाया आत्मज्ञान का मार्ग

नायक ने कहा कि संत रविदास महाराज ने जात पात का घोर खंडन किया और जनमानस को आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचारों का आशय यही है कि ईश्वर की भक्ति बड़े भाग्य से प्राप्त होती है। अभिमान शून्य रहकर काम करने वाला व्यक्ति जीवन में सफल रहता है। अभिमान तथा बड़प्पन का भाव त्याग कर विनम्रतापूर्वक आचरण करने वाला मनुष्य ही ईश्वर का भक्त हो सकता है। उनकी वाणी भक्ति की सच्ची भावना, समाज के हित की कामना से ओत-प्रोत होती थी।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 फरवरी 2025



पॉलीटेक्निक चौराहा रोड के किनारों की दीवारों पर पेंटिंग से सजावट करते चित्रकार।

**तैयारियों को लेकर संभाग कमिश्नर ने देखे इंतजाम**

**स्टेट हैंगर से लेकर मानव संग्रहालय का रूट देखा**

## रोटरियों की मरम्मत, दीवारों पर उकेरी पेंटिंग समिट में राउंड द क्लॉक ड्यूटी करेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 24 से शुरु होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर पिछले एक महीने से चल रहीं तैयारियां पूरी होने वाली हैं।

जिसको लेकर बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने राजा भोज एयरपोर्ट, स्टेट हैंगर सहित मानव संग्रहालय तक के रूट का जायजा लिया। इस दौरान कुछ चौराहों पर रोटरियों को सुंदर बनाने, उनकी मरम्मत कराने की बात कही। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि समिट को लेकर लेकर स्टेट हैंगर सहित मानव संग्रहालय में अफसरों की ड्यूटी राउंड द क्लॉक लगाई गई है। स्टेट हैंगर, राजा भोज एयरपोर्ट से मानव संग्रहालय तक के मार्गों पर हो रहे सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया। संभाग कमिश्नर ने मेहमानों के ठहरने के इंतजाम के बारे में भी जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि मेहमानों के लिए होटल्स सहित सौ टेंट सिटी बनाई गई हैं। इन जगहों पर साफ-सफाई और अन्य इंतजाम भी जुटाए गए हैं। पार्किंग और एंट्री को लेकर मेहमानों को कलर कोड में वाहनों के पास जारी किए जाएंगे। जिससे वाहनों को लगाने में दिक्कत न हो।

### 20 इलाकों से हटाया अतिक्रमण

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले भोपाल में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है। बुधवार को नगर निगम ने 20 बड़े इलाकों से अतिक्रमण हटाया। जिन होटलों में मेहमान रहेंगे, उसके आसपास अवैध कब्जे तोड़ गए। वार्ड-50 स्थित रेडिशन होटल के पास से कच्चे-पक्के निर्माण हटाए गए। सेवाय कॉम्प्लेक्स के पास 5 गुमठियों को तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अशोका गार्डन, अवधपुरी चौराहा, नारियल खेड़ा, बैरागढ़ चंचल चौराहा से सीहोर नाके तक, माता मंदिर, कोलार सलैया, होशंगाबाद रोड कृष्णापुरम, गांधी नगर बस स्टैंड, लिंक रोड नंबर 1, 2-3 पर की गई।



राजभवन रोड पर लोहे की जालियां पर सुंदर सजावट की गई है।

### ईएसबी: शिक्षक चयन परीक्षा के आवेदन की तिथि अब 20 तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने शिक्षकों की चयन परीक्षा के लिए किए जाने वाले आवेदनों की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी कर दी है। माध्यमिक शिक्षकों के विषयवार 7929 पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। वहीं प्राथमिक विद्यालयों में खेल व संगीत शिक्षक के पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 28 जनवरी से शुरू की गई थी। मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा के आवेदन की तारीख अब 20 फरवरी तक बढ़ा दी है। ईएसबी की ओर से प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा के लिए आवेदन करने की तारीख में 10 दिन की बढ़ोतरी से अब अभ्यर्थी 20 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 16 से बढ़ाकर 25 फरवरी की गई है। यह चयन परीक्षा 20 मार्च से शुरू होकर दो पारियों में आयोजित की जाएगी। पहली पारी की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक और दूसरी पारी में दोपहर तीन से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।

### समाजसेवी ने बनाया ट्रक चालक का वीडियो, एक साथ दो एफआईआर दर्ज

## भीख मांगने और देने वाले पर हुई पहली एफआईआर

1 बोर्ड आफिस चौराहे पर टीम को देखकर भागे भिखारी

2 टीम के सदस्यों से बहस, टीम ने दी फुटपाथ पर सामान बेचने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बोर्ड ऑफिस चौराहे पर भीख मांगने और देने के मामले में थाना एमपी नगर पुलिस ने पहली एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 223 के तहत केस दर्ज किया है। इसके साथ पहले भी तीन फरवरी को भिखारी के मामले में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक मोहन सोनी ने बुधवार दोपहर करीब तीन बजे बोर्ड ऑफिस चौराहे पर ट्रक नंबर एमपी 04 जीबी 3813 के ड्राइवर को एक अज्ञात व्यक्ति को भीख देते हुए वीडियो बनाया था। बाद में यह वीडियो पुलिस को दिया और आरोपी चालक व भीख लेने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।





### सामान बेचने वालों को पकड़ा तो भड़कीं महिलाएं, वापस लौटी टीम

राजधानी में भीख मांगने और देने वालों पर एफआईआर कराने के आदेश के बाद टीमें शहर में भिखारियों की तलाश कर रही है। बुधवार को एक टीम बोर्ड ऑफिस चौराहा पहुंची, जहां बच्चे, महिलाएं और पुरुष सामान बेचते नजर आए। पहले तो टीम को देखकर यह लोग भागे, लेकिन बाद में इन लोगों ने टीम के सदस्यों से बहस शुरु कर दी। इन लोगों का कहना था कि सामान बेचकर अपना गुजारा करते हैं, हम भिखारी नहीं हैं। जिसको लेकर उपायुक्त सामाजिक न्याय आरके सिंह ने इन लोगों को भिक्षुक गृह ले जाने की बात कही, तो यह लोग भड़क गए। आखिरकार टीम को वापस लौटना पड़ा।

### भिक्षुक गृह में पहुंचे 4 भिखारी, रोजाना हो रही निगरानी

अब तक कोलार स्थित भिक्षुक गृह में चार लोगो को ही रखा गया है। अन्य लोग वापस आने का बोलकर नहीं लौटे। हालांकि रोजाना टीम अलग-अलग जगहों पर जाकर भिखारियों की तलाश कर रही है। बुधवार को भी टीम बोर्ड ऑफिस चौराहा पहुंची थी। इसके पहले भी मंगलवार को टीम जब एक भिखारी को पकड़कर थाने ले गई, तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया, दरअसल टीम के सदस्य भी मांगते और देते हुए वीडियो नहीं बना पाए थे। उपायुक्त का कहना है कि टीमें रोजाना भिखारियों की निगरानी कर रही हैं। सामान बेचने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### गोल्ड को लेकर आरोपियों से पूछताछ जारी

## प्रॉपर्टी की तस्दीक कराने सौरभ और साथियों को साथ लेकर जाएगी ईडी

- आरोपियों से न मिलने देने के कारण परिजन ने कोर्ट में लगाया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी चेतन सहित शरद से ईडी गोल्ड चेन के बारे में पूछताछ कर रही है। ईडी पूछताछ के बाद चेन में शामिल होने वाले अन्य लोगों के खिलाफ भी एफआईआर करेगी। ईडी ने आरोपियों को 17 फरवरी तक रिमांड पर लिया है।

उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। इधर सौरभ के परिजन ने कोर्ट में आवेदन दिया है कि उन्हें सौरभ से मिलने दिया जाए। हालांकि बुधवार को कोर्ट की छुट्टी होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। आवेदन पर गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई हो सकती है।

इधर, मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सौरभ शर्मा को लेकर बड़ी बात कही है। सिंघार ने कहा कि सौरभ शर्मा छोटी मछली है। आगामी 15 फरवरी को बड़ा खुलासा करेंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने परिवहन घोटाले के आरोपी सौरभ शर्मा को छोटी मछली बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इसमें और कई बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस 15 फरवरी को भोपाल में मीडिया के सामने इस मुद्दे पर चर्चा करेगी।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 27 दिसंबर 2024 और 17 जनवरी 2025 को सौरभ शर्मा, उनके परिवार के सदस्यों सहित उनके सहयोगियों में शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौड़ सहित अन्य के आवासीय परिसरों में छापा मारा था। इस दौरान संपत्तियों, कंपनियों, फर्मों में किए गए निवेश और अन्य सस्पेक्टेड दस्तावेज बरामद किए गए। अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि सौरभ शर्मा और उनके परिवार, मित्रों, फर्मों के नाम पर लगभग 25 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों में निवेश किया गया है। वहीं 10 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां जब्त और फ्रीज की गई हैं। इन सबके बारे में जानकारी जुटाने का काम ईडी करेगी।

### डायरेक्टर ने बेटियों को सौंपी एफडी

## निर्भया में मोना और सरस्वती की मनाई एनिवर्सरी, पुरानी यादों से नम हुई आंखें



- आत्मनिर्भर बनीं आश्रय गृह की एक दर्जन महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन साल पहले डोली में बैठकर बिदा की गई मोना और सरस्वती तीन साल बाद निर्भया आश्रय गृह पहुंचीं, जहां समारोहपूर्वक उनकी शादी की एनिवर्सरी मनाई गई।

इस मौके पर निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष शेर अफजल खान ने दोनों बेटियों को एफडी सौंपी। दोनों युवतियां अपने पति और बच्चों के साथ यहां पहुंची थीं। इस दौरान आश्रम से आत्मनिर्भर होकर अपने पैरों पर खड़ी एक दर्जन महिलाओं का सम्मान भी किया गया। निर्भया फाउंडेशन द्वारा संचालित शक्ति सदन में मोना और सरस्वती नामक दो युवतियों के विवाह की तीसरी वर्षगांठ मनाई गई। दोनों अपने पति और बच्चों के साथ आश्रय गृह पहुंचीं और उन्हें उनकी सुरक्षा के लिए संस्था द्वारा कराई गई 25 हजार रुपए की एफडी सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान दोनों युवतियों ने पुरानी यादों को साझा किया, जिससे उनकी आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर शक्ति सदन में प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनीं 12 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने आश्रय गृह से मुक्त होकर अपना कारोबार शुरु किया है।

### बेसहारा महिलाओं को मिल रहा आसरा

शक्ति सदन के माध्यम से घरेलू हिंसा पीड़ित, अनाथ, बेसहारा, जेल से रिहा कैदी, एड्स पीड़ित और यौन हिंसा से प्रभावित महिलाओं को आश्रय, भोजन, चिकित्सा, परामर्श, विधिक सहायता और व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

## भोज वेटलैंड: अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण अंधाधुंध डंपिंग पर एनजीटी सख्त, नोटिस जारी

- शहर के चारों कोनों पर गैर कानूनी तरीके से होने वाली गतिविधियों से हो रहा वेटलैंड नियमों का उल्लंघन, पर्यावरण को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोनल बेंच में भोज वेटलैंड के आसपास सहित शहर के चारों कोनों पर चल रही गैर कानूनी गतिविधियों को लेकर सुनवाई हुई। इस मामले में पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने बेंच में याचिका दायर की थी।

जस्टिस श्योकुमार सिंह और एक्सपर्ट मेंबर डॉ. अफ़रोज़ अहमद की बेंच में हुई सुनवाई के बाद नोटिस जारी किया गया है। याचिका में बताया गया है कि शहर के चारों कोनों में भोज वेटलैंड के(एफटीएल) प्रभाव क्षेत्र के भीतर अनाधिकृत तरीके से स्थाई निर्माण, अंधाधुंध डंपिंग, अपशिष्ट का निपटान आदि किया जा रहा है। पानी के बहाव को बाधित करने के साथ इन संरक्षित क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां हो रही है। इनमें फ्लाईऐश ब्लॉक की स्थापना से लेकर कांक्रीट प्लांट का निर्माण सहित कई कार्य शामिल हैं। इससे जहां वेटलैंड नियमों का उल्लंघन हो रहा है, वहीं पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। इस मामले में बेंच ने रिस्पांडेंट को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में उत्तर प्रस्तुत करने का निर्देश दिए हैं। आवेदक को दस्तावेज और उनकी प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है।

### आदेश का पालन नहीं तो दायर कर सकेंगे अवमानना याचिका

हाई कोर्ट ने आयुक्त लोक शिक्षण को दिया आदेश

## अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण पर 30 दिन के अंदर निर्णय लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने आयुक्त लोक शिक्षण को आदेश दिया है कि अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण पर 30 दिन में निर्णय लें। ऐसा न किए जाने पर अतिथि शिक्षण अवमानना याचिका दायर करने स्वतंत्र होंगे। याचिकाकर्ता अतिथि शिक्षकों की ओर से दलील दी गई कि वे 10 वर्ष से अधिक अवधि से सेवाएं देते आ रहे हैं। इसलिए नियमितिकरण के हकदार हैं। समय-समय पर अभ्यावेदन दिए गए, जिनका कोई नतीजा नहीं निकला।

### यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

## ट्रेन चलने के सिर्फ दो घंटे पहले अनाउंसमेंट, खाली ही रवाना हो रही महाकुंभ स्पेशल, सामान्य ट्रेनों में ठूंस-ठूंसकर जा रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकुंभ मेले के लिए रेलवे विशेष ट्रेनें चला रहा है, लेकिन भोपाल रेल मंडल में इन ट्रेनों की कोई पूर्व सूचना न होने के कारण यात्री अनजान हैं। बिना किसी सूचना के कुछ महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है, इससे ट्रेन की सीटें खाली जा रही हैं, जबकि नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

सीटों की अनुपलब्धता के कारण यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 27 जनवरी को सुबह प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेन का नोटिफिकेशन 12.21 बजे जारी किया गया था और दोपहर 2.50 बजे यह



**ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है**

ट्रेन भोपाल से प्रयागराज के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से 01601 कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन रवाना की गई थी। 11 फरवरी को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से शाम 5.30 बजे प्लेटफार्म नंबर दो से 01667 कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (अनारक्षित) चलाई गई। दोनों ही ट्रेनों की सूचना ट्रेन रवाना होने के दो से तीन घंटे पहले दी गई।

### भीड़ के कारण यात्री हो रहे परेशान

*भोपाल रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। जनरल डिब्बों में तो पांव रखने की भी जगह नहीं मिल रही है, वहीं रिजर्वेशन कोच में भी वेटिंग लिस्ट काफी लंबी हो चुकी है, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में जब रेलवे ने अचानक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया, तो यात्री इस निर्णय से अंजान रहे और ट्रेन खाली जा रही।*

### ट्रेनों पर बढ़ रहा यात्रियों का दबाव

*रेलवे द्वारा इन ट्रेनों की सूचना पहले से उपलब्ध न कराने के कारण सामान्य ट्रेनों पर ही यात्रियों का दबाव बना हुआ है। भोपाल मंडल प्रवक्ता, नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे की ओर से विशेष स्नान पर भीड़ के देखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।*




जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्रों का प्रतिनिधिमंडल लोकसभा अध्यक्ष से मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल दुनिया को व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों और वैश्विक मामलों में नेतृत्व और समाधान भी प्रदान कर रहा है। संसद भवन परिसर में 16 देशों के 100 से अधिक सीईओ, व्यवसायी और संस्थापकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए बिरला ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दृष्टिकोण के साथ भारत राजनीतिक स्थिरता और अच्छे शासन के साथ वैश्विक नेतृत्व में मुख्य भूमिका निभा रहा है।

हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बातचीत में बिरला ने कहा कि भारत का संविधान और संसदीय लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शांति, विकास और प्रगति की नींव हैं। उन्होंने देश की दिशा और समृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मददगार, भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक मंच पर बढ़ते कद को समझने में गहरी रुचि दिखाई। बातचीत के दौरान, प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भारत की विकास नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बढ़ते प्रभाव के विषय में जानकारी लेने के लिए उत्सुक दिखे। श्री बिरला ने उनके सवालों का स्वागत किया और आर्थिक निवेश और संसदीय लोकतंत्र के कार्यान्वयन के विषय में विचारशील उत्तर दिए।

एक प्रश्न के उत्तर में, बिरला ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र सर्वोत्तम शासन प्रणाली है और यह विभिन्न समस्याओं के प्रभावी समाधान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सुशासन हेतु नागरिकों को शासन के लोकतांत्रिक रूप में हिस्सेदार बनाना सभी का सामूहिक प्रयास होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें कई देशों के अग्रणी व्यवसायी शामिल थे, ने लोक सभा अध्यक्ष को भारत के राजनीतिक और आर्थिक परिप्रेक्ष्य की गहरी समझ साझा करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक नेतृत्व में गहरी रुचि



## भारत के 4 एयरक्राफ्ट का प्रदर्शन

### एलसीए 50 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ने में सक्षम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

एयरो इंडिया के तीसरे दिन बुधवार को बेंगलुरु के येलाहेंका एयरबेस पर आधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से बनाया गया लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) को केंद्र में रखा गया, जो 50,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम है। वहीं, एचएएल का लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर भी आकर्षण का केंद्र बना।



## नहीं बुझी इलाहाबादिया की लगाई आग

### विवादों में घिरी अपूर्वा, पुलिस ने किए सवाल, बाकी को समन जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉमेडियन समय रैना का यूट्यूब शो इंडियाज कॉट लैटेंट अपने कंटेंट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। अबकी बार तो इस शो ने ऐसी हद पार की कि लोगों को गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। शो में यूट्यूबर और पोडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया ने जो कुछ बोला, उस पर पूरे इंडिया में हंगामा मचा हुआ है। पुलिस ने अपूर्वा मखीजा को बुलाया। अपूर्वा मुंबई के खार पुलिस स्टेशन पहुंची थी। इस दौरान उनका वकील भी उनके साथ रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इलाहाबादिया और अन्य द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए उन्हें 17 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। समय रैना, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी की अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है।



## संत रविदास की नड्डा ने की पूजा



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में समाज सुधारक संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर करोल बाग इलाके में श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की।

## जैकेट का शेष

### फ्री मिल रहा राशन...

गवई और जस्टिस आर जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि दुर्भाग्य से इन फ्रीबीज की वजह से लोग काम करने से कतराते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।

### 'टैक्सटाइल' के क्षेत्र...

बुधवार को नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे काम समय से हो जाएं।

### मप्र को नवाचार और ...

साथ एक मजबूत साझेदारी बनाकर मप्र को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत रहेंगे।

### 40 देशों के राजनयिक...

प्रमुख उद्योगपतियों से व-टू-वन मीटिंग की गई। इसमें जागृत कोटेचा (सीईओ, पेप्सिको भारत और दक्षिण एशिया), पुनित डालमिया (चेयरमैन, डालमिया भारत), माधवकृष्ण सिंघानिया (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट), विनीत मित्तल (चेयरमैन, अवाडा ग्रुप), जीन-मार्क लेक्लरक्यू (सीईओ, सॉफलेट माल्ट), रिकान्त पिट्टी (संस्थापक, ईज माय ट्रिप), विनय व्यास (सीईओ, फ्यूजन एक्स एनर्जी), अनिल चालमालासेटी (ग्रुप सीईओ और एमडी, ग्रीनको ग्रुप), विनीत आर्य (वाइस चेयरमैन, जेबीएम समूह), राहुल मित्तल (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईटीईएस) और सुश्री अनुसूया रे (वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स, ऐबी-इनवेव इंडिया) शामिल थे।

### मप्र रणनीतिक निवेश ...

प्रक्रिया और उद्योग-अनुकूल नीतियां निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। विभिन्न सेक्टर-फोकस्ड नीतियों के माध्यम से सरकार निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुसार सुधार कर रही है, जिससे मप्र एक वास्तविक निवेश-फ्रेंडली राज्य के रूप में उभर रहा है। अवाडा ग्रुप चेयरमैन विनीत मित्तल ने भी अपने अनुभव साझा किए।

### मुख्यमंत्री ने कहा-...

काम पर लग गए हैं। उन्हें उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है। वे इतने लाचार हो जाते हैं कि अपने बच्चों की फीस नहीं भर पाते। हम लोग महाराष्ट्र गए थे वहां की सरकार ने लोगों को अस्थाई पट्टे दिए। अगर किसी जगह से हटाना है तो कहीं स्थाई जगह दे दी जाती है।

### छग हाईकोर्ट बोला...

पति को बरी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि उसे तत्काल रिहा किया जाए। हालांकि, पति पर आरोप लगाने वाली पत्नी की 2017 में मौत हो चुकी है। दरअसल, जगदलपुर के बोधघाट थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने 11 दिसंबर 2017 को अपने पति के खिलाफ अननेचुरल सेक्स का केस दर्ज कराया था। जिससे वह बीमार पड़ गई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने महिला ने बयान दर्ज कराया था। इस दौरान महिला की हालत बिगड़ती गई और उसकी जान चली गई।

### ट्रायल कोर्ट ने गैरइरादतन...

खिलाफ आरोपी पति ने हाईकोर्ट में अपील की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ फैसला सुनाया है।

### नए अध्यक्ष मनु ...

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक की डिग्री प्राप्त की है।

### राम मंदिर के पुजारी ...

जिला प्रशासन को सौंप दी गई थी, तब पुराने पुजारी महंत लालदास को हटाने की चर्चा हुई। इसके बाद, 1 मार्च 1992 को विनय कटियार, अशोक सिंघल और विश्व हिंदू परिषद के अन्य नेताओं की सहमति से सत्येंद्र दास को मुख्य पुजारी नियुक्त किया गया। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े दिग्गजों व प्रमुख राजनेताओं ने कहा है कि आचार्य सत्येंद्र दास का निधन अयोध्या के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने दशकों तक राम मंदिर की सेवा की और उनकी अनुपस्थिति हमेशा महसूस की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों और शास्त्रों के ज्ञाता रहे महंत जी का पूरा जीवन श्रीराम की सेवा में समर्पित रहा। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास जी के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। धार्मिक अनुष्ठानों और शास्त्रों के ज्ञाता रहे महंत जी का पूरा जीवन भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित रहा। देश के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

## पेज एक का शेष

### भारत में यही 'बेहतर...

के मंत्र के साथ काम कर रहे हैं। आप सिर्फ संबंध ही नहीं बना रहे हैं, आप भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। पिछले दो सालों में यह हमारी छठी बैठक है। पिछले साल, राष्ट्रपति मैक्रों हमारे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि थे। बुधवार की सुबह, हमने एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। मैं इस सफल शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति मैक्रों को हार्दिक बधाई देता हूं।

### पीएम मोदी के ...

धमकी दी गई थी। आरोपी मानसिक तौर पर बीमार है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शरारत में फोन किया था और उसका कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। ये पहली बार नहीं है, जब पीएम मोदी को लेकर धमकी दी गई है। इससे पहले साल 2023 में हरियाणा के एक शख्स ने भी पीएम मोदी को गोली मारने की धमकी दी थी। केरल में भी एक व्यक्ति ने पीएम मोदी को धमकी दी थी। 2018 में भी महाराष्ट्र के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में पीएम मोदी को धमकी दी थी।

### सीएम योगी को धमकी ...

यूपी एसटीएफ की टीम उसके गांव में पहुंची और उसे पकड़ लिया। गुर्जर को अंदेशा था कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए आ सकती है। ऐसे में उसने परिवार समेत घर से फरार होने की योजना बना ली थी।

### 8 हजार निजी ...

तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जाएंगे। इन स्कूलों में राजधानी भोपाल के करीब 230 स्कूल शामिल हैं। निजी स्कूल संगठनों का कहना है कि वह नए नियमों के आधार पर मान्यता लेने के लिए तैयार नहीं है। इसके साथ ही निजी स्कूल संगठनों ने अभिभावकों, बच्चों, शिक्षकों के साथ अब आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें पिछले दिनों निजी संचालक विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

### जूनियर्स के कपड़े ...

जाता था। एक छात्र, जो अब और उत्पीड़न सहन नहीं कर पाया, उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रैगिंग का मामला सामने आने के बाद आरोपी छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया। उन्हें एंटी-रैगिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पांचों आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं।

### ग्वालियर में दो ...

पर कब्जा कर दस्तावेज खंगालने शुरू किए। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी आयकर चोरी सामने आई है। लेकिन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अफसरों की गहन जांच से मामला बड़ा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आयकर विभाग के अफसरों ने छापे की कार्रवाई से पहले ही फोर्स को अलर्ट कर दिया था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अफसर अंदर दस्तावेज खंगाल रहे हैं, जबकि बाहर पुलिस जवान पहरा देते रहे। मरीजों के अटेंडेंट को भी कड़ी पूछताछ के बाद ही अंदर जाने दिया जा रहा है।

### हवाओं में फिर ...

से उतार चढ़ाव का यह क्रम पूरे फरवरी महीने में चलेगा। इस बीच दिन और रात का औसत तापमान बढ़ेगा। दिन का पारा ज्यादा नहीं बदलेगा। बुधवार को सर्द हवाओं से भोपाल में दिन का पारा 2.4 डिग्री गिरकर 28.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। इसी क्रम प्रदेश के कई जिलों के दिन के साथ रात के पारे में भी गिरावट रही है। हालांकि, गुरुवार से अधिकतम पारे में ज्यादा बदलाव नहीं रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तापमान में दो डिग्री तक कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब हवाएं शाम से उत्तरी होने से सर्दी बढ़ रही है, जो दो से तीन दिन रहेगी। इस बीच न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी, इसके बाद दिन और रात का पारा फिर से इतना ही बढ़ जाएगा।

### भोपाल में पार ...

रहा है। बैतूल, धार, नर्मदापुरम, इंदौर, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, सागर, सिवनी, उमरिया और मलाजखंड में रात का पारा औसतन एक डिग्री तक गिरा है। शेष जिलों में यह औसतन एक डिग्री तक बढ़ा है।


हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.

R-07 to 21-02-2025

कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेकेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शनिस्ट, बिलिग एक्जीक्यूटिव, नर्सिंग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्कः- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246

R-13 to 16-02-2025

**नाम परिवर्तन**

मैं भोलादत्त पुत्र स्व. श्री अंबादत्त डुकलान वर्तमान में मैं भोलादत्त के नाम से जाना जाता हूं, जो की विज्ञप्ति दिनांक से सरनेम डुकलान जोड़ते हुए भोला दत्त डुकलान के नाम से जाना जावे। पता - मकान नंबर 88, श्री साईं विलास, सनखेड़ी, कोलार रोड, सेज स्कूल के पास, जनकपुरी सोसायटी हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462042

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

R-09 to 12/2/2025- not-14,26,27,03

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5777



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5776 का हल




## सूडोकु नवताल - 5787

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | | 8 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल - 5786 का हल



### जेईई मेन्स 2025 (सेशन 1)

# आकाश एजुकेशनल भोपाल के 35 छात्रों ने हासिल किया 95% और उससे अधिक अंक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन्स 2025 (सेशन 1) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। भोपाल के 35 छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा के पहले सत्र में 95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद हम्जा ने 99.88 पर्सेंटाइल, पीयूष भार्गव ने 98.99, आर्यन कुशवाहा ने 98.92, मानन गुप्ता ने 98.84 और सुमित परमार ने 98.83 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं।

ये परिणाम छात्रों की मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जो भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बीते दिन परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष की दो नियोजित जेईई परीक्षाओं की शुरुआत हुई इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक आईआईटी जेईई को क्रैक करना है।



**शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में मो. हम्जा ने 99.88 पर्सेंटाइल हासिल किया: गोयल**

*आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक और बिजनेस हेड, डॉ.एचआर राव तथा सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर भोपाल के प्रवीण गोयल ने कहाकि हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और संकल्प, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर, इन शानदार परिणामों का कारण बने हैं। उन्होंने कहाकि आकाश में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करती है। सभी सफल छात्रों को बधाई, और हम उनके आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जेईई (मेन्स) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है ताकि छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के लिए कई अवसर मिल सकें। जहां जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आवश्यक है, वहीं जेईई मेन्स राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज को मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई ) जैसी उच्चस्तरीय परीक्षाओं के साथ एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए व्यापक तैयारी कार्यक्रम प्रदान करने के लिए जाना जाता है।*

### अडाणी समूह 'मेक इन इंडिया' को समर्थन

# भारत का सबसे बड़ा 'कौशल और रोजगार' कार्यक्रम विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी के सामाजिक दर्शन 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है'' अडाणी समूह ने हरित ऊर्जा, विनिर्माण, हाई-टेक, प्रोजेक्ट उत्कृष्टता और औद्योगिक डिजाइन सहित उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कुशल प्रतिभा पाइपलाइन बनाने के लिए सिंगापुर की आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ साझेदारी की है।

उद्योग के लिए तैयार कार्यबल के इस प्रतिभा पूल का निर्माण करने के लिए, अडाणी परिवार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क उत्कृष्टता वाले स्कूलों की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का दान देगा। इनमें से प्रत्येक फिनिशिंग स्कूल, जिसे अडाणी ग्लोबल स्किल्स एकेडमी कहा जाता है, भारत में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पृष्ठभूमि से छात्रों का चयन करेगा जो उनके उद्योग और भूमिका आकांक्षा के



अनुरूप होंगे। अडाणी स्किल्स एंड एजुकेशन के सीईओ रॉबिन भौमिक ने कहा कि अडाणी ग्लोबल स्किल्स अकादमी दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी अकादमी होगी और छात्रों और संकाय के लिए पूरी तरह से आवासीय सुविधा के भीतर, मिश्रित वास्तविकता आधारित शिक्षा के साथ नवप्रवर्तन केंद्रों और एआई-आधारित सिमुलेटर के साथ एक व्यापक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी। आईटीईईएस सिंगापुर तकनीकी रूप से योग्य और उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा के लिए एक सतत फीडर बनाने की दिशा में एक ज्ञान भागीदार के रूप में काम करेगा। यह साझेदारी विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों का समर्थन करने के लिए सर्वोत्तम एप्लिकेशन-आधारित शिक्षा को शामिल करेगी, जिससे विकासशील भारत में योगदान मिलेगा।

# फ्री में होगा अब टोल क्रॉस! एक बार पेमेंट और हर बार हाइवे पर फ्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाइवे पर बने टोल प्लाजा पर लगने वाले लंबे जाम से राहत देने के लिए सरकार कुछ खास प्लानिंग कर ली है। जिसके तहत एक बार पास बनवाने के बाद आप लाइफटाइम बिना टोल फीस दिए टोल प्लाजा क्रॉस कर सकेंगे। आने वाले समय में देश के अंदर हाइवे से सफर करना काफी आसान और सुविधाजनक हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार एनुअल और लाइफटाइम टोल पास शुरू करने का प्लान कर रही है। ऐसा हो गया तो हाइवे पर सफर करने वाले लोग बिना किसी परेशानी और कम खर्च से सफर कर सकते है। योजना का मकसद टोल प्लाजा पर भीड़ कम करना है इसके साथ ही मौजूदा टोल पेमेंट सिस्टम का सस्ता ऑप्शन देना है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, वि./यॉ. लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र. 2. बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

सूचना प्रकाश क्रमांक. 14/व.ले.लि./2024-25 — भोपाल, दिनांकः 10/02/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टंडर क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_401711_1 | 33/SAC/2024-25 | प्रावाईडिंग, सप्लाय एण्ड फिक्सिंग इलेक्ट्रिकल मटेरियल एण्ड रिपेयर वर्क शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज बैतूल जिला बैतूल | प्रथम आमंत्रण | 424000.00 | 8480.00 | 2000.00 |
| | | | | योग | 424000.00 | | |


नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 10/02/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 28/02/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

(इंजी) सुनील डेहारिया
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(वि./यां.) संभाग क्र.02 भोपाल

जी - 22887/24 — स्वच्छता ही सेवा


**खबर संक्षेप**

### एनफैब्रिका कॉरपोरेशन ने आरएंडडी हब खोला



**हैदराबाद।** एक्सिलरेटेड कंप्यूट फैब्रिक (एसीएफ) चिप की आविष्कारक एनफैब्रिका कॉरपोरेशन ने भारत के हैदराबाद में मुख्यालय वाला अपना आरएंडडी परिचालन शुरू करने की घोषणा की। भारत में इसके नए कार्यालय एवं आरएंडडी सुविधा की स्थापना, एनफैब्रिका को एआई इन्नोवेशन के लिए एक टेक्नोलॉजिकल हब के केंद्र में स्थित करती है जिससे कंपनी अपनी विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग टीम बढ़ा सकेगी।

### मेडीसेवा ने शुरू किया डॉ.कंसोर्टियम मॉडल



**भोपाल।** मेडिसेवा ने प्रमुख डॉक्टर कंसोर्टियम मॉडल मेडिस्वास्थ्य लांच किया है। इसके तहत मेडिसेवा नर्मदा कंसोर्टियम मध्यप्रदेश में शुरू किया गया एक पहल है, जो ग्रामीण भारत में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण इलाकों में 60फीसदी से अधिक लोग बुनियादी चिकित्सा सेवाओं के लिए 100 किमी तक की दूरी तय करने को मजबूर हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मेडिसेवा का नवाचार आधारित 'फिजिटल' टेलीमेडिसिन मॉडल तैयार किया।

### पीएनसी इंफ्रा को बोलियों में वृद्धि की उम्मीद

**मुंबई ।** पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी और उसके एसपीवी अब 17 फरवरी 2025 से नई परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के पात्र हैं, जिससे उसे बुनियादी ढांचा क्षेत्र में नई परियोजनाओं को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की अनुमति मिलेगी।

### देव इंफॉर्मेशन की आय में 51 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 48.15 करोड़ रुपए, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 50.61 फीसदी, एबिटडा 3.44 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 28.56फीसदी , शुद्ध लाभ 1.82 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 6.19फीसदी रही।

### तनिष्क ने रखा क्विक कॉमर्स क्षेत्र में कदम

**मुंबई।** मिआ बाए तनिष्क ने क्विक कॉमर्स क्षेत्र में कदम रखा है। इस हफ्ते से मिआ का बेहद खूबसूरत, अनोखा और बेजोड़ चांदी के आभूषणों का कलेक्शन स्विगी इन्स्टामार्ट पर 35 से ज़्यादा शहरों में उपलब्ध होगा।

### कुल 10 स्टूडेंट्स ने 99.5% से ज्यादा स्कोर हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स ने सफलता का परचम लहराया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर कुल 10 स्टूडेंट्स ने 99.5 परसेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किए हैं।

- हर्ष कुमार 99 .91
- हर्षल 99 .95
- किंशुक ने 99 .90 पर्सेंटाइल हासिल किया

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन रायपुर से हर्षल गुप्ता ने 99.95, हर्ष कुमार ने 99.91 और किंशुक केडिया ने 99.90 पर्सेंटाइल हांसिल की, वहीं पृथ्वी देवांगन 99.76 तनिषा अग्रवाल 99.75, श्रीसंत कुमार मोहराना 99.72, अक्षत गोयल 99.72, अनिमेष कुमार दहरवार 99.64 , प्रद्युम्न गोंदुले 99.62 और रुद्रांश गोलहानि ने 99.59 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन रायपुर के 21 स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किया है।

# जेईई-मेन जनवरी-2025 (सेशन 1) में एलन रायपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया**







*एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। एनटीए आंसर-की और रिकॉर्डेड रिस्पांस के अनुसार ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 13 एलन से है। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नबनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कृष्णा चक्रबर्ती आसाम, ई कुमारन पुडूचेरी, हर्ष झा दिल्ली और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है। कुणाल सिंह ने बताया कि जेईई-मेन जनवरी के परिणामों में 7 डेसीमल पर्सेन्टाइल के रूप में जारी किए गए। एनटीए स्कोर पर विद्यार्थियों में अपने-अपने पर्सेन्टाइल स्कोर के आधार मिलने वाले एनआईटीज, ट्रिपलआईटी एवं जीएफटीआई को लेकर उत्सुकता स्पष्ट दिखाई दे रही है।*

### सौम्या ने गर्ल्स कैटेगरी में सिटी टॉप किया

## एलन भोपाल के शिवांश ने बॉयज सिटी टॉपर्स में अपना नाम दर्ज कराया

**भोपाल।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी-2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल के स्टूडेंट्स ने पुनः श्रेष्ठता साबित की है। एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि एलन भोपाल के क्लासरूम स्टूडेंट शिवांश गोयल 99.9497972 पर्सेंटाइल के साथ बॉयज़ सिटी टॉपर्स में से एक रहे। वहीं सौम्या तिवारी 99.8473968 पर्सेंटाइल के साथ गर्ल्स कैटेगरी में सिटी टॉपर रहीं। इजयान जुबेरी, कृष्ण साबू, प्रणव साबले, धैर्य गर्ग, अथर्व नाग, श्रियांस अक्षित, मानस कारपेंटर, शुभांकर सिन्हा, अक्षत सक्सेना, अंशुल सिंह, कुशाग्र सिंह, अभिराज गौड़, सृष्टि गर्ग, ईशान अतुल केचे, आदि ने 99 या अधिक पर्सेन्टाइल अर्जित किये हैं। 99 पर्सेन्टाइल से अधिक अर्जित करने वाले एलन भोपाल से सर्वाधिक विद्यार्थी हैं। परिणाम जारी होने के साथ ही एलन के आईएसबीटी भोपाल स्थित संस्कार कैम्पस में खुशियों के ढोल बज गए। स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स ने फैकल्टीज़ के साथ मिलकर रिज़ल्ट सेलीब्रेट किया और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है।

### कार्यकारी निदेशक महेश बजाज का शहर आगमन

# इंडियन बैंक डिजिटल सेवाओं और ग्राहक पहुंच में अग्रणी : बजाज



**भोपाल।** इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक महेश कुमार बजाज का बीते दिन शहर आगमन हुआ। दो दिवसीय दौरे पर भोपाल पहुंचे महेश कुमार ने कई शीर्ष स्तर के सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। इसके साथ ही मध्य प्रदेश में इंडियन बैंक द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में उन्होंने आम जनता के साथ-साथ कॉर्पोरेट ग्राहकों के लाभ के लिए विभिन्न डिजिटल पहलों के बारे में जानकारी दी। बैंक की सीएसआर गतिविधि के रूप में उनके द्वारा कैंपियन स्कूल भोपाल के परिसर में वाटर कूलर की सुविधा प्रदान की गई। इंडियन बैंक अब मध्य प्रदेश राज्य में 229 शाखाओं के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहाकि सार्वजनिक क्षेत्र का 7वां सबसे बड़ा बैंक, इंडियन बैंक, डिजिटल सेवाओं और ग्राहक पहुंच में अग्रणी है। उन्होंने बैंकिंग दक्षता और बैंकिंग में ग्राहक अनुभव को बढ़ाने में डिजिटल नवाचार की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला। बजाज ने कहाकि इंडियन बैंक की डिजिटल यात्रा इंडस्मार्ट मोबाइल बैंकिंग ऐप के साथ जारी है, जो 220 से अधिक सुविधाओं के साथ इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाला एक सर्वव्यापी प्लेटफॉर्म है।

### होंडा ने किया एफपीओ के साथ सहकारिता समझौता

**नई दिल्ली।** होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक सहकारिता समझौता (एमओसी) किया है। इसके तहत 'प्रोजेक्ट अन्नदाता- सशक्त किसान, समृद्ध राष्ट्र' की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य राज्य में फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को सहयोग देना और सशक्त बनाना है। एमओसी पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में हुआ।

### नायसस ने की 21 फीसदी आईआरआर पर निकासी

**मुंबई।** नायसस फाइनेंस सर्विसेज को लिमिटेड ने मुंबई के एक सेल्फ-रीडेवलपमेंट हाउसिंग प्रोजेक्ट में अपने निवेश से सफलतापूर्वक बाहर निकलते हुए लगभग 21 फीसदी का प्रभावशाली आंतरिक प्रतिफल दर हासिल किया है। नायसस फाइनेंस सामरिक रूप से 22 करोड़ रुपए का निवेश मुंबई के पेस्टोम सागर, घाटकोपर स्थित एक सेल्फ-रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में किया था।


**पश्चिम मध्य रेल**

दिनांकः 11/02/2025

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:- **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि-07-2025 **कार्य का नामः** संत हिरदाराम नगर एवं भोपाल में 3 वर्ष के लिए विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों की तैनाती कर विद्युत असेट्स का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 माह। **अनुमानित लागतः** रू. 9276653.85/- अग्रिम राशिः रू. 185500/- **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 04/03/2025, 11:00 संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निविदा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ़ लें। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज आई आई पी एस वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ संलग्न विशेष शर्त में दिया गया है।

**कृते वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)**
**मं.रे.प्र. कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल**
**रानी कमलापति स्टेशन के समीप**

233/2025

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**ई- नीलामी विक्रय सूचना**

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा** बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्रीय तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, (आरओएसएआरबी) ग्वालियर सिटी सेन्टर प्रथम तल, बीएसएनएल बिल्डिंग, ग्वालियर मोबाइल : 7880153116** | | | | |
| ऋणी- **मेसर्स हीरा ट्रेडर्स** (प्रोपराइटर- श्री पन्नालाल जैन) श्री पन्नालाल जैन पुत्र श्री गणेश राम जैन जमानतदार- (1) श्रीमती नैना जैन पत्नि श्री नरेन्द्र जैन (2) श्री प्रदीप गुप्ता पुत्र श्री सीताराम गुप्ता | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित प्लॉट नंबर 322, वार्ड नंबर 28 (पुराना), नया वार्ड नंबर 04, फेस-1, अरिहंत विहार कॉलोनी, विदिशा, तहसील और जिला विदिशा, (म.प्र.) प्लॉट एरिया- 600 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्रीमती नैना जैन पत्नि श्री नरेंद्र जैन, चतुर्सीमाएँ - पूर्वः मकान नंबर 321, पश्चिम- मकान नं. 323, उत्तर- प्लाट नं. 315, दक्षिण- 20 फिट चौड़ी रोड | ₹ 22,30,000/- / ₹ 2,23,000/- / ₹ 10,000/- | 28.02.2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | 03.10.2016 / 18.01.2017 / ₹ 61,37,431.72 +ब्याज एवं अन्य खर्च |

विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https:// www.bankofbaroda.in / e-auction.htm एवं http://BAANKNET.com देखें। इच्छुक निविदाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्त तालिका में वर्णित दूरभाष क्रमांक पर सम्पर्क कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें - किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक की वेबसाइट http://BAANKNET.com पर दर्ज विवरण ही मान्य होगा।

तारीख : 13.02.2025, स्थानः ग्वालियर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन

दूरभाष क्रमांक कार्यो. 07482-223251 — ई-मेल : eeresraisen@mp.gov.in

// विज्ञप्ति //

क्रमांक 224 /व.ले.लि. /2025 — रायसेन, दिनांक 06/02/2025

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2024-25/रायसेन

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईटः https://www.mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रूपये में) | अवधि वर्षकाल सहित (दिवस) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_401573 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री स्कूल शासकीय कन्या हाई सेकेण्ड़ी स्कूल नगर सिलवानी, विकासखण्ड सिलवानी, जिला रायसेन (Dise Code-23340623737) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 2 | 2025_RES_401574 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल देहगांव, विकासखण्ड गैरतगंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340304118) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 3 | 2025_RES_401575 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण काय पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल महुआखेडा कलां, विकासखण्ड बेगमगंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340213903) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 4 | 2025_RES_401576 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री स्कूल शासकीय हाई स्कूल बरखेडा सेतु, विकासखण्ड औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340402805) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 5 | 2025_RES_401577 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री स्कूल - शासकीय मिडिल स्कूल बरेली, विकासखण्ड बाडी, जिला रायसेन (Dise Code-23340103043) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 6 | 2025_RES_401578 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य अटल टिंकरिंग लेब हेतु पीएमश्री स्कूल-शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल देहगांव, विकासखण्ड गैरतगंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340304118) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 7 | 2025_RES_401579 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण काय अटल टिंकरिंग लैब हेतु पीएमश्री स्कूल-शासकीय कन्या हाई सेकेण्ड्री स्कूल नगर सिलवानी, विकासखण्ड सिलवानी, जिला रायसेन (Dise Code 23340623737) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 8 | 2025_RES_401580 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य अटल टिंकरिंग लैब हेतु पीएमश्री स्कूल -शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल महआखेडा कला, विकासखण्ड बेगमगंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340213903) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 9 | 2025_RES_401581 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य अटल टिंकरिंग लैब हेतु पीएमश्री स्कूल-शासकीय हाई स्कूल बरखेडा सेतु, विकासखण्ड औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340402805) | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 10 | 2025_RES_401582 | खेल मैदान का निर्माण कार्य हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, खो-खो मैदान, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय मिडिल स्कूल बरेली,विकासखण्ड बाडी, जिला रायसेन (Dise Code-23340103043) | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 11 | 2025_RES_401583 | खेल मैदान का निर्माण कार्य हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, खो-खो मैदान, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल-शासकीय हायर सेकेण्ड्री महुआखेडा कला, विकासखण्ड बेगमगंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340213903) | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 12 | 2025_RES_401584 | खेल मैदान का निर्माण कार्य हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नगर बेगमगंज, विकासखण्ड बेगमगंज, जिला रायसेन | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 13 | 2025_RES_401585 | खेल मैदान का निर्माण कार्य हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल देहगांव, विकासखण्ड गैरतगंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340304118) | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 14 | 2025_RES_401586 | खेल मैदान का निर्माण कार्य हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, खो-खो, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय हाई स्कूल बरखेडा सेतु, विकासखण्ड औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन (Dise Code-23340402805) | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 15 | 2025_RES_401587 | खेल मैदान का निमाण कार्य हैंडबॉल कोट, तीरन्दाजी, खो-खो, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्डी स्कूल दीवानगंज, विकासखण्ड सांची, जिला रायसेन | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 16 | 2025_RES_401588 | खेल मैदान का निमाण कार्य वालीवाल मैदान, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बम्होरी, विकासखण्ड सिलवानी, जिला रायसेन | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 17 | 2025_RES_401589 | कम्प्यूटर रूम हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री स्कूल -शासकीय हायर सेकेण्डी स्कूल पडरिया राजाधार, विकासखण्ड बेगमगंज, जिला रायसेन | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |
| 18 | 2025_RES_401590 | वाकेशनल क्लासेस संचालन हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पीएमश्री स्कूल शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल उदयपुरा, विकासखण्ड उदयपुरा, जिला रायसेन | 13.42 | 0.27 | 2000/- | 180 | प्रथम |

उपरोका निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं प्रस्तुत करने की दिनांक 17/02/2025 समय 10:30 बजे से दिनांक 03/03/2025 समय 05:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन सूचनाएँ केवल बेबसाईट पर दी जावेगी, पृथक से कोई सूचना समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायसेन

G-22894/24 — " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# चुनाव में मुफ्त रेवड़ी पर तुरंत रोक लगाना जरूरी

गरीब की थाली में पुलाव आ गया, लगता है शहर में चुनाव आ गया। किसी कवि की ये पंक्तियां भारतीय राजनीति पर सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वादों की बरसात करते हैं, उससे एक नया शब्द 'रेवड़ी कल्चर' चर्चा में है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसे गलत ठहरा चुके हैं, लेकिन हमारे सियासतदान हैं कि इससे किनारा करने की बजाए बढ़ावा देने में लगे हैं। कोई भी चुनाव आता है तो राजनीतिक पार्टियां वोट बटोरने के लिए रेवड़ी कल्चर को अपना लेती हैं। चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की झड़ी दिखाई देती है। यह सीधे-सीधे मतदाताओं को प्रलोभन देना है क्योंकि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं से मतदाता प्रभावित होता है। चुनावी वादों की शुरुआत बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलुगू सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्नाडीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए होड़ मची रहती थी। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने मुफ्त कलर टेलीविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी। इसके बाद नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली, निःशुल्क पानी और महिलाओं के लिए बसों में फ्री यात्रा जैसी अनेक घोषणाएं करके खूब वाहवाही लूटी। इसका पार्टी को आशातीत लाभ भी मिला। नई दिल्ली में प्रचंड बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बन गई। इसके बाद पंजाब में भी फ्री रेवड़ी कल्चर को अपनाया और वहां भी आम आदमी पार्टी दो तिहाई बहुमत से अपनी सरकार बनाने में सफल हो गई। बस फिर क्या था, लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों ने यह फार्मूला अपनाना शुरू कर दिया। मुफ्तखोरी को बढ़ाने वाली ऐसी लोक लुभावन घोषणा करके कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बना ली। अब स्थिति यह है कि ऐसी घोषणाओं के कारण पंजाब, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश कर्ज तले दब गए हैं। सरकार का अधिकांश पैसा ऐसी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में खर्च हो रहा है। नतीजतन विकास काम ठप हो गया है। सबसे बुरी हालत तो हिमाचल प्रदेश की है। वहां सरकार के पास सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को भुगतान के लिए तक पैसे नहीं हैं। खजाना खाली हो गया है। कोई बड़ी बात नहीं कि बहुत जल्द वे दिवालिएपन की कगार पर पहुंच जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं को गलत ठहराया। कोर्ट ने कहा कि लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की बेंच शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अब 6 हफ्ते बाद दोबारा इस याचिका पर सुनवाई होगी। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने फ्री रेवड़ी कल्चर पर कड़ी टिप्पणी की थी और इससे बचने की सीख दी थी। किन्तु अभी तक फ्री रेवड़ी कल्चर पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। चुनाव आयोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। इस पर तुरंत रोक लगाए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग को इस पर कड़ा एक्शन लेना होगा और केंद्र सरकार को भी चाहिए कि मुफ्त रेवड़ी पर संसद में बिल लेकर आए ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।

# 'आप' के अध्याय के अंत की ध्वनियां



विश्लेषण
अवधेश कुमार

**पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45 .8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42 .8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43 .57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7 .5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम हर दृष्टि से असाधारण है। पूर्व मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा एकमात्र चेहरा अरविंद केजरीवाल, उनके दूसरे साथी पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का चुनाव में पराजित होना एक दशक की राजनीति की सबसे बड़ी परिघटना है। कांटे के संघर्ष में भी केजरीवाल का भाजपा के प्रवेश वर्मा से 4389 मतों से हारना छोटी पराजय नहीं मानी जा सकती। हां, मनीष सिसोदिया का 675 मतों से हारना अवश्य छोटी है। इसी तरह मंत्री सौरभ भारद्वाज 3 हजार 188 और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन 20 हजार 998 मतों से हारे। मुख्यमंत्री आतीशी भी हारते-हारते बचीं। आखिरी दौर में मिली बढ़त से रमेश विधुड़ी से 3 हजार 521 मतों से आगे निकल पाईं। पिछले दो विधानसभा चुनावों से एकतरफा जीत हासिल करने वाली आप के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान कितना गहरा था, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अपने क्षेत्र के 123 मतदान केन्द्रों में से 115 पर पराजित रहे। भाजपा को 45.8 प्रतिशत मत मिले जो अब तक विधानसभा चुनावों में उसका सर्वाधिक है। 1993 विधानसभा चुनाव में उसे 42.8 प्रतिशत मत और 49 सीटें मिलीं थीं। आप को 43.57 प्रतिशत मत मिले। कह सकते हैं कि केवल दो प्रतिशत से थोड़ा अधिक के अंतर से जीत और हार को बड़ी घटना नहीं मानी जा सकती। पिछले चुनाव से भाजपा के मतों में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और आपके मतों में लगभग प्रतिशत की कमी आई है। यह प्रतिशत की गिरावट असाधारण है। इसे केवल दो पार्टियों के बीच की सामान्य चुनावी लड़ाई में मिली हार और जीत के रूप में नहीं देखा जा सकता। अगर यहां कांग्रेस और भाजपा होती तथा कांग्रेस से भाजपा जीतती, तब भी विजय बड़ी मानी जाती, वह असाधारण नहीं होता।

वास्तव में प्रत्येक चुनाव के अनुरूप इसके भी जीत हार का विश्लेषण हो रहा है और वह गलत नहीं है। सतह पर दिखते अनेक कारक इस चुनाव परिणाम में लागू होते हैं। अगर हम आप के उदय, उसकी पृष्ठभूमि, आचरण और सोच के अनुसार मूल्यांकन करें, तभी इस परिणाम के निहितार्थ समझ में आएंगे। अरविंद केजरीवाल 2011 में देश में एक नायक के रूप में उभरे। पहले अन्ना हजारे को सामने रखकर उन्होंने देश की चिंता में सक्रिय भारी संख्या में लोगों के अंदर समाज में व्यापक बदलाव का सपना दिखाया। व्यवस्था परिवर्तन, जिसमें राजनीति से बाहर रखकर काम करने वालों की बड़ी फौज खड़ी हुई, एक क्रांति का आह्वान था। हालांकि उन सपनों और क्रांति का अंत तभी हो गया जब राजनीति में न जाने और राजनीतिक दल न बनाने की शपथ लेने वाले केजरीवाल ने 2 अक्टूबर , 2012 को आम आदमी पार्टी बना ली। तब भी देश में राजनीति के माध्यम से सत्ता और समाज में बदलाव की कल्पना करने वालों के लिए वो उम्मीद की किरण बने रहे। तब नई राजनीति, सत्ता की नई प्रकृति तथा जनप्रतिनिधियों के व्यवहार के नए मापदंड बनाने के संकल्प व्यक्त किए गए।

इनमें भ्रष्टाचारविहीन, फिजूलखर्ची, वीआईपीवाद, भारी सुरक्षा व्यवस्था में चलने वाले नेताओं के दौर से पूरी तरह मुक्त सच्चे स्वराज और सच्चे लोकतंत्र स्थापना का उद्घोष किया गया था। घोषणा की गई कि न सरकारी आवास लेंगे , न बड़ी गाड़ियों में चलेंगे, न सुरक्षा लेंगे



और न हमारे कारण ट्रैफिक जाम होगा। यह पूरी तरह जनता के द्वारा जनता के बीच और जनता के साथ चलने वाली राजनीति और सरकार होगी। राजनीति से भ्रष्टाचार और अपराध का अंत होगा तथा किसी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो वह मुकदमे की प्रतीक्षा किए बगैर सत्ता से बाहर हो जाएगा। दिल्ली की सत्ता में आने के साथ इन विचारों के विपरीत केजरीवाल से लेकर उनके साथियों ने सारी विद्रूपताएं अपनाईं जिनको लेकर राजनीति से वितृष्णा पैदा हो रही थी। वीआईपीवाद, सरकारी तामझाम, आवास, सुरक्षा घेरे आदि में किसी प्रकार की कमी हो तो उसे ही राजनीति का मुद्दा बनाने के बदले हुए रंग ने उस सपने को भी ध्वस्त कर दिया। बावजूद जनता उन्हें 2020 में सत्ता तक लाई क्योंकि लोगों को उनसे कुछ उम्मीदें थी। राजनीति में चुनाव जीतने का उन्होंने सबके समानांतर जनता को फ्री 20 का लालची बना देने का सूत्र निकाला और इसका प्रभाव हुआ। उन्हें पंजाब की सत्ता भी सौंपी। 2022 आते-आते भ्रष्टाचार के ऐसे आरोप सामने आने लगे जिनमें कानूनी दांवपेंच से परे आम लोगों और पार्टी में भी बड़े वर्ग को दिखने लगा कि भ्रष्टाचार हुआ है। आबकारी नीति ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाकर शुचिता, नैतिकता की शपथ लेकर राजनीति और सत्ता में आने वाले भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गए। मुख्यमंत्री आवास, जिसे शीशमहल कहा गया, पर 45 करोड़ रुपये खर्चे और इन सबको सही ठहराने के रवैये ने सारे सपनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अगला चरण पार्टी के रूप में दिल्ली से चुनावी पराजय थी। तो क्या यहां से राजनीतिक दल के रूप में इतिहास के अध्याय के अंत की शुरुआत हो जाएगी? एक चुनाव में जीत-हार से सामान्यत किसी पार्टी के अंत की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। किंतु आप और केजरीवाल का विषय जैसा ऊपर बताया बिल्कुल सामान्य पार्टियों से अलग है। नये सपनों के विपरीत आचरण में सीमाओं को पार कर गए तो एक सामान्य राजनीतिक दल की तरह शासन की जिम्मेवारियों को ठीक से पूरा करते। दिल्ली की सड़कों की हालत खराब हो गई, जगह-जगह गड्ढे बन गए। गाड़ियों की गति धीमी होने से ट्रैफिक जाम और वाहनों के मेंटेनेंस खर्च बढ़। सड़क टूटने से जगह-जगह जलभराव ने बुरी स्थिति पैदा की। बची-खुची यमुना गंदे नाले में बदल गई। भयावह प्रदूषण के कारण पूरे विश्व में भारत को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रचार बहुत हुआ लेकिन जमीन पर वैसा कुछ नहीं दिखा। 700 लीटर पानी और 200 यूनिट बिजली शुल्क माफ करने तथा महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा का असर हुआ। लेकिन जल इतना घटिया कि सामान्य आदमी को भी खरीद कर पीना पड़ता है। केजरीवाल ने मान लिया कि सच को झूठ और झूठ को सच बताने तथा रंग बदलने से दिल्ली के लोग अप्रभावित हो जाते हैं। बस काम न होने के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराओ, समाज के बहुत बड़े वर्ग को मुफ्तखोरी की आदत लगाए रखो और चुनाव जीतते रहो। उनको उम्मीद नहीं थी कि हरियाणा पर यमुना के जाल में जहर मिलाने का आरोप उल्टा पड़ जाएगा। इस कारण यमुना भी बड़ा मुद्दा बना। दूसरी ओर भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली चुनाव की तैयारी की, हर स्तर पर मोर्चाबंदी, केजरीवाल को सीधा निशाना बनाया तथा मुफ्तखोरी की सारी घोषणाएं कर दी और परिणाम सामने है। सत्ता नहीं रहने और प्रमुख नेताओं के विधानसभा में नहीं होने के बाद की तस्वीरों का आकलन करिए। क्या स्वयं की भूमिका से विश्वसनीयता और साख को निम्न बिंदु पर लाने के बाद केजरीवाल और उनके साथी किसी तरह के आंदोलन की कोशिश करेंगे तो लोग साथ आएंगे? यह ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर आप का भविष्य बता देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष

विकास खितौलिया



# सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं संत रविदास

भारत भूमि अवतारों, ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं की धरा है। इस पावन भूमि पर बड़े-बड़े साधु-संत पैदा हुए हैं। उन्होंने अपने योग, तप, ज्ञान के बल पर लोगों को सच्चाई के रास्ते पर जीने की राह दिखाई। माना कि आजकल धर्म, अधर्म की राह पर चल पड़ा है। माना कि अब नकली संतों की भरमार है फिर भी यही की भूमि ही धर्म और संतों की है। इन्ही संत-महात्माओं ने सामाजिक समरसता एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का अहम संदेश भी दिया इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक ने जयतु भारतवर्ष, जयतु सनातन संस्कृति के भाव को अपने भीतर समेटे रखा है। इस भाव को ही तो सामाजिक समरसता कहा जाता है। जहां भारत देश में विदेशी आक्रांताओं द्वारा अनेक आक्रमण हुए, अनेक बार यहां की संस्कृति पर प्रहार हुआ और जिस कारण सभी समाजों में अनेक कुरीतियों ने जन्म लिया। इन्हीं कुरीतियों को अपनी वाणियों एवं संदेशों द्वारा समाप्त करने के लिए अनेक ऋषि-मुनियों व संत महात्माओं ने भारत भूमि पर जन्म लिया। इसी क्रम में संत रविदास हैं जिन्होंने सामाजिक समरसता के विचार का उद्घोष किया। वह एक उच्च कोटि के साधक और विनीत भगवत भक्त भी थे। रविदास को पंजाब में रविदास कहा गया तो उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में उन्हें रैदास के नाम से जाना गया। गुजरात और महाराष्ट्र के लोग 'रोहिदास' और बंगाल के लोग उन्हें 'उड़दास' कहते हैं। कई पुरानी पांडुलिपियों में उन्हें रायादास, रेदास, रेमदास और तैदास के नाम से भी जाना गया है। कहते हैं कि रविदास ने रविवार के दिन जन्म लिया था, जिस कारण इनका नाम रविदास रखा गया। संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ईस्वी वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम कमां देवी (कलसा) तथा पिता का नाम संतोख दास (रम्बु) था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। संत रविदास बचपन से ही भक्ति में लीन रहते थे। उनकी प्रतिभा को जानकर स्वामी रामानंदाचार्य ने उन्हें अपना शिष्य बनाया। स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के महान संत थे। संत रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। इतना ही नहीं, वे एक ऐसे समाज की कल्पना भी करते थे, जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो। उन्होंने सीधे-सीधे लिखा कि 'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच' यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। संत रविदास ने अपनी कविताओं के लिए जनसाधारण की ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। साथ ही इसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और रेख्ता यानी उर्दू-फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। रविदास के लगभग चालीस पद सिख धर्म के पवित्र धर्मग्रंथ गुरुग्रंथ साहब में भी सम्मिलित किए गए हैं। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हरेक जाति के लोग शामिल थे। चित्तौड़गढ़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। उन्होंने वाराणसी में 1540 ईस्वी में अपना देह छोड़ दिया। वाराणसी में संत रविदास का भव्य प्रसिद्ध सिद्ध स्थान है, जो सिद्ध पीठ गुरुद्वारा, मंदिर और मठ है। जहां सभी जाति के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वाराणसी में श्री गुरु रविदास पार्क है जो नगवा में उनके यादगार के रूप में बनाया गया है उसमे उनके नाम पर गुरु रविदास स्मारक और पार्क बना है। रविदास को लेकर तमाम शोध पूर्व में भी हुए हैं लेकिन सरल भाषा में कहा जाए तो रविदास जी 'समता के प्रतीक' थे। ये भारत के लिए गर्व की बात है कि दुनिया के लगभग 150 देशों में रविदास की जयंती को मनाया जाता है। आखिर रविदास की वाणी में ऐसा क्या था, जिसे पूरा विश्व मानता है, रविदास की वाणी के कई पक्ष हैं जिन पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। उनको जाति व्यवस्था के आलोचक के रूप में ही लोग जानते हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व अपने में बहुत विशाल है और उसके बहुत से पक्ष भी हैं। रविदास का जन्म समाज में निचली मानी जाने वाली चमार जाति में हुआ। उनका एक प्रसिद्ध दोहा था 'मन चंगा तो कटौती में गंगा'। अर्थात मन शुद्ध होना चाहिए, कमंडल में जल भी गंगा समान है। बहरहाल रविदास ने समाज जीवन को समग्रता के साथ देखा। इस आधार पर देखा जाए तो रविदासजी दुनिया के पहले समाजवादी भी थे।

(लेखक पत्रकार और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## सटाका




## आज की पाती


### स्वामी दयानंद सरस्वती जी की शिक्षाएं

आर्य समाज के संस्थापक, समाज को अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को भारत की भूमि गुजरात के टंकारा में हुआ था। उनका बचपन का नाम मूलशंकर अंबाशंकर तिवारी था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा संस्कृत में हुई थी। उन्होंने बचपन में संस्कृत और वेदों का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष 1876 में हम भारतीयों के लिए भारत में स्वराज की मांग सबसे पहले की थी। इसके बाद लोकमान्य तिलक ने इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया था। उन्होंने जीवन की सच्चाई जानने के लिए सांसारिक सुखों को भी त्याग दिया था। हिंदू धर्म के लिए बहुत काम किए थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए भी बहुत से प्रयत्न किए। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। *- उपेन्द्र तिवारी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### क्या मस्क अमेरिकी सरकार पर नियंत्रण हासिल कर रहे

अमेरिका के कई लोग इस बात से भयभीत हैं कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को हाल के हफ्तों में अमेरिकी सरकार के विभिन्न कार्यालयों में 'हस्तक्षेप' की अनुमति दी गई है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन तथा भरोसेमंद लोगों की एक छोटी सी टीम के सहयोग से मस्क ने अमेरिका की विशाल संघीय नौकरशाही पर सफलतापूर्वक 'नियंत्रण' हासिल कर लिया है। मंगलवार को ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे मस्क को और भी अधिक शक्ति मिल गई। इसके तहत संघीय एजेंसियों को अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने और नई नियुक्तियों को प्रतिबंधित करने में मस्क की अगुवाई वाले 'सरकारी दक्षता विभाग' (जिसे डीओजीई के नाम से जाना जाता है) के साथ सहयोग करना होगा। ट्रंप प्रशासन में एक 'विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में शामिल होने के बाद मीडिया को दी गई अपनी पहली टिप्पणी में, मस्क ने इस आलोचना का भी जवाब दिया कि वह अमेरिकी सरकार पर 'जबरन नियंत्रण' हासिल कर रहे हैं। लोगों ने प्रमुख सरकारी सुधार के लिए मतदान किया था और यही परिणाम उन्हें मिलने वाला है।

## ऑफ बीट

### पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग की सीमा पार कर रही

दो प्रमुख वैश्विक अध्ययनों में कहा गया है कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संबंध में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर रही है और ग्रह की



जलवायु संभवत: भयावह स्तर पर एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। जलवायु परिवर्तन पर ऐतिहासिक 2015 पेरिस समझौते के तहत मानवता ने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और ग्रह के तापमान को पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक न जाने देने की मांग उठाई है। 2024 में, पृथ्वी पर तापमान उस सीमा को पार कर गया। अभी जारी किए गए दो शोधपत्र एक अलग माप का उपयोग करते हैं। दोनों ने यह निर्धारित करने के लिए ऐतिहासिक जलवायु डेटा की पड़ताल की कि क्या हाल के दिनों में बहुत गर्म वर्ष इस बात का संकेत थे कि भविष्य में, आंकड़े दीर्घकालिक तापमान सीमा से परे चले जाएंगे। उत्तर, चिंताजनक रूप से, हाँ था। शोधकर्ताओं का कहना है कि रिकॉर्ड-गर्म 2024 इंगित करता है कि पृथ्वी 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर रही है, जिसके परे वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने वाली प्राकृतिक प्रणालियों को विनाशकारी नुकसान की भविष्यवाणी की है।

## ट्रेंड

### शोक की घड़ी



राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं



सिख धर्म के सातवें गुरु हर राय साहिब के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु हर राय जी का जीवन सेवा, साहस और संयम का पर्याय है। सत्य, अहिंसा और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रतिमूर्ति गुरु हर राय के आदर्श समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणादायक हैं।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सरकार संज्ञान ले



कुशीनगर जिला प्रशासन द्वारा हाटा नगर क्षेत्र में मदनी मस्जिद के कथित अवैध निर्माण को तोड़े जाने की खबर है। उसको लेकर लोगों में आक्रोश स्वाभाविक है। यूपी सरकार अविलम्ब संज्ञान लेकर प्रशासन की ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाए।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### बदलाव का स्वागत



भारत एआई क्रांति को आगे बढ़ाने और बढ़ावा देने के चौराहे पर खड़ा है। यह क्रांति अभूतपूर्व गति से परिवर्तन लाएगी, जो अधिकांश लोगों को अराजकता जैसा महसूस होगा। हम बदलाव का स्वागत करते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# मोबाइल की किस्त चुकाने के लिए की थी गुमठियों में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

पूर्व में कर चुके हैं दो दुकानों में वारदात तीन वारदात का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने दुकानों और गुमठियों में चोरी करने वाले दो नकबजनों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल पचास हजार रुपए का माल जब्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने किस्त पर दो मोबाइल खरीदे थे।

मोबाइल की किस्त के पैसे नहीं होने के कारण उन्होंने गुमठी से चोरी की थी। पुलिस के अनुसार 9 फरवरी को सेकंड स्टाप तुलसी नगर में क्रमशः ग्वालियर पान की गुमठी और हेमंत सांची पार्लर गुमठी से सिगरेट व नगदी चोरी की शिकायत नेहरू नगर निवासी देवेन्द्र राजपूत ने की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। घटनास्थल और इलाके के करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। फुटेज में दो संदिग्ध नजर आए। संदिग्धों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर ने बताया कि उक्त हुलिए के दो व्यक्ति इलाके में घूम रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करने की बात से इंकार किया, लेकिन थाने लाकर पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार ली। आरोपियों ने अपने नाम मनस्वी गव्हाडे उर्फ अक्की उर्फ चॉकलेट पिता दिनेश गव्हाडे (20) झुग्गी नंबर-3, अंजली कांप्लेक्स, तुलसी नगर और आनंद मीणा उर्फ गोलू उर्फ धतूरा पिता रामबाबू मीणा (21) गुर्जर भवन के सामने तुलसी नगर बताया।



### 39 और 23 हजार के मोबाइल कराए थे फाइनेंस

आरोपियों ने बताया कि 9 फरवरी को उन्होंने सेकंड स्टाप पर गुमठी से चोरी की थी और करीब एक वर्ष पहले जवाहर चौक की सिगरेट गुटखा की दो दुकानों से चोरी की थी। मनस्वी के 39 हजार रुपए और आनंद के पास 23 हजार रुपए का मोबाइल मिला। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दोनों मोबाइल किस्तों पर खरीदे थे। तीन महीने से मोबाइल की किस्त जमा नहीं की थी। दुकानदार उनके मोबाइल वापस लेने का दबाव बना रहा था। इसी कारण उन्होंने दुकान में चोरी की थी।

# भगवान श्रीराम का नाम जपने से मानव का होता है कल्याण

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। बुधवार को श्री राम मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो सीताराम चौराहे से होते हुए पुरानीकन्या शाला बाल विहार स्टेशन रोड पहुंची। कथा व्यास पंडित सद्भव तिवारी पूरे राम कथा मंडप की शुद्धि की और रामचरित्र मानस को विराजमान करके कथा प्रारंभ की। पंडित सद्भव तिवारी ने कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि भगवान श्री राम का नाम जपने से मानव का कल्याण होता है। भगवान श्री राम कथा सुनने से मन पवित्र होता है और कथा सुनने से मन शुद्ध बनता है। पंडित सदभव तिवारी ने कहा कि औबेदुल्लागंज की मातृशक्ति धार्मिक हैं और भगवान श्री राम की भक्त हैं। इसीलिए राम कथा कर रही हैं।

कलश यात्रा के दौरान श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर राजेश दीक्षित, पंडित सुदामा तिवारी, सच्चू तिवारी कथा व्यास को लेकर चल रहे थे। भोजपुर नारी शक्ति की आरती यादव, व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरप्रीत कौर, बिट्टू त्रिलोचन, पंकज कोठारी, जेपी शर्मा आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### अर्थ इलेवन ने जीता नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में एमएस समूह द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मुकाबले में अर्थ इलेवन के कप्तान अनस पठान ने जितनी विस्फोटक बल्लेबाजी की उतनी ही अच्छी बॉलिंग करते हुए एक ओवर में बिना किसी रन दिए हैट्रिक बनाई। वहीं दो कैच लपक कर विजय पर मोहर लगा दी। शहर में 11 दिन से चल रहे प्लास्टिक बॉल रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल व फायनल मुकाबले में कप्तान अनस पठान के हरफन मौला प्रदर्शन के बल पर प्रथम पुरस्कार 71 हजार रुपए और चमचमाती ट्रॉफी प्राप्त करते किया।

### संत रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में बुधवार को संत शिरोमणी रविदास जंयती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शोभायात्रा निकाल कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शोभायात्रा वार्ड 9 स्थित रविदास मंदिर से प्रारंभ की गई , जो गांधी चौक, गणेश चौक, स्टेशन रोड, नेशनल हाइवे, मंगल बाजार होते हुए पुनः रविदास मंदिर पंहुची। जहां प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया।

### मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं औबेदुल्लागंज के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। बुधवार को रविदास जयंती समारोह, अमिटी स्कूल, महावीर कॉलोनी सहित अन्य जगह केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। डॉ. भूपेंद्र नागर ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण भी किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ. प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, हेमराज मीणा, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, दीपू परमार, माधव यादव, जीतू नंदवंशी, संजय प्रजापति, नरेश सेठी, कोमल चौहान, बागीश अग्रवाल, कांता पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, राजेंद्र गुड्डू साहू, रामकिशोर नंदवंशी, नीरज चावला आदि ने बधाई दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 7360 | | |
| दिनः | 480 | 21 | 155 |
| रातः | 227 | 17 | 377 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 459 | 87 | 890 |
| रातः | 239 | 42 | 778 |

## पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर कॉलोनी में दोपहर करीब 12 बजे हुई वारदात

# बाइक और एक्टिवा की टक्कर, विवाद के बाद पीछा कर युवक को मारी गोली

गोली युवक के कंधे को चीरते हुए बाइक के मिरर में जा धंसी

◆ निशातपुरा पुलिस ने दर्ज किया हत्या के प्रयास का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर कॉलोनी में बुधवार दोहपर एक्टिवा सवार युवक ने बाइक सवार युवक पर फायर कर दिया। फायर होने के बाद गोली बाइक पर पीछे बैठे युवक के कंधे के पास हाथ में लगी। गोली बांह को चीरते हुए बाइक के साइड मिरर में जा धंसी। फरियादी का कहना है कि उसकी बाइक और एक्टिवा के टक्कर के बाद विवाद हुआ। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद जाहिद खान पिता शफीक खान (33) गली नंबर-3, चांदबड़, स्टेशन बजरिया में रहते हैं और टेलरिंग शॉप चलाते हैं। बुधवार दोपहर वह अपने दोस्त जोएब खान के साथ करोंद मंडी जा रहे थे। जोएब की होटल है और उसे करोंद मंडी से खरीदारी करनी थी। दोनों दोपहर करीब 12 बजे के आसपास बेस्ट प्राइज करोंद पहुंचे थे कि उनकी बाइक एक्टिवा से टकरा गई। एक्टिवा से बाइक टकराने के कारण एक्टिवा चालक से उनका विवाद होने लगा। गाली-गलौज के बीच एक्टिवा सवार ने अपने छोटे बैग की चेन खोली। बाइक पर पीछे बैठे जाहिद की नजर पड़ी तो उसमें कट्टा नजर आया। उसने जोएब को कहा कि इसके पास हथियार है, जल्दी गाड़ी भगाओ। यह सुनते ही जोएब ने बाइक स्टार्ट की और पीपुल्स मॉल के पीछे की तरफ भागने लगे। एक्टिवा सवार भी उनके पीछा करने लगा।

### प्रीमियर कॉलोनी में रुकने के बाद मारी गोली



जाहिद ने बताया कि वह भागकर पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर कॉलोनी तक पहुंच गए थे। पलटकर देखा तो उन्हें एक्टिवा सवार नहीं दिखा और वह रुक गए। इसी बीच एकाएक एक्टिवा सवार पहुंचा और उसने कट्टे से फायर कर दिया। फायर होने से गोली जाहिद के हाथ के कंधे के पास लगी थी। गोली हाथ की बांह को चीरते हुए बाइक के साइड मिरर में जा धंसी थी। फायर करने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला।

### एक्टिवा के नंबर पर की जा रही तलाश

मामले की जांच कर रहे एएसआई प्रेम नारायण ने बताया कि घटना 12 से साढ़े 12 बजे के बीच की है। जाहिद और जोएब ने फायर करने वाले आरोपी की एक्टिवा का नंबर देख लिया है। पुलिस नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### ड्राइवर ने फांसी लगाकर दे दी जान

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के उसकी लाश मकान मालिक ने फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। परिजन उसका शव लेकर महाष्ट्र अपने पैतृक गांव चले गए। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सुधीर ढहरे ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनका भीम नगर में झुग्गी है। उक्त झुग्गी उन्होंने नरेंद्र मगरे पिता बिरछू मंगरे (45) को किराए पर दी थी। नरेंद्र ड्राइवरी करता था। बुधवार तड़के करीब तीन बजे सुधीर ने नरेंद्र को झुग्गी में फांसी के फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। नरेंद्र के रिश्तेदार भोपाल में रहते हैं, जबकि वह महाराष्ट्र का रहने वाला है। जानकारी मिलने पर महाराष्ट्र से परिजन आ गए थे। परिजन ने बताया कि दस साल पहले महेंद्र की शादी हुई थी। कुछ समय पहले उसकी पत्नी बच्चों को लेकर उसे छोड़कर चली गई है।

### गंभीर बीमारी से परेशान युवक ने लगाई फांसी

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव दिल्लौद में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसे गंभीर बीमारी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार विमल सहरिया (35) ग्राम दिल्लौद में रहता था और किसानी करता था। पिछले कुछ महीनों से वह गंभीर बीमारी से परेशान था। मंगलवार सुबह विमल घर में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित एनटू ई सेक्टर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने उसके कमरे में सिलिंग फेन पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। मृतक और कमरे की तलाशी लेने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही मृतक का मोबाइल कुछ दिन से खराब होने के कारण मोबाइल भी नहीं मिला है। प्रधान आरक्षक कुबेर भदौरिया ने बताया कि मयंक सपकाले पिता मिलिंद सुखदेव सपकाले (25) एनटू- ई सेक्टर बरखेड़ा पठानी में रहता था और फेब्रिकेशन की दुकान पर वेल्डिंग का काम करता था। उसके पिता मिलिंद ने पुलिस को बताया कि मयंक उनका बड़ा बेटा था, जबकि छोटा बेटा आनंद है।

## आदतन अपराधी है मनचला, पूर्व में भी दर्ज हो चुका केस

# स्कूली बच्चियों व महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाला मनचला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में गौरीशंकर आवासीय परिसर के सामने से बायपास तक घूमकर आने जाने वाली स्कूली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को छेड़ने वाले आदतन मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी छेड़छाड़ की शिकायत हो चुकी है। आरोपी हरकत से बच्चियों और महिलाओं का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया था।

जानकारी के अनुसार 36 साल का प्रवीण कुमार गौतम निवासी शिक्षक कांग्रेस नगर, बागसेनिया में रहता है और होटल में काम करता है। उसके खिलाफ करीब आधा दर्जन बच्चियों और महिलाओं ने शिकायत की थी। 15 साल की स्कूली छात्रा ने शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार दोपहर वह स्कूल से पैदल अपने घर जा रही थी। इस दौरान स्कूटर सवार एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की थी। छात्रा ने तत्काल घर जाकर घटना की जानकारी दी। परिजन और मोहल्ले में रहने वाले लोग आरोपी युवक की तलाश में निकले तो वह फरार हो चुका था। परिजन ने मुख्य सड़क की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे और छात्रा को बताए। फुटेज में एक नीले रंग की स्कूटर सवार नजर आया। वह दुकान पर सिगरेट पी रहा था। छात्रा ने उसकी पहचान कर ली। फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी प्रवीण गौतम को हिरासत में ले लिया। छात्रा से आमना-सामना कराने पर बच्ची ने उसे पहचान लिया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आए दिन करता था अश्लील हरकत

टीआई निगम ने बताया कि आरोपी स्कूटर से निकलता था और रास्ते में सुनसान इलाके में पैदल जाने वाली स्कूली छात्राओं सहित काम से पैदल लौटने वाली महिलाओं से अश्लील हरकत कर भाग निकलता था। उसके खिलाफ नाबालिग और युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सेना में भर्ती के लिए फर्जी कार्ड बनाने वाले आरोपी की जमानत खारिज

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

सेना द्वारा आयोजित नॉन टेक्निकल की भर्ती परीक्षा की अभ्यर्थी का फर्जी रोल नंबर कार्ड बनाने वाले आरोपी आरिफ की ओर से प्रस्तुत की गई जमानत याचिका को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से निरस्त कर दिया।

अपर जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने अभियुक्त के द्वारा किए गए अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का बताते हुए अपराध में अभियुक्त की संलिप्तता को बताते हुए जमानत याचिका को निरस्त किया जाने की मांग की थी। अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने सुनवाई के पश्चात अभियुक्त आरिफ की ओर से प्रस्तुत की गई जमानत याचिका को मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से निरस्त कर दिया। भोपाल की सुल्तानिया इन्फेंट्री लाइन्स में 15 अक्टूबर 2024 को सेना द्वारा नॉन टेक्निकल परीक्षा का आयोजन किया गया था। झारखंड निवासी रूपा भारती भी शामिल होने पहुंची थी। उसके दस्तावेजों की जांच के दौरान उसका एडमिट कार्ड फर्जी पाए जाने पर सेना के कमांडेंट ऑफिसर जतिन्दर सिंह ने थाना शाहजहांनाबाद में शिकायत की थी। पूछताछ में रूपा भारती ने आरिफ द्वारा एडमिट कार्ड दिया जाना बताया था, थाना शाहजहांनाबाद पुलिस मामला पंजीबद्ध किया था।

### हत्या के प्रयास के दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

युवक के गाल और गर्दन पर छुरी से प्राण घातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी जुबेर को अपर सत्र न्यायाधीश जैनुल आब्दीन ने दोष सिद्ध ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अजय सिंह चौहान द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने फरियादी से एक लाख रुपए उधार लिए थे। जब भी फरियादी आरोपी से अपने रुपए वापस करने की मांग करता तो आरोपी टालमटोल कर देता था। घटना 14 दिसंबर 2020 को दोपहर 2:00 बजे आरोपी ने सुनियोजित तरीके से फरियादी को अपने नवाब कॉलोनी निशातपुरा भोपाल स्थित घर पर रुपए लेने के नाम से बुलाकर हमला किया था।

## पूजा कर प्रसाद का वितरण किया

# वार्ड 12 में आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी ने मनाई रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



वार्ड 12 उत्तम नगर में मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा रविदास मंदिर स्थल पर संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की 648वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की पूज और प्रसाद वितरण किया। नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने कहा हमें संत रविदास जी के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, महामंत्री सुनील बाल्मीकि, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर नागर, अनूप चौधरी, राजेंद्र साहू, नरेश सेठी, मनोज चौरसिया, आमिर ममनून, वरिष्ठ नेता सुरजीत सिंह बिल्ले, भूपेंद्र मेहरा, पुरुषोत्तम शर्मा, कोमल साहू, रामदास शर्मा, भवानी पवार, प्रीतम सिंह, संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया, सचिव अमित श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सौरभ मालवीय, कोषाध्यक्ष मुकेश जाटव, मोनू बजारा, रॉकी सरसवाल, जीवन निनोरिया, बारेलाल नायक आदि ने पुष्प अर्पित किए।

# वार्ड 2 की कई कॉलोनी में न तो पक्की सड़क है न सीवेज लाइन

रहवासी और पार्षद नप में कई बार दे चुके हैं आवेदन नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर की सबसे बड़ी और महंगी कॉलोनी में समस्याओं का अंबार है। रहवासी और पार्षद द्वारा नगर परिषद में कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन किसी देखने की फुर्सत नहीं है। यह कॉलोनी सबसे ज्यादा राजस्व देने वाली है, इसके बाद भी पक्षपात किया जा रहा है।

वार्ड नंबर 2 में सीएल नगर, विद्यानगर, शिव दिग्विजय कॉलोनी, जानकीनगर, विजयनगर, अवैध कॉलोनी में आते हैं, बिल्डरों ने प्लॉट बेच दिए और सुविधाओं के नाम पर खोखले वादे किए। इसकी शिकायत रहवासियों ने कई बार उच्च अधिकारी से भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यहां न तो सीवेज की व्यवस्था है, न ही स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था है। यहां के पानी का टीडीएस 1500 तक पहुंच चुका है। यहां मवेशी दिनभर घूमते रहते हैं। पकड़ी सड़क न होने के कारण धूल उड़ती रहती है।



### बच्चों, बुजुर्गों के लिए पार्क भी नहीं

वार्ड 2 की कॉलोनियों में बच्चों, बुजुर्गों के लिए पार्क भी नहीं है। नगर परिषद द्वारा न तो सफाई होती और न ही दवाइयों का छिड़काव किया जाता, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों यहां ज्यादा फैलती है। परिषद द्वारा लाखों रुपए स्वच्छता के नाम पर खर्च किए गए पर व्यवस्थाएं कहीं नहीं दिख रही। वार्ड 2 के रहवासी अपनी समस्याओं को लेकर नवनियुक्त कलेक्टर से मिलकर अपनी परेशानियां बताएंगे। विधायक ने भी कई बार सीएमओ को निर्देश दे चुके हैं। अगले सप्ताह समस्याओं के निराकरण के लिए एक बड़ी बैठक की जाएगी इसके बाद रहवासियों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## गुरुनानक मंडल ने योग केंद्र पर मनाई संत रविदास जयंती

# वरिष्ठजनों का किया पद प्रक्षालन 101 बच्चों को वितरित किए स्कूल बैग



**संतनगर।** महान समाजसुधारक, संत रविदास जयंती पर ईदगाह हिल्स स्थित योग केंद्र पर गुरुनानक मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा द्वारा समाज के 101 वरिष्ठजनों के पद प्रक्षालन कर शॉल भेंट किया। वहीं 101 बच्चों को स्कूल बैग भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती हैं। संत रविदास ने समाज में व्याप्त जातिवाद का विरोध किया और मानव मात्र को समान बताया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा संत रविदास द्वारा रचित अनेक पद और दोहे सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में भी संकलित हैं। उनके दोहे सरल भाषा में गहरे आध्यात्मिक संदेश देते हैं।

### जिला बदर का उल्लंघन कर रहे आरोपियों पर रासुका

भोपाल। टीटी नगर पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी के पास से 315 बोर की रायफल भी जब्त की गई। दरअसल, रायफल लाइसेंसी है, लेकिन डेढ़ महीने पहले ही लाइसेंस की अवधि खत्म हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार 28 जनवरी 2025 को मुकेश पिता बालकिशन आर्य (39) प्रियदर्शनी नगर, टीटी नगर के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। उसे 1 वर्ष तक जिले और जिले की सीमाओं से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। इसी प्रकार 20 दिसंबर 2024 को राज उर्फ पप्पू पिता स्व. संजू राठौर के खिलाफ 4 महीने के लिए जिलाबदर की कार्रवाई की गई। बावजूद इसके आरोपी राजधानी में ही घूम रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## विधायक रामेश्वर का माना आभार

# बोरवन पार्क की 64 लाख रुपए की लागत से बाउंड्रीवॉल बनकर तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

स्वास्थ्य संजीवनी कहे जाने वाले दीनदयाल बोरवन पार्क को व्यवस्थित करने, निखारने संवारने में वनकर्मी निरंतर लगे रहते हैं। हाल ही में 64 लाख की लागत से बाउंड्रीवॉल बनकर तैयार हो चुकी है, साथ ही महिला और पुरुष के लिए शौचालय, सड़कों पर डस्ट, रोड स्कार्टिंग पर कलर के साथ-साथ मनभावन पौधे लगाए जा रहे हैं। क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी, शेट्टी चंदनानी, सुरेश गेहानी, सुनील दादलानी, दिनेश सोनी सहित मीडिया प्रभारी रवि नारायण सतानी ने पार्क के रख रखाव और होने वाले विकास कार्यों के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा का आभार व्यक्त किया।






शिवनारायण श्रीवास्तव, भगवती श्रीवास्तव दादी विकास प्रीति पापा मम्मी विशाल अंजू चाचा चाची, विवेक विपिन चाचा,दिशा, दीक्षा, दिव्यांशी
से.नि.रेन्जर दारा समस्त श्रीवास्तव परिवार औबेदुल्लागंज की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# मानवीय संवेदनाओं की गहन भावनाओं पर आधारित नाट्य की अद्भुत प्रस्तुति

## रवींद्र भवन में अखिल भारतीय रूपक महोत्सव का दूसरा दिन बना यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रवीन्द्र भवन में चल रहे अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में द्वितीय दिवस केंद्रीय संस्कृत विवि वेदव्यास परिसर बलाहार, हिमाचल प्रदेश ने आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी द्वारा विरचित नाटिका 'यूथिका' की प्रस्तुति दी। मानवीय संवेदनाओं की गहन भावनाओं का वर्णन करती इस नाटिका की विषयवस्तु में लात वंश की यूथिका और मान वंश के हर्ष के मध्य प्रेम संबंध को दर्शाया।



### 'मशकधानी' और 'धर्मचक्रप्रवर्तनम' नाटक हुए प्रस्तुत

द्वितीय प्रस्तुति में प्रो राधावल्लभ त्रिपाठी द्वारा रचित 'मशकधानी' नाटक की प्रस्तुति दी गई। हास्य व्यंग्य प्रेक्षणक पर आधारित यह नाटक जो मच्छरों के आतंक को दर्शाता है। इस हास्य व्यंग्य प्रेक्षणक में मच्छर अपनी व्यथा और समस्या को प्रस्तुत करता है। इसी दिन कालीकट आदर्श संस्कृत विद्यापीठ, केरल ने 'धर्मचक्रप्रवर्तनम' नामक नाटक की प्रस्तुति दी। आचार्य वसंत कुमार भट्ट द्वारा लिखित इस विशिष्ट नाटक का कथानक शशपण्डित, विवेचन और परिव्राजक चरित्रों पर आधारित है। जिसमें दर्शाया कि भगवान इंद्र को किस प्रकार शशपण्डित प्रसन्न करता है और इंद्र से अगले जन्म में बुद्धत्व का वरदान प्राप्त करता है। महिलाओं की पीड़ा को दर्शाता नाटक 'सुशीला' गुरुवायुर, केरल से आए नाट्य दल ने कविवर राधा वल्लभ त्रिपाठी द्वारा लिखित नाटक 'सुशीला' का मंचन किया।



### देवशुनी रूपक प्रस्तुत किया गया

महिलाओं की पीड़ा को दर्शाते इस नाटक में महिलाओं की शक्ति को स्वयं पहचान कर प्रत्यक्ष प्रकट करने के भाव को दर्शाया। इसके साथ ही देवशुनी रूपक प्रस्तुत किया गया। ऋग्वेद की कथा पर आधारित इस रूपक में दर्शाया कि भ्रष्टाचार व अनैतिकता जगत में व्याप्त होने पर भगवान इंद्र किस प्रकार सृष्टि के पशु पक्षियों की सहायता से सत्य व मूल्य को पुनर्स्थापित करते हैं।

## जनजातीय साहित्य महोत्सव में वक्तव्य व जनजातीय नृत्यों की अद्भुत प्रस्तुति



## जनजातीय समुदाय कर रहा जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आठवें जनजातीय साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन तीन महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन हुआ। पहले सत्र का विषय जनजातीय समुदायों द्वारा साहित्य के माध्यम से जलवायु अनुकूल पहल था। इस सत्र की अध्यक्षता हीरा मीणा ने की। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में बताया कि कैसे जनजातीय समुदाय पारंपरिक ज्ञान और साहित्य के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कारगर पहल कर रहे हैं।

वहीं दूसरे सत्र में वक्ताओं ने आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक संरचना और साहित्य के विभिन्न स्वरूपों पर विस्तृत चर्चा की। तीनों सत्रों में जनजातीय साहित्य और संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई।

### लोंगरिया बधाई नृत्य की प्रस्तुतियां रहीं खास

इसके साथ ही मानव संग्रहालय में जनजातीय भोजन और लोकनृत्य का रंगारंग आयोजन भी किया गया। बुधवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बुंदेली और बुंदेलखंडी लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों में लोंगरिया, राई, बधाई, ढिमरयाई, भवाई एवं कैरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति खास रही।

जनजातीय संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय 'आचार्य भरतमुनि महोत्सव' में चित्र प्रदर्शनी

## 40 करणाज पर आधारित नृत्य ने दर्शकों का मोह लिया मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भरतमुनि के अनुसार नाट्यक्रम में तांडव के विलक्षणों को दर्शाती प्रस्तुति जिसमें पद्मश्री सरोज वेदनाथ के 108 करणाज में से 40 करणाज पर आधारित भरतनाट्यम प्रस्तुति, जिसमें भरतमुनि द्वारा दिए गए आठ रसों को अष्टनायिका के रुप में नृत्य में पिरोकर जब नृत्यांगनाओं ने प्रस्तुत किया तो सम्पूर्ण सभागार आनंद की लहर में ओत प्रोत हो गया। नीरजा श्रीवास्तव और साथियों द्वारा 40 मिनट की इस मनभावन प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। मौका था जनजातीय संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय आचार्य भरतमुनि महोत्सव की समापन संध्या का। नृत्य प्रस्तुति को और भी मनभावन व आकर्षक बनाया कमल जैन की प्रकाश परिकल्पना ने।




### संस्कार भारती की 1600 से अधिक शाखाएं हैं

सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मैसूर मंजूनाथ ने कहा कि संस्कार भारती कला एवं साहित्य के क्षेत्र में सबसे बड़ी संस्था है। 1600 से अधिक हमारी शाखाएं हैं। संस्कार भारती भारतीय कला के साथ भारतीय मूल्यों से जोड़ती है। एक कलाकार कठिन साधना और तपस्या से ही उत्कृष्ट बनता है।



### तबले पर सुनाई दिया परन और चक्रदार गत

सांगीतिक प्रस्तुति में डॉ. अशेष उपाध्याय के एकल तबला हुआ। आपने प्रस्तुति का आरंभ चलन पेशकार से किया। इसके बाद अजराडा, फरुखाबाद और दिल्ली घराने के घरानेदार कायदा बजाए।

**नाट्यशास्त्र और संविधान पर लगाई विशेष प्रदर्शनी :** इस अवसर पर नाट्यशास्त्र पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में भारतीय संविधान के सांस्कृतिक परम्परा से जुड़े चित्रों को भी प्रदर्शित किया गया है।

**प्रबंधक का मतलब ठीक से कार्य करवा लेना है :** वरिष्ठ रंगकर्मी दवे ने नाट्य शास्त्र कुशल प्रबंधन का शास्त्र विषय पर विचार रखा। उन्होंने कहा कि प्रबंधक का मतलब ठीक से कार्य करवा लेना। भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में विमर्श, दर्शन को प्रस्तुत किया। उन्होंने नाट्यशास्त्र की शुरूआत ऐसे श्लोक से की जिसे वेदव्यास ने लिखा है।

### चित्र में उकेरा भरतनाट्यम नृत्य का पोज



वहीं कानपुर से आए पार्थ मल्होत्रा ने भरत मुनि महोत्सव के लिए भरतनाट्यम पोज पर आधारित चित्र बनाया। उन्होंने कहा कि भरतमुनि ने केवल आठ रसों को ही प्रस्तुत नहीं किया बल्कि नृत्य की परिकल्पना को भी साकार किया इसलिए मैंने यह नृत्य पोज बनाया।

### महोत्सव में भरतमुनि पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का किया संयोजन



महोत्सव में भरतमुनि पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी संयोजन किया जिसमें महाराष्ट्र से आए राम ने नटराज शिव की मूर्ति को भरत मुनि के रूप में उकेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि इस टॉपिक के अनुसार मैं शिव के नटराज स्वरूप को भरतमुनि के रुप में प्रस्तुत कर सकता हूं।

### जयति मंगलम की नृत्य संरचना प्रस्तुति के साथ होगा बहुकला केंद्र के 43वें वर्षगांठ का शुभारंभ

## 13 से 20 फरवरी तक होगी नृत्य, गायन, शिल्पकला और साहित्य से जुड़ी गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कला रसिकों के प्रमुख केंद्र भारत भवन में 13-20 फरवरी 2025 तक वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी उपस्थित होंगे। वहीं मंगल ध्वनि सरस्वती गीतों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद शिखर सम्मान से अलंकृत कलाकारों ईश्वरी रावल और हरि भटनागर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। शाम 7 बजे से संस्कृति विभाग द्वारा शिखर सम्मान से कलाकारों का अलंकरण और शाम 7.40 से मैत्रेयी पहाड़ी द्वारा परिकल्पित और निर्देशित जयति मंगलम नृत्य संरचना पेश की जाएगी।

### गायन, वादन और सिरेमिक प्रदर्शनी

14 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सिरेमिक, टेराकोटा, पीतल में सर्जक कलाकारों के कला शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। शाम 6.30 बजे से अर्जुनसिंह धुर्वे और साथी कलाकारों की करमागीतों और परधौनी गीतों की प्रस्तुत दी जाएगी।

### कबीर गायन और शास्त्रीय संगीत की शाम

15 फरवरी को समारोह के तहत दिनेश धौलपुरे और साथी कलाकारों द्वारा मालवी बोली में कबीर गायन और पंडित रामशंकर पांडे का शाम 7 बजे से शास्त्रीय गायन होगा। वहीं शाम 7.40 से बारहबाजा की प्रस्तुति होगी, जिसमें आमिर खान सरोद, अनिरुद्ध जोशी सितार, सत्येंद्र सिंह सोलंकी संतूर प्रस्तुति देंगे।

### नाट्य प्रस्तुतियों के साथ संगीत की होगी प्रस्तुति

17 फरवरी को शाम 6.30 बजे से रंगसंगीत की प्रस्तुति होगी, जिसमें सौरभ अनंत के निर्देशन में विहान ड्रामा ग्रुप की प्रस्तुति होगी। वहीं शाम 7 बजे से लैंडस्कैप ऑफ इटर्निटीः क्लासिकल क्वार्टेड की प्रस्तुति होगी। इसमें नायसम जलाल का बांसुरी वादन, सम्राट पंडित का गायन होगा।

### नाट्यगीतों की प्रस्तुति रहेगी खास

18 फरवरी को शाम 6.30 बजे सुश्रुत गुप्ता के निर्देशन में चिल्ड्रेंस थिएटर अकादमी भोपाल के कलाकारों की नाट्यगीतों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद शाम 7 बजे से पंडित राहुल देशपांडे का शास्त्रीय गायन होगा।

### ऋतुगायन, लोकगायन और नाटक

19 फरवरी को मणिमाला सिंह और साथी कलाकारों के ऋतुगीतों की प्रस्तुति होगी। शाम 7 बजे से महाकवि कालिदास की रचना ऋतुसंहार पर आधारित नाटक संवत्सर कथा की प्रस्तुति दी जाएगी। वर्षगांठ का समापन लोक संगीत की प्रस्तुतियों के साथ किया जाएगा।

## बर्ड काउंट कार्यक्रम के दौरान पक्षियों की 67 प्रजातियों को किया चिन्हित

### भोपाल बर्ड्स द्वारा सम्राट अशोक जलाशय का बर्ड कॉउंट कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल बर्ड्स द्वारा सम्राट अशोक जलाशय (हलाली डैम) का बर्ड कॉउंट कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जलाशय में पाई जाने वाली स्थानीय तथा प्रवासी पक्षियों की प्रजाति को चिन्हित करना था। कार्यक्रम के दौरान पक्षियों की 67 प्रजातियों को चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भाग लिया गया।

### इन प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां हुई चिन्हित



- रेड नैप्ड आइबिस, ग्लॉसी आइबिस, लिटिल रिंग प्लोवर, केंटिश प्लोवर सहित 67 प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां चिन्हित हुई
- लार्ज कोमोरेंट की संख्या लगभग 5000 चिन्हित हुई जो सर्वाधिक रही।

दुष्यंत संग्रहालय में 'पॉपकॉर्न' का मंचन

## समाज की समसामयिक समस्या को बयां करता है 'पॉपकॉर्न'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कला गुरु स्वर्गीय शांति वर्द्धन की स्मृति में 'रंग ए शांति' नाट्य समारोह के दूसरे दिन दुष्यंत कुमार संग्रहालय में बालेंद्र सिंह बालू के निर्देशन में नाटक 'पॉपकॉर्न' का मंचन किया गया। जिसमें बालेंद्र सिंह ने एकल अभिनय किया। हम थियेटर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत यह नाटक समाज की समसामयिक समस्या जैसे बेरोजगारी, भय, बलात्कार व आर्थिक मंदी जैसे विषय पर आधारित था। जो एक ऐसे व्यक्ति की कहानी कहता है, जिसने बचपन से सैनिक बनने का सपना देखा था, लेकिन परिस्थितियों ने उसे ट्रेन में पॉपकॉर्न बेचने के लिए मजबूर कर दिया।




## 'आईआईटियन बनने की प्रक्रिया आपको वास्तविक जीवन जीने की कला सिखा देती है'

### 98.8 परसेंटाइल के साथ आकाश इंस्टीट्यूट के मोहम्मद हमजा का जेईई मेन में सिलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

आकाश इंस्टीट्यूट के मोहम्मद हमजा जेईई फेस 1 मेन में 98.8 परसेंटाइल के साथ चयनित हुए। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें हमजा ने बताया कि यह मेरा दूसरा अटेम्प्ट था और इसमें मैंने जी जान से मेहनत की है। उन्होंने बताया कि इसकी पढ़ाई आसान नहीं है, मैंने करीबन 8 घंटे तक पढ़ाई की और एग्जाम टाइम में तो यह ओर भी बढ़ जाते थे। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मुझे आईआईटियन बनना था, क्योंकि मुझे लगता है कि इसकी पढ़ाई और इसकी चयन प्रक्रिया इतनी टफ है कि आप जीवन के टफेस्ट जोन से गुजरते हैं और यह आपको वास्तविक जीवन जीने की कला सिखा देती है।

### माता-पिता का अतुलनीय योगदान उन्होंने किया हमेशा मोटिवेट



उन्होंने कहा कि माता पिता के सपोर्ट के साथ मेरे गुरुओं के आशीर्वाद से आज मेरा चयन हुआ। उन्होंने कहा कि जब पढ़ते-पढ़ते बोर हो जाता था तो मैं खुद ही के साथ वक्त बिताना पसंद करता था। जिसमें म्यूजिक सुनना या मेडिटेशन करना या वॉक करना मुझे बहुत पसंद है। लेकिन मेरी इस सफलता में मेरे माता-पिता का अतुलनीय योगदान है क्योंकि उन्होंने हमेशा मुझे मोटिवेट किया और आगे बढ़ाने को प्रेरित किया।

## मप्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समय निकट है। विभिन्न देशों के वाणिज्यिक दूतावासों के माध्यम से प्रदेश में व्यापार और उद्योग की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आवश्यक समन्वयकिया जा रहा है। इस क्रम में विश्व स्तरीय आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ नई दिल्ली में विचार-विमर्श के लिए बैठक रखी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवा, महिला, किसान और गरीबों का जीवन बेहतर हो, इस उद्देश्य से कृषि के साथ उद्योगों को भी प्रदेश में आवश्यक अधोसंरचना और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस क्रम में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में विभिन्न नीतियों को अनुमोदन दिया गया है। उद्योग संबंधी इन नीतियों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे, नीतियों में राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार कमजोर से कमजोर व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

फिल्म 28 फरवरी को होगी सिनेमाघरों में रिलीज

## अमेजॅन एमजीएम स्टूडियोज ने 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का थिएट्रिकल ट्रेलर किया जारी, मालेगांव की पृष्ठभूमि पर बेस्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

अमेजॅन एमजीएम स्टूडियोज ने एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के साथ मिलकर अपनी बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का दिलचस्प और मनमोहक थिएट्रिकल ट्रेलर बुधवार को रिलीज किया। नासिर शेख नाम के एक शौकिया फिल्म निर्माता की जिंदगी पर आधारित यह फिल्म महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव की पृष्ठभूमि पर बनी है, जो अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस छोटे से कस्बे को फिल्म निर्माण के जुनून के केंद्र में बदलकर पुनर्जीवित करता है।

### छोटे कस्बे को फिल्म निर्माण के जुनून के केंद्र में बदलकर पुनर्जीवित करता है



सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा किया गया है। इसके निर्माता रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती हैं। फिल्म का निर्देशन रीमा कागती ने किया है और इसकी पटकथा वरुण ग्रोवर ने लिखी है। इस फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह, अनुज सिंह दुहान के साथ दर्जनों कलाकारों की शानदार टोली शामिल है। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव 28 फरवरी को भारत, अमेरिका, यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## छतनारा आर्ट होम में 52वीं संगत का आयोजन



**भोपाल।** छतनारा आर्ट होम में 52वीं संगत का आयोजन किया गया। जिसमें शोभित सतीश ने रश्मीरथी का अभिनय-पाठ किया। उसके बाद शिवम द्विवेदी ने अपनी कविता सुख-दुख पढ़ी। रक्षा पुरोहित ने छंद में लिखी अपनी कविता तरन्नुम में पेश की। अनवर ने मजाहिया उर्दू शायरी पढ़ी। कार्यक्रम में कई चित्रकार भी मौजूद थे। भील चित्रकार ललिता ताहेड ने भील चित्रकला की रचनाप्रक्रिया सभी से साझा की।

# करीब 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान, अब तक करीब 50 करोड़ ने लगाई डुबकी




एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

माघ पूर्णिमा पर महाकुंभ में बुधवार को त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। वाराणसी में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। संगम तट के दोनों ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दिए। बताया जा रहा पूर्णिमा पर करीब 2 करोड़ लोगों ने स्नान किया। सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। इसके बाद अखाड़ों और फिर साधु-संतों ने पवित्र स्नान किया। इस प्रक्रिया के बाद ही श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू किया। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की की गई। मोनिका नामक श्रद्धालु ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए यहां आए हैं। सरकार ने वाकई बहुत अच्छी व्यवस्था की है।

माघ पूर्णिमा पर अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। सुबह ही करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है। सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। कई लोगों ने सीएम योगी की सराहना भी की

**शासन- प्रशासन करता रहा मॉनिटरिंग**
शहर के चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ था। लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मेले की मॉनिटरिंग करते रहे।

**कई रास्तों में भीषण जाम के हलात भी बने**
संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रशासन के अनुसार करीब 2 करोड़ लोगों ने स्नान किया। कहीं-कहीं जाम भी लगा।

**आराम स्थल पर ठहराया गया**



ज्यादा भीड़ होने पर इनको वहां पर बनाए गए आराम स्थल पर ठहराया गया। इसके अलावा एग्जिट की व्यवस्था प्लेटफार्म नंबर 10 की ओर से आने की सिविल लाइन साइड की ओर से हो रही। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, छिवकी, नैनी, रामबाग, झूंसी से भेजा गया।

### 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला और एक्टर शेट्टी भी पहुंचे

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। जहां हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी बीच माघ पूर्णिमा के मौके पर आज फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी महाकुंभ में पहुंचे हैं। बेंगलुरु से 72 वर्षीय बुजुर्ग अकेले महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पेंशन मिलती है अब वर्ल्ड टूर पर निकली हैं। 37 देश घूम चुकी हैं।

### सनातनी बने जितेंद्र त्यागी ने लगाई संगम में डुबकी

उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र नारायण त्यागी (वसीम रिजवी) महाकुंभ पहुंचे।



उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। कहा कि संगम स्नान करने के बाद बहुत खुश हैं। उन्होंने घोषणा की कि अपनी खुशी से इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपनाने वालों का स्वागत है। वह एक संगठन तैयार कर रहे हैं। जिसमें सनातन धर्म में आने वाले लोगों की आर्थिक मदद की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फतेहपुर में डंपर में घुसी ट्रैवलर, 4 की मौत

**फतेहपुर।** जिले में कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार तड़के करीब साढ़े चार बजे गिट्टी लदे



ट्राला में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैवलर टकराई गई। ट्राला श्रद्धालुओं भरी ट्रैवलर को करीब दो किलोमीटर तक घसीट ले गया। हादसे में चालक समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इसमें 17 श्रद्धालु घायल हो गए।

### मायावती ने आकाश के ससुर को निकाला

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में



शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब के बेटे फिर बने कांग्रेसी

**कोलकाता।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस में वापसी कर ली



है। बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस का 'हाथ' थामा। 2021 में वे टीएमसी में चले गए थे। कोलकाता के विधानभवन में अभिजीत कांग्रेस में शामिल हुए।

### पवन ने केरल, तमिलनाडु में मंदिर यात्रा शुरू की

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण ने



बुधवार को केरल और तमिलनाडु की तीन दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू की, जिसे उनके 'सनातन धर्म परिरक्षण' (प्राचीन धर्म की रक्षा) मिशन के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। वे अगस्त्य महर्षि मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना की।

## अब भारत में अवैध तरीकों से घुसने वालों की खैर नहीं

# बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश किया तो होगी 7 साल कैद व 10 लाख जुर्माना

नया विधेयक ला रही मोदी सरकार

**यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा होगा**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं। अब भारत भी इस दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा



के प्रवेश करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संसद में एक विधेयक ला रही है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को अब अधिकतम पांच साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। कोई व्यक्ति जाली पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि जुर्माना 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक हो सकता है। यह प्रावधान 'आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025' का हिस्सा है।

**संपूर्ण जानकारी देने की बाध्यता रहेगी**

सरकार चार पुराने कानूनों में जल्द कर रही बदलाव



**ये रहे 4 पुराने कानून**

विदेशी अधिनियम
**1946**

पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम
**1920**

विदेशी नागरिकों का पंजीकरण अधिनियम
**1939**

जाली पासपोर्ट पर 8 साल की सजा
**50,000** रुपए जुर्माना

*वर्तमान में, बिना वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करने पर अधिकतम पांच साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जबकि जाली पासपोर्ट पर प्रवेश करने पर अधिकतम आठ साल की सजा और 50,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।*

**सरकार को मिलेंगी अतिरिक्त शक्तियां**

नया विधेयकसरकार को यह अधिकार देता है कि वह किसी भी विदेशी नागरिक या किसी विशेष समूह के व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा सके। सरकार किसी विदेशी नागरिक को भारत छोड़ने, किसी विशेष क्षेत्र में प्रवेश न करने, अपनी तस्वीर और बायोमेट्रिक विवरण देने के लिए बाध्य कर सकती है। यह आंतरिक सुरक्षा और अप्रवासन प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे अवैध घुसपैठ और जाली दस्तावेजों के उपयोग पर कड़ा अंकुश लगेगा।

**वीजा उल्लंघन पर 3 साल कैद, 3 लाख जुर्माना या दोनों**

अगर कोई विदेशी अपनी वीजा अवधि से अधिक समय तक भारत में रहता है, या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या 3 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। इससे अवैध घुसपैठ पर लगाम लगेगी।

**विदेशी नागरिकों की जानकारी देनी होगी**

सभी विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों को अपने यहां विदेशी नागरिकों की जानकारी पंजीकरण अधिकारी के साथ शेयर करनी होगी।

**इसमें वाहक की भी जिम्मेदारी तय होगी**

अगर कोई हवाई जहाज, जहाज या अन्य परिवहन साधन से बिना वैध दस्तावेजों वाले विदेशी को लाया जाता है, तो उस पर 5 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में उस परिवहन साधन को जब्त भी किया जा सकता है। यानी अगर कोई विदेशी व्यक्ति इमिग्रेशन अधिकारी को वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज/वीजा नहीं होने की स्थिति में यहां पहुंचाया जाता है, तो उसे लाने वाले वाहक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

**उधर, यूसीसी पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल**

### उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते के भीतर मांगा जवाब



**देहरादून।** भारत में पहली बार किसी राज्य में(उत्तराखंड) समान नागरिक संहिता लागू हुई, लेकिन कई सवालिया निशान खड़े हो गए। वकीलों ने यूसीसी के कुछ प्रावधानों पर हाईकोर्ट में चुनौती दी। नैनीताल हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यूसीसी में शादी, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है।

**अलग-अलग याचिका दाखिल**

भीमताल के रहने वाले सुरेश सिंह नेगी ने चुनौती दी है, जिसमें मुख्यत: 'लिव इन रिलेशनशिप' के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। मुस्लिम, पारसी आदि के वैवाहिक पद्धति की यूसीसी में अनदेखी किए जाने सहित कुछ अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है।

**सिख विरोधी दंगा मामला**

# कांग्रेस नेता सज्जन कुमार दोषी, 18 को सजा का ऐलान

दो सिखों को घर में जिंदा जलाया, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सिख विरोधी दंगा मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अब इस मामले में 18 फरवरी को सजा का ऐलान किया जाएगा। ये मामला पिता-बेटे की हत्या से जुड़ा हुआ है। वे उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार ने किया था, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आरोप है कि सज्जन ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद दोनों सिखों को उनके घर में जिंदा जला दिया गया। इतना ही नहीं, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी। इस घटना से संबंधित एफआईआर उत्तरी दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में दर्ज की गई, जो शिकायतकर्ताओं द्वारा रंगनाथ मिश्रा आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी।

**सरस्वती विहार मामले में फैसला**

1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दोषी ठहराया गया है। ये मामला 1 नवंबर 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर इलाके पिता-पुत्र, सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी।

**अदालत का शुक्रिया: कहलों**


दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह कहलों ने कहा कि 40 साल पहले सिख कत्लेआम का नेतृत्व करने वाले सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है और उन्हें सजा मिलेगी। मैं इसके लिए अदालत का शुक्रिया अदा करता हूं। मैं पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रिया अदा करता हूं।

**कांग्रेस के सारे पाप सामने आ रहे: सिरसा**

भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सिख विरोधी दंगों में सज्जन कुमार को एक और केस में दोषी करार दिया। उन्होंने कत्लेआम किया। कांग्रेस के सारे पाप सामने आ रहे हैं। मैं देश के पीएम को धन्यवाद करता हूं जिन्होंने एसआईटी बनाकर इन लोगों को जेल में डालने का काम किया। परमात्मा ने आज इंसाफ दिया। हमें तसल्ली है कि सज्जन कुमार दोषी है।

**केंद्र ने यूपीएस लागू होने की दी जानकारी**

## न्यायिक अधिकारियों की पेंशन का मुद्दा अब सुलझने की उम्मीद




23 लाख सरकारी कर्मचारियों को होगा फायदा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने एकीकृत पेंशन योजना यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस)) को अधिसूचित कर दिया है। इससे न्यायिक अधिकारियों की पेंशन संबंधी चिंताएं दूर हो सकती हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई 12 सप्ताह के लिए टाल दी है। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए और पीठ को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के बारे में जानकारी दी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्र के वकीलों की दलीलों को सुना।

**सोमवार को इसे पेश नहीं किया जा सका था**

## संसद में आज पेश की जाएगी वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट



विपक्षी सांसदों में से कुछ ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) बिल 2024 पर लंबे समय से मंथन चल रहा है। वक्फ के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गुरुवार को संसद में रिपोर्ट पेश करेगी। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि जब लोकसभा अध्यक्ष इसे एजेंडे में रखेंगे, तो हम इसे पेश करेंगे। पाल ने कहा था कि वक्फ का कानून बनने के बाद देश के गरीबों, अल्पसंख्यकों, विधवाओं को लाभ मिलेगा। विपक्षी सांसदों में से कुछ ने इसे अलोकतांत्रिक बताया है। विपक्ष ने इसे मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला और वक्फ बोर्डों के कामकाज में हस्तक्षेप बताया है।

*नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान*

# हम एकसाथ, एकजुट हैं व एक साथ मिलकर करेंगे समाज का कल्याण

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ रिश्ते को पुराना बताते हुए कहा कि हम एक साथ हैं और आगे भी एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले वाली सरकार ने बिहार के विकास के लिए कुछ नहीं किया। नीतीश संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर विकास मित्रों के क्षमता वर्धन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।नीतीश ने कहा कि हम एससी-एएसटी के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे। हम लोग लगातार सभी समाज के लिए काम कर रहे हैं।

**बिना नाम लिए राजद पर भी साधा निशाना**

**समाज के हर तबके का विकास कर रहे**



सीएम ने बिहार के लोगों को संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब से मुझे बिहार में काम करने का मौका मिला, तब से सभी तबकों का विकास किया। चाहे वो हिंदू हो, मुस्लिम हो, ऊंची जाति के हो, दलित हो, पिछड़ा हो या महादलित हो। सभी के लिए हमने काम किया है। हमने वंचित वर्गों के लोगों के लिए काम किया और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा।

**वंचित वर्गों को आगे बढ़ने का दिया अवसर:** सीएम ने विभिन्न विकास कार्यों के जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली के क्षेत्र में अहम बदलाव किए हैं। हम जो भी सुधार की जरूरत होती है, उसे पूरा कर रहे हैं। हमारी सरकार ने वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही है।

*पीएम सूर्य घर योजना का एक साल पूरा*


# अब तक 8.46 लाख परिवार लाभान्वित जल्द ही इससे 8.5 लाख घर होंगे रोशन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का एक साल पूरे हो गया है। छत पर सौर पैनल लगाने की सुविधा देकर घरों को मुफ्त बिजली देने के लिए पिछले साल शुरू की गई इस योजना का लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं। इसमें गुजरात सबसे आगे हैं। इसके तहत सरकार ने मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में सौर ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। पीएम ने पिछले साल 13 फरवरी को योजना का शुभारंभ किया था। 27 जनवरी तक 8.46 लाख परिवारों ने मुफ्त बिजली का लाभ लिया है।

**पिछले साल 13 फरवरी को किया था शुभारंभ**

**4,308.66 करोड़ रुपए वितरित किए गए**



इस योजना के तहत अब तक 5.54 लाख आवासीय उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में 4,308.66 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं। अनुमानित 45 प्रतिशत लाभार्थियों को अब उनके सौर ऊर्जा उत्पादन और खपत पैटर्न के आधार पर शून्य बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं। इस साल मार्च तक लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 10 लाख हो सकती है।

**एक करोड़ घरों में पहुंचाने का लक्ष्य :** केंद्र ने योजना के तहत मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में इसका लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अगले महीने तक इसके 10 लाख पहुंचने की उम्मीद है। अगले वित्त में लाभार्थियों की संख्या 40 लाख तक पहुंचने की संभावना है और मार्च 2027 तक एक करोड़ लाभार्थी का लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

**नए आयकर विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिली**

# सीबीडीटी को मिलेगा योजनाओं और 'कर' को गति देने का अधिकार

**यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नया आयकर बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जा सकता है। आयकर कानूनों को सरल बनाने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में नया आयकर विधेयक पेश करने का ऐलान किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोकसभा में 536 धाराओं और 23 अध्यायों में तैयार 622 पन्नों वाला आयकर विधेयक 2025 अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा। यह विधेयक 4 दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। यह विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल है। प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' (एफवाई) शब्द को बदलकर 'कर वर्ष' कर दिया गया है।

**536** धाराएं समाहित, 23 अध्यायों में तैयार, 622 पन्नों में बना, 16 अनुसूचियां होंगी

**कर निर्धारण वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त**



पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए, कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है। इस नए विधेयक में पिछले वर्ष और निर्धारण वर्ष की अवधारणा को हटा दिया गया है और सरलीकृत विधेयक में केवल कर वर्ष की बात कही गई है। आयकर विधेयक, 2025 में 536 धाराएं शामिल हैं, जो वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 के 298 धाराओं से अधिक हैं।

**यह पहले का लगभग आधा**

नए आयकर विधेयक में भी अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है, जिसमें पिछले छह दशकों में किए गए संशोधन शामिल हैं।

### नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय होंगे

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि धाराओं में यह वृद्धि कर प्रशासन के लिए एक अधिक व्यवस्थित दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें आधुनिक अनुपालन तंत्र, डिजिटल शासन और व्यवसायों एवं व्यक्तियों के लिए सुव्यवस्थित प्रावधान शामिल हैं। नए कानून 16 अनुसूची और 23 अध्याय हैं। इससे पहले, आयकर विभाग को विभिन्न प्रक्रियात्मक मामलों, कर योजनाओं और अनुपालन ढांचे के लिए संसद का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।

भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नया मानक

# एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज, जब निकलेंगे जहाज तब 72 फीट ऊपर उठ जाएगा, अगले महीने होगा उद्घाटन

**5 मिनट में पुल का 72 मीटर हिस्सा ऊपर उठकर अपनी जगह आ जाएगा**

*अगले महीने ही तमिलनाडु के मंडपम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन होने वाला है, जो कि भारत में मंडपम से जाने वाले रेल नेटवर्क को पंबन द्वीप पर मौजूद रामेश्वरम से जोड़ेगा। इसी के साथ मौजूदा समय में मंडपम और रामेश्वरम के बीच बने 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज को हटाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जल्द ही एक नया मानक स्थापित होने वाला है। अगले महीने ही तमिलनाडु के मंडपम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन होने वाला है, जो कि भारत में मंडपम से जाने वाले रेल नेटवर्क को पंबन द्वीप पर मौजूद रामेश्वरम से जोड़ेगा। इसी के साथ मौजूदा समय में मंडपम और रामेश्वरम के बीच बने 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज को हटाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है। पुराना पंबन ब्रिज सिर्फ रेलवे सेवा के जरिए ही मंडपम और रामेश्वरम को जोड़ता था। तब इन दोनों शहरों में जाने के लिए कोई सड़क मार्ग तक नहीं था।



**पुल के दो हिस्सों को उठाने की जरूरत नहीं**

नए पंबन ब्रिज में आधुनिक वर्टिकल लिफ्ट तकनीक होने की वजह से पुल के दो अलग-अलग हिस्सों को उठाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि ऑटोमैटिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम के जरिए पुल का लिफ्ट हो सकने वाला 1470 मीट्रिक टन भारी हिस्सा एक बार में 12.5 मीटर की ऊंचाई से 22 मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा। इस काम को सिर्फ एक व्यक्ति बटन दबाकर 5 मिनट के अंदर पूरा कर लेगा। जहाजों के गुजरने के बाद पुल के 73 मीटर के हिस्से को वापस अपनी जगह पर स्थापित कर दिया जाएगा, जिसमें पांच मिनट ही लगने के आसार हैं।

### नए पंबन ब्रिज की खासियत

- वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज तकनीक से बनाया
- फरवरी 2020 में निर्माण कार्य शुरू
- 535 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं
- पुल को 100 खंभों पर खड़ा किया
- ट्रेनों का ट्रायल अक्टूबर 2024 में
- 5800 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया
- 3 लाख 40 हजार सीमेंट की बोरियां लगी हैं

### 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरेगी ट्रेन

पुल से ट्रेनें 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हाई-स्पीड में ट्रेन निकल सकती हैं। आधुनिक तरह से डबल ट्रैक बिछाए गए हैं और इन लाइनों का विद्युतिकरण भी किया जा चुका है। रेलवे सेफ्टी कमिश्नर की तरफ से जांच के बाद पुल पर इस रफ्तार का मानक तय किया गया है। हालांकि, पुल के जिस हिस्से को जहाजों को निकालने के लिए उठाया जाएगा, वहां ट्रेनों की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटे तक रखने का मानक तय किया गया है। नए पुल में ट्रेनें 80 किमी प्रतिघंटे तक की रफ्तार पकड़ सकती हैं। लेकिन, एक घुमाव के चलते इस पर स्पीड लिमिट 75 किमी प्रतिघंटा निर्धारित की गई है। आरवीएनएल के डिप्टी जनरल मैनेजर एन. श्रीनिवासन के मुताबिक सीआरएस की तरफ से इसके लिए जरूरी प्रमाणपत्र भी हासिल किए जा चुके हैं। नए पंबन पुल में एक टावर भी बनाया गया है, जो कि पुल से 34 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

**बैसक्यूल डिजाइन में बनाया गया नया ब्रिज**

नए पंबन ब्रिज का निर्माण कार्य 2020 में शुरू कर दिया गया था। इसे पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर ही खड़ा किया गया है। सरकार ने इसके लिए तब 500 करोड़ रुपए का बजट तय किया था। अब तक इसके निर्माण में 535 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसके निर्माण की जिम्मेदार रेल विकास निगम लिमिटेड को सौंपी गई। पुराने पुल की तरह नए पुल को भी 2.07 किमी लंबा ही बनाया जा रहा है। इस पुल को वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज तकनीक के जरिए बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### मार्च में वापस आएंगे सुनीता और विल्मोर



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही स्पेस स्टेशन ने वापस लौटेंगे। नासा ने मंगलवार को बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं।


### भारतीयों को ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा इंतजार



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने मार्च 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है। इसमें रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड की कुछ कैटेगरी में 'फाइनल एक्शन डेट' आगे बढ़ी है। भारतीयों के लिए ईबी-2 और ईबी-3 कैटेगरी के लिए 'फाइनल एक्शन डेट' छह हफ्ते आगे बढ़ गया है। वहीं ईबी-1 और ईबी-5 कैटेगरी में किसी तरह का कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

ट्रंप के दबाव में झुके जेलेंस्की

# रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रंप, रूस और यूक्रेन को एक मंच पर लाने में सफल होते हैं तो यह मुमकिन है।

■ कहा- ट्रंप अगर यूक्रेन-रूस को एक टेबल पर ला पाएं तो ऐसा मुमकिन

जेलेंस्की ने यह स्वीकार किया कि बिना अमेरिकी मदद के वे जंग नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो यह कहते हैं कि यूरोप, अमेरिका के बिना भी यूक्रेन की हिफाजत कर सकता है। लेकिन यह सच नहीं है। अमेरिका के बिना यूक्रेन की सुरक्षा संभव नहीं है।

### सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं जेलेंस्की

अमेरिका में ट्रंप के शपथ लेने के बाद रूस-यूक्रेन जंग के समाप्त होने को लेकर चर्चा बढ़ गई है। चुनाव के दौड़ान ट्रंप ने यह दावा किया था कि वे शपथ लेने के 24 घंटे के भीतर जंग रोक देंगे। पिछले महीने यूक्रेन में ट्रंप के विशेष शांति दूत कीथ केलॉग ने कहा था कि उनका मकसद ट्रंप प्रशासन के 100 दिन के भीतर जंग रोकना है। उन्हें जंग रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। जेलेंस्की ने कहा कि वे 14 फरवरी को म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात करेंगे। जेडी वेंस लंबे समय से यूक्रेन को जंग लड़ने के लिए मिल रहे अमेरिकी मदद की आलोचना करते रहे हैं। सत्ता में आने के बाद वे यूक्रेन पर जंग को रोकने का दबाव बना रहे हैं।

### ट्रंप ने यूक्रेन से फिर मांगा रेयर मटेरियल

इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने फिर से यूक्रेन के खनिज को हासिल करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूक्रेन को अमेरिकी मदद चाहिए तो उसे 500 बिलियन डॉलर के रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ खनिज) अमेरिका को देने होंगे। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को धमकी दी कि यदि उन्होंने ट्रंप की बात नहीं मानी तो अमेरिका यूक्रेन को और मदद देना बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा। इसके बाद रूस किसी भी दिन उसे अपने में मिला सकता है। ट्रंप इससे पहले भी कह चुके हैं कि अमेरिका 3 साल से यूक्रेन की आर्थिक मदद कर रहा है।

पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच हुई द्विपक्षीय बातचीत

# दोनों देश रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और आतंकवाद के क्षेत्रों में साझेदारी व सहयोग मजबूत करेंगे



*पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने रणनीतिक साझेदारी, आतंकवाद, व्यापार-निवेश को बढ़ाने, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सहयोग बढ़ाने, हिंद-प्रशांत की चुनौती सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को प्रगाढ़ बनाने और वैश्विक चुनौतियों के समाधान जैसे विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।*

फ्रांस ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया

बैठक में दोनों देशों के बीच कुल 9 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बुधवार को फ्रांस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच मौजूद द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में एक ओर द्विपक्षीय सहयोग को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने पर सहमति जताई। वहीं, रणनीतिक साझेदारी, रक्षा, उर्जा, आतंकवाद, व्यापार-निवेश को बढ़ाने, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सहयोग बढ़ाने, हिंद-प्रशांत की चुनौती सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को मजबूत बनाने और वैश्विक चुनौतियों के समाधान जैसे विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के अंत में दोनों देशों के बीच कुल 9 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

### एआई पर भारत-फ्रांस का रोडमैप लॉन्च

पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर भारत-फ्रांस का रोडमैप लॉन्च किया। यह सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर आधारित है। फ्रेंच स्टार्टअप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में भारतीय स्टार्टअप को शामिल करने का स्वागत किया। उन्होंने फ्रांस में भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने की विस्तारित संभावनाओं का भी स्वागत किया।

### यूएन सुरक्षा परिषद में सुधार पर जोर

दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मार्सेले में सावरकर को याद किया

मोदी ने मार्सेले में स्वंतत्रता सेनानी वीर सावरकर को याद किया। सावरकर को 1910 में नासिक षड्यंत्र मामले के तहत लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जहाज से भारत लाया जा रहा था। जब उनका जहाज मार्सेले के पास पहुंचा तो उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी।

### भारतीय सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



बुधवार को पीएम मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मारसेई शहर के ऐतिहासिक माजारग्वेज युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध में बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने स्मारक पट्टिकाओं पर गुलाब के फूल चढ़ाए। पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने कैडारैचे में अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर (आईटीईआर) का दौरा किया। दोनों ने मार्सिले में महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस दूतावास के पास फ्रांस के दक्षिणी भाग में प्रोवेंस आल्प्स कोटे डीजूर, कोर्सिका, ओसीटानी और ऑवर्गे रोन आल्प्स के साथ ही चार प्रशासनिक क्षेत्रों का वाणिज्य दूतावास क्षेत्राधिकार होगा।

एलएंडटी चेयरमैन फिर चर्चा में अब बोले

# लोग दफ्तर नहीं जाना चाहते श्रमिकों की काम में रुचि नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यम का फिर एक बयान चर्चा में है। मंगलवार को सी आई आई साउथ ग्लोबल लिंकेज शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिक, जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ भी शामिल हैं, नौकरी के लिए आगे बढ़ने से हिचकिचाते हैं। इससे उद्योग के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं।



### श्रमिकों को काम पर रखने के तरीके बदले

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि जहां कई देश प्रवास की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत में लोगों के काम के लिए आगे बढ़ने से अनिच्छुक होने की एक अनूठी समस्या है। जन धन बैंक खातों, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, गरीब कल्याण योजना और मनरेगा योजना जैसी योजनाएं श्रमिकों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करते हैं। इसके कारण श्रमिकों में नौकरी करने इच्छा खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम पर रखने के पारंपरिक तरीके बदल गए हैं, जिसमें डिजिटल संचार अब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

एयरो इंडिया शो-2025 के समापन समारोह में बोले रक्षा मंत्री

# परिवर्तन के दौर से गुजरता भारत दुनिया के लिए बना आकर्षण का केंद्र, ये कार्यक्रम ऐतिहासिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बेंगलुरु में चल रहे एयरो इंडिया शो-2025 के समापन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत ऐसे क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। जिसमें देश में लड़ाकू विमानों, मिसाइल सिस्टम और नौसेना के प्लेटफार्म न केवल सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। बल्कि ये पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस कार्यक्रम ने जिन ऊंचाईयों को छुआ है। वो अद्वितीय और ऐतिहासिक भी है। बीते तीन दिनों के अपने अनुभवों को रक्षा मंत्री ने तीन बार ऊर्जा शब्द का उच्चारण कर बताया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान के बारे में जानकारी दी।

### ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल निर्यात कर रहे

उन्होंने कहा कि भारत करीब एक दशक पहले ऐतिहासिक रूप से अपनी करीब 70 फीसदी जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर था। लेकिन आज सब कुछ बदल चुका है और हम छोटे तोपखाने, हथियारों से लेकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम तक का दुनिया के देशों को निर्यात कर रहे हैं। जिसकी मदद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी नई रक्षा साझेदारियां बढ़ने के साथ ही और अधिक विकसित हो रही हैं। यहां बता दें कि इस वर्ष एयरो इंडिया का बेंगलुरु में 10 से 14 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है।

## कंधे पर बैठे बेटे ने मस्क के पकड़े कान



**वॉशिंगटन।** एलन मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने कुछ अलग अंदाज में नजर आए। ट्रंप के सामने खड़े एलन मस्क के कंधे पर उनका बेटा बैठा हुआ दिखाई दे रहा था। इसे देख ट्रंप भी हैरान रह गए। ये पल बेहद खूबसूरत दिखा। कंधे पर बैठा उनका बेटा जम्हाई लेते नजर आ रहा है। इस दौरान उसने अपने पिता का कान भी पकड़ा। ये पहला मौका था जब एलन मस्क व्हाइट पहुंचे थे। बता दें, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इस समय अमेरिका की ट्रंप सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसका एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़ा

# फिलीपींस करार कर चुका, यूएई, मिस्र और कई देशों ने दिखाई रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यूएई, सऊदी अरब, वियतनाम, मिस्त्र और इंडोनेशिया जैसे देश इसे खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। फिलीपींस तो पहले ही ब्रह्मोस खरीद का करार कर चुका है और पिछले साल ही उसे इन मिसाइलों की डिलिवरी भी शुरू हो चुकी है।

ध्वनि से 3 गुना तेज रफ्तार वाली दुनिया की इकलौती सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने के लिए इंडोनेशिया की बातचीत तो अभी शुरुआती दौर में है लेकिन एक अन्य देश के साथ बातचीत अंतिम दौर में है। यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्त्र और वियतनाम भी ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। मिडल ईस्ट के देश मिसाइल के लैंड वर्जन में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। इंडोनेशिया के साथ एकदम शुरुआती चरण में है।




**भारत और रूस ने बनाई ब्रह्मोस, ध्वनि से तीन गुना तेज रफ्तार**

◆ भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों वर्जन

## यह मिसाइल रडारों को चकमा देने में सक्षम

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। ये ध्वनि की गति से तीन गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल नेवी, आर्मी और एयर फोर्स तीनों के लिए काफी कारगर है। भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों ही वर्जन हैं। यह जहाजों पर भी हमला कर सकती है। इसका निर्माण भारत के डीआरडीओ और रूस के एपीओ मिशीनोस्ट्रोयेनिया के जॉइंट वेंचर के तहत होता है।

### 500 किलोमीटर तक की मारक क्षमता

ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज की बात करें तो इसका एयर वर्जन 400 से 500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। लैंड और सी वर्जन की मिसाइलों की रेंज 800 से 900 किलोमीटर है। भारत अब इसकी रेंज बढ़ाकर 1500 किलोमीटर करने की दिशा में काम कर रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल सतह से न्यूनतम 10 मीटर और अधिकतम 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरते हुए हमले कर सकती है।

**डील को लेकर इंडोनेशिया से बातचीत जारी**

*गणतंत्र दिवस पर जब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे तब ब्रह्मोस मिसाइल डील को लेकर दोनों देशों के बीच पहले से हुई बातचीत ने गति पकड़ी है। भारत ने पिछले साल फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी शुरू की थी। फिलीपींस इस मिसाइल का पहला अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है।*

# भारत आर्थिक क्षेत्रों और वैश्विक मामलों में नेतृत्व व समाधान भी प्रदान कर रहा: बिरला

■ 16 देशों के 100 से अधिक सीईओ व्यवसायी और संस्थापकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में मुलाकात की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल दुनिया को व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों और वैश्विक मामलों में नेतृत्व और समाधान भी प्रदान कर रहा है। संसद भवन परिसर में 16 देशों के 100 से अधिक सीईओ, व्यवसायी और संस्थापकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बिरला ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दृष्टिकोण के साथ भारत राजनीतिक स्थिरता और अच्छे शासन के साथ वैश्विक नेतृत्व में मुख्य भूमिका निभा रहा है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बातचीत में बिरला ने कहा कि भारत का संविधान और संसदीय लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शांति, विकास और प्रगति की नींव हैं।

उन्होंने देश की दिशा और समृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मददगार, भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक मंच पर बढ़ते कद को समझने में गहरी रुचि दिखाई। बिरला ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के सवालों के विचार उत्तर दिए।

# चैंपियंस ट्रॉफी: आस्ट्रेलिया को एक और झटका, स्टार्क भी बाहर, स्मिथ करेंगे कप्तानी


## कमिंस, हेजलवुड और मार्श पहले से बाहर, स्टोइनिस का संन्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सिडनी।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है।'

### स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ

गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे। यह घटना आस्ट्रेलिया के लिए करारे झटके की तरह है चूंकि विश्व कप 2023 में उसकी खिताबी जीत में कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क की अहम भूमिका थी। कमिंस और मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ टीम के कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस , सीन एबोट और बेन ड्वारशुइस को टीम में शामिल किया गया है।




### कुहनेमन का होगा बायोमीट्रिक टेस्ट

**सिडनी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंपायरों द्वारा गेंदबाजी एक्शन की शिकायत किए जाने के बाद आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी आस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में मैट का सहयोग करेंगे।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बताया कि कुहनेमन 2017 में पदार्पण के बाद से 124 पेशेवर मैच खेल चुके हैं लेकिन उनके गेंदबाजी एक्शन की कभी शिकायत नहीं हुई। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। उनकी बायोमीट्रिक जांच ब्रिसबेन में होगी।



### अफगान स्पिनर गजांफर बाहर

काबुल। अफगानिस्तान के युवा आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। बीस वर्ष के खरोटे बाएं हाथ के स्पिनर हैं और पिछले साल पदार्पण के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं। गजांफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे।

### अफगानिस्तान टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जदरान, इकराम अलीखिल, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदिन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फरीह अहमद, फजलहक फारूकी, नांगेयालिया खरोटे, नावीद जदरान, नूर अहमद।

## खबर संक्षेप




### धवन बने चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतियोगिता दूत

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुधवार को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने धवन के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया है उनमें पाकिस्तान के 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी शामिल हैं।

### केंद्र और एआईएफएफ से कोर्ट ने मांगा जवाब


**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा जिसमें आरोप लगाया गया है कि महासंघ के महासचिव के रूप में



अनिलकुमार प्रभाकरण की नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर केंद्रीय खेल मंत्रालय, एआईएफएफ के साथ-साथ प्रभाकरण को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा।

### अंग दान को बढ़ावा देने बांह में हरी पट्टी बांध खेले खिलाड़ी

**अहमदाबाद।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड की 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बुधवार को यहां तीसरे और



अंतिम एकदिवसीय मैच में बांह पर हरे रंग की पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं। बीसीसीआई ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच शुरू होने के बाद एक बयान में यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने कहा, 'दोनों टीम बीसीसीआई की पहल 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' का समर्थन करने के लिए बांह पर हरे रंग की पट्टी पहनकर खेल रही हैं। इस पहल की अगुवाई आईसीसी के चेयरमैन जय शाह कर रहे हैं।'

### टेटे खिलाड़ी मनिका के पिता नहीं रहे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता



गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार को निधन हुआ और उसी दिन इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## अक्षर, राणा, अर्शदीप और पंड्या ने झटके दो-दो विकेट

# भारत ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप, इंग्लैंड को 142 रन से रौंदा, गिल का 7वां शतक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में बुधवार को यहां इंग्लैंड को 142 रन से रौंदकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। भारती टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी तैयारियों का पुख्ता नजारा पेश किया। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने करियर का सातवां शतक जड़ा। भारत के 357 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ढेर हो गई। अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने दो-दो विकेट लेकर धारदार गेंदबाजी की।

इंग्लैंड की ओर से आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे गस एटकिंसन और टॉम बैनटन दोनों ने 38-38 रन बनाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (34) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारत ने इससे पहले गिल की 104 गेंद में तीन छक्कों और 14 चौकों से 112 रन की पारी के अलावा विराट कोहली (52) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 116 और श्रेयस अय्यर (78) के साथ तीसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी से 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 356 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 64 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 45 रन देकर दो विकेट हासिल किए।




### शुभमन के सबसे तेज 2500 रन

भारत के स्टार ओपनर शुभमन गिल ने वनडे इंटरनेशनल में सबसे तेज 2500 रन बनाने की उपलब्धि हासिल कर ली। भारत के लिए अपना 50वां वनडे मैच (50वीं पारी) खेलते हुए शुभमन गिल ने इस जादुई आंकड़े को छुआ। गिल ने साउथ अफ्रीकी दिग्गज हाशिम अमला के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने अपनी 51वीं वनडे पारी में 2500 रनों का आंकड़ा पार किया था।

### गिल का 95 गेंदों में शतक

गिल ने 95 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. इस दौरान गिल ने 2 छक्के और 14 चौके जमाए। गिल का वनडे इंटरनेशनल में यह अपना 7वां शतक है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 5 शतक जमाए हैं। जबकि टी20 इंटरनेशनल में भी गिल ने एक शतक लगाया है। इस तरह यह स्टार ओपनर तीनों फॉर्मेट में शतक जमा चुका है। गिल इस तीसरे मैच में 102 गेंदों पर 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में कुल 3 छक्के और 14 चौके जमाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 109.80 का रहा।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का सॉल्ट बो वुड | 01 | 02 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो राशिद | 112 | 102 | 14 | 3 |
| कोहली का सॉल्ट बो राशिद | 52 | 55 | 7 | 1 |
| अय्यर का सॉल्ट बो राशिद | 78 | 64 | 8 | 2 |
| राहुल पगबधा बो महमूद | 40 | 29 | 3 | 1 |
| हार्दिक पंड्या बो राशिद | 17 | 09 | 0 | 2 |
| अक्षर का बैनटन बो रूट | 13 | 12 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन का ब्रूक बो वुड | 14 | 14 | 1 | 0 |
| राणा का बटलर बो एटकिंसन | 13 | 10 | 1 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 50 ओवर में 356/10
गेंदबाजी : महमूद 10-0-68-1, वुड 9-1-45-2, एटकिंसन 8-0-74-1, रूट 5-0-47-1, राशिद 10-0-64-4, लिविंगस्टोन 8-0-57-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का अक्षर बो अर्शदीप | 23 | 21 | 4 | 0 |
| डकेट का रोहित बो अर्शदीप | 34 | 22 | 8 | 0 |
| बैनटन का राहुल बो कुलदीप | 38 | 41 | 4 | 2 |
| जो रूट बो अक्षर | 24 | 29 | 2 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो हर्षित | 19 | 26 | 1 | 1 |
| जोस बटलर बो हर्षित | 06 | 09 | 0 | 0 |
| लियाम स्टं राहुल बो वाशिंगटन | 09 | 23 | 1 | 0 |
| गस एटकिंसन बो अक्षर | 38 | 19 | 6 | 1 |
| आदिल राशिद बो पंड्या | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वुड का अय्यर बो पंड्या | 09 | 07 | 2 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 34.2 ओवर में 214/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 5-0-33-2, राणा 5-1-31-2, वाशिंगटन 5-0-43-1, अक्षर 6.2-1-22-2, पंड्या 5-0-38-2, कुलदीप 8-0-38-1.

## 38वां राष्ट्रीय खेल

# भाला फेंक में सचिन और ऊंची कूद में पूजा ने बनाया रिकॉर्ड




एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते।

25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में पश्चिम बंगाल की स्वपना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है।

### रामराज ने बाधा दौड़ में जीता सोना

महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 58.11 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 और 2023 में भी स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण गुजरात के रुचित मोरी ने 50.97 सेकंड के समय से जीता जबकि महिला गोला फेंक में पंजाब की जैस्मिन कौर ने 15.97 मीटर के प्रयास से शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला 5000 मीटर की चैंपियन उत्तराखंड की अंकिता ध्यानी (15 मिनट 56.03 सेकेंड) बनीं जबकि चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में केरल ने तीन मिनट 25.35 सेकेंड के साथ बाजी मारी।

## वनडे

# असलांका की कप्तानी पारी से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदा




एजेंसी ▶▶ कोलंबो

कप्तान चरित असलांका ने विषम परिस्थितियों में 127 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां दो मैच की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में 49 रन से हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसने असलांका की शानदार पारी के बावजूद 46 ओवर में 214 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा साबित हुआ और उसकी पूरी टीम 33.5 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। मैच का आकर्षण असलांका का शतक रहा जो वनडे में उनका चौथा सैकड़ा है। उन्होंने अपनी पारी में 126 गेंद का सामना करते 14 चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने ऐसे समय में यह पारी खेली जबकि श्रीलंका की आधी टीम 55 रन पर पेवेलियन लौट गई थी। असलांका ने इसके बाद डुनिथ वेलालेज (30) के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटने के बाद श्रीलंका का स्कोर जल्द ही आठ विकेट पर 135 रन हो गया। दसवें नंबर के बल्लेबाज ईशान मलिंगा ने यहां से अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने नौवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की जिसमें मलिंगा का योगदान केवल एक रन था।

### केरल रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा

**पुणे।** केरल ने धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को यहां जम्मू कश्मीर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ कराया और पहली पारी में एक रन की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। केरल के सामने 399 रन का मुश्किल लक्ष्य था लेकिन उसके बल्लेबाजों ने पूरे धैर्य के साथ बल्लेबाजी करके जम्मू कश्मीर को पांचवें और आखिरी दिन जीत हासिल नहीं करने दी। केरल ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 295 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 280 रन बनाए थे जिसके जवाब में केरल ने 281 रन बनाकर एक रन की बढ़त हासिल की जो आखिर में निर्णायक साबित हुई।

### नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने का स्वागत

**नई दिल्ली।** ई स्पोर्ट्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने के खेल मंत्रालय के फैसले का स्वागत करते हुए ईएसएफआई ने बुधवार को कहा कि इससे जमीनी स्तर पर खेल में भागीदारी बढ़ेगी।



मंत्रालय ने 51 खेलों की सूची जारी की है जिसके खिलाड़ी नकद पुरस्कारों के पात्र होंगे। इनमें ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में शामिल सारे खेल हैं। इसमें मलखंब, ई स्पोर्ट्स और खोखो को भी रखा गया है। भारतीय ई स्पोर्ट्स महासंघ के निदेशक और एशियाई ई स्पोर्ट्स महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा, 'यह भारतीय ई स्पोर्ट्स के लिए ऐतिहासिक पल है। ई स्पोर्ट्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार के रूप में सरकार से मान्यता मिलना इन खेलों के लिए बड़ा कदम है।'

# भारत ने मकाऊ को 5-0 से हराया आज कोरिया से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶ किंगदाओ




भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के शुरुआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में गुरुवार को उसका सामना कोरिया से होगा।

मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड़ ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

## चैंपियंस ट्रॉफी : राणा और पांच स्पिनरों का टीम में चयन समझ से परे

# जोखिम की रणनीति क्या आएगा भारत के काम?

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कोच गौतम गंभीर का फलसफा रहा है कि जितना अधिक जोखिम, उतना ही अच्छा फल लेकिन चोट के कारण करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद क्या यह रणनीति भारत के लिए कारगर साबित होगी ? इस सवाल का जवाब सीधा नहीं है चूंकि अंतिम 15 को चुनते समय काफी जोखिम लिया गया।

दुबई जाने वाली टीम में पांच स्पिनर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती होंगे। बुमराह की जगह हर्षित राणा ने ली है जबकि अधिक अनुभवी मोहम्मद सिराज को युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला शिवम दुबे के साथ रिजर्व में रखा गया है जो टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे।




### तेज गेंदबाजों को फायदा

भारत के मैच दुबई में होने हैं जहां आम तौर पर वनडे क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को अधिक कामयाबी मिली है। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर 2009 के बाद से 58 वनडे खेले जा चुके हैं जिसमें तेज गेंदबाजों को पांच से कम की इकॉनामी दर से 466 विकेट मिले हैं। स्पिनरों को 334 विकेट मिले हैं और उनकी किफायत दर 4.2 रही है।


**फार्म में चक्रवर्ती :** पांच स्पिनरों को लेकर जाने की रणनीति भी समझ से परे हैं हालांकि चक्रवर्ती को उनके शानदार फॉर्म के कारण चुना गया। वह इसी मैदान पर हालांकि टी20 विश्व कप 2021 में नाकाम रहे थे। जडेजा और अक्षर का खेलना लगभग तय है और चक्रवर्ती के खेलने पर कुलदीप को बाहर रहना पड़ सकता है।

### काम आता अनुभव

बुमराह के बाहर होने पर सिराज की जगह राणा को चुनने का कारण भी समझ से परे है जबकि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे टूर्नामेंटों में आक्रामकता की जगह अनुभव काम आता है। कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि पुरानी गेंद से उतने प्रभावी नहीं होने के कारण सिराज को बाहर रखा गया। राणा ने टी20 में पदार्पण करके छठे गेंदबाज के तौर पर 33 रन देकर तीन विकेट लिए थे। वनडे में उन्होंने मैच के तीन चरणों में तीन स्पैल डाले।

### जायसवाल क्यों हुए बाहर

जायसवाल को बाहर रखने की भी वजह स्पष्ट नहीं है। क्या किसी स्पिनर को जगह देने के लिए एक सलामी बल्लेबाज को बाहर किया गया। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में पहले वनडे में जायसवाल और श्रेयस अय्यर को साथ में उतारना मुश्किल था लेकिन विराट कोहली की चोट की वजह से परेशानी नहीं हुई। कोहली के वापिस आने के बाद जायसवाल दूसरे मैच से बाहर हो गए। फिटनेस से जूझने वाले हार्दिक पंड्या पर भी जोखिम लिया गया है जो मोहम्मद शमी और अर्शदीप या राणा के साथ तीसरे स्पिनर हो सकते हैं।



# अनुपम ने बिजनेसमैन को पढ़ाया अभिनय का पाठ...

**मुंबई।** अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज करने वाले अभिनेता अनुपम खेर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके पास न केवल अभिनय की कला है, बल्कि दूसरों में भी इस कला को उभारने का अद्भुत हुनर है। हाल ही में अभिनेता ने व्यवसायी रितेश अग्रवाल को अभिनय का एक छोटा सा पाठ पढ़ाया। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह रितेश अग्रवाल को अभिनय के लिए कुछ लाइनें देते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अनुपम ने रितेश को अभिनय के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें भी बताई। कुल मिलाकर ग्यारह प्रयासों के बाद रितेश ने इस सीन को इतने शानदार तरीके से निभाया कि अनुपम भी उनके अभिनय से प्रभावित हो गए।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## अनुराग की फिल्म में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रीलीला अब अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी, जिसमें पहले तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में थीं। श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम 'आशिकी 3' बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम 'आशिकी 3' नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं। अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी।



हॉलीवुड मसाला




## वर्षों पुरानी है स्विफ्ट से रंजिश

**लॉस एंजिल्स।** कान्ये और स्विफ्ट के बीच की दुश्मनी 2009 से शुरू हुई थी। उस समय रैपर ने अचानक स्विफ्ट के माइक्रोफोन को छीन लिया था जब वह एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स में अपने हिट सॉन्ग 'यू बिलॉन्ग विद मी' के लिए 'बेस्ट फीमेल वीडियो' अवॉर्ड ले रही थीं। उस समय कान्ये ने कहा था कि वह स्विफ्ट के लिए खुश हैं, लेकिन वह पूरी तरह से बियॉन्से के पक्ष में हैं, क्योंकि उनके पास सबसे बेहतरीन वीडियो थे। हमेशा विवादों में रहने वाले कान्ये वेस्ट का एक्स अकाउंट निष्क्रिय हो गया है।

## क्या बियांका पर होगा कानूनी एक्शन?

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में हुआ 67वां ग्रैमी अवाड्र्स चर्चा का केंद्र बना रहा, जिसकी मुख्य वजह थी कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी। बियांका ने रेड कार्पेट पर बोल्ड ड्रेस में पूरी मीडिया में सनसनी मचा दी थी। अब कुछ रिपोट्र्स के मुताबिक यह सामने आ रहा है कि इनपर कोई कानूनी एक्शन नहीं होगा। सूत्रों ने बताया कि ग्रैमी अवार्ड एक निजी समारोह है, जिसके सदस्यों ने पुलिस में कोई शिकायत नहीं की है, इस कारण बियांका पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। साथ ही एक वकील ने इंटरव्यू में बताया कि बियांका सेंसरी ने जो किया वह गलत है, लेकिन अगर आप किसी को ठेस पहुंचाने के लिए अश्लील व्यवहार करते हैं, तो उसपर कार्रवाई होती है।





## रणबीर को नॉनसेंस बिल्कुल पसंद नहीं

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान ही रश्मिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया, इसके बाद भी वे फिल्म प्रमोशन में दिखाई दे रही हैं। रश्मिका ने रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर अपनी राय दी है। रश्मिका ने कहा, उन्होंने कई सारे शानदार सितारों के साथ काम किया है। तीनों ही अभिनेता बेहद शानदार अभिनय करते हैं, साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को लेकर कहा कि उनके साथ वाइब भी मैच होती है। वे बहुत एनर्जी के साथ काम करते हैं। रश्मिका ने कहा, रणबीर के साथ काम अच्छा होता है। हम दोनों को ही नॉनसेंस चीजें नहीं पसंद हैं।



## 'आश्रम-3' के दूसरे पार्ट का टीजर रिलीज


**मुंबई।** साल 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉबी देओल ने 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर शेयर करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भक्तों का इंतजार होगा खत्म, जल्द ही। 'एक बदनाम आश्रम' के तीसरे सीजन का दूसरा पार्ट अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होगा। सामने आए टीजर में पम्मी, बाबा निराला से बदला लेती नजर आ रही है। वह इस खेल में बाबा निराला को बहलाने और भोपा को बाबा निराला से अलग करने की कोशिश करती है। टीजर की शुरुआत में बाबा निराला के भक्तों की भीड़ दिखाई जाती है। फिर पम्मी की झलक देखने को मिलती है जिसमें पम्मी दुल्हन के लहंगे में मुस्कुराते नजर आती है। इसके बाद पम्मी, बाबा निराला और भोपा की जोड़ी को तोड़ने की कोशिश करती है।







टीवी मसाला




## हिना के लिए बारात लेकर पहुंचे बॉयफ्रेंड रॉकी..?

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हिना खान और रॉकी जैसवाल की शादी जैसा दिखने वाला एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने फैंस को कन्फ्यूज कर दिया। इस वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली को बाराती बन डांस करते देखा जा सकता है। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई कुछ और है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान पिछले कुछ महीनों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, लेकिन उनकी हिम्मत और जज्बे ने सभी को प्रेरित किया है। इस मुश्किल वक्त में उनके बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और हर कदम पर उनका साथ दे रहे हैं। अब हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपको भी लगेगा कि हिना और रॉकी शादी कर रहे हैं। इस वीडियो में हिना खान और रॉकी जैसवाल दूल्हा-दुल्हन की तरह सजे-धजे नजर आ रहे हैं। माहौल भी किसी ग्रैंड शादी जैसा लग रहा है। वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली बारातियों की तरह नाचते हुए दिख रहे हैं और सीनियर एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी दोनों की आरती उतारकर उनका स्वागत करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस कमेंट में दोनों को शादी की बधाई दे रहे हैं। लेकिन वीडियो की असलियत इनकी शादी नहीं, बल्कि सेलिब्रिटी मास्टरशेफ का एक खास एपिसोड है जिसमें हिना और उनके बॉयफ्रेंड रॉकी का स्वागत किया गया है।


### दादी-सा के सामने नहीं काम करेगा अभिरा का तिकड़म, अरमान करेगा अपने प्यार का इजहार

**नई दिल्ली।** अभिरा को माधव के कमरे से अरमान की असली मां की फोटो मिलेगी, लेकिन फोटो में शिवानी का चेहरा साफ नजर नहीं आएगा। ऐसे में अभिरा इस फोटो की कॉपी बनवाने जाएगी। अभीर और चारू की शादी वाले दिन कोरियर वाला अभिरा के लिए एक पार्सल देकर जाएगा। अभिरा जब पार्सल खोलेगी तब उसे समझ आएगा कि गलती से कोरियर वाले ने अरमान का पार्सल उसे और उसका पार्सल अरमान को दे दिया है। अभिरा पौद्दार हाउस जाएगी। जब वह इधर-उधर अपना पार्सल ढूंढ रही होगी तब उसकी नजर दादी-सा पर पड़ेगी। पहले तो अभिरा को समझ नहीं आएगा कि दादी-सा क्या कर रही हैं, लेकिन कुछ देर बाद अभिरा समझ जाएगी कि दादी-सा, अरमान की असली मां की फोटो जला रही हैं।



# अपने प्यार के लिए हर हद को किया पार मोहब्बत का दूसरा नाम बनीं ये नायिकाएं

*__नई दिल्ली।__ वैलेंटाइन वीक है तो प्यार-मोहब्बत की बातें होंगी। हम भी आपको बड़े पर्दे की ऐसी नायिकाओं के बारे में बता रहे हैं, जो इश्क का दूसरा नाम बन गईं। फिल्मों में इन नायिकाओं ने अपने प्यार के लिए हर हद को पार किया है। बॉलीवुड में कई बेहतरीन प्रेम कहानी वाली फिल्में बनी हैं। कई लव स्टोरी वाली फिल्मों की खास बात यह रही है कि इसमें नायकों के साथ नायिकाओं के किरदार भी यादगार बन गए। जानिए, ऐसी ही कुछ फिल्मी नायिकाओं के बारे में जिन्होंने बड़े पर्दे पर टूटकर प्यार किया। साथ ही दर्शकों के मन पर भी अपने किरदार की एक अमिट छाप छोड़ दी।*



***वीर जारा की जारा:*** *फिल्म 'वीर जारा' में प्रीति जिंटा ने जारा का किरदार निभाया था। यह किरदार एक पाकिस्तानी लड़की का था, जो एक हिंदुस्तानी ऑफिसर वीर (शाहरुख खान) से मोहब्बत करने लगती है। दोनों को किस्मत जुदा कर देती है। जारा को लगता है कि वीर मर चुका है। ऐसे में वह पाकिस्तान छोड़कर भारत आती है और वीर के गांव में बस जाती है, उसके अधूरे सपनों को पूरा करती है। आखिर में वीर और जारा मिल जाते हैं, एक हो जाते हैं।*

***देवदास की पारो-चंद्रमुखी :*** *ऐश्वर्या रॉय और माधुरी दीक्षित ने फिल्म 'देवदास' में पारो और चंद्रमुखी का किरदार निभाया था। दोनों ही नायिकाएं देव (शाहरुख खान) से प्यार करती है। देव के आखिर लम्हों में पारो उससे मिलने के लिए सामाजिक बंधनों को तोड़ने की कोशिश करती है। वहीं चंद्रमुखी, देव का मुश्किल घड़ी में पूरा साथ देती है।*

***दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे की सिमरन :*** *काजोल ने फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में सिमरन का रोल किया था। सिमरन, राज से मोहब्बत करती है। फिल्म के आखिर में वह राज के साथ जाने के लिए पिता द्वारा तय की गई शादी को तोड़ देती है। पिता को भी अपनी मोहब्बत का यकीन दिलाती और राज के पास चली जाती है।*

***'कहो ना प्यार है' की सोनिया सक्सेना :*** *अमीषा पटेल ने अपने कॅरियर की पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' में सोनिया का किरदार निभाया था। सोनिया, रोहित (ऋतिक रोशन) से प्यार करती है। लेकिन, अचानक रोहित की मौत हो जाती है। रोहित के चले जाने का गम सोनिया बर्दाश्त नहीं कर पाती है। बाद में फिल्म में राज की एंट्री होती है, जो बिल्कुल रोहित जैसा दिखता है। लेकिन, राज को सोनिया आसानी से नहीं अपनाती है।*

***परदेस की गंगा-ताल की मानसी :*** *महिमा चौधरी ने फिल्म 'परदेस' में गंगा का रोल किया था, यह किरदार भी हीरो को अहसास कराता है, वह उसे प्यार करता है। फिल्म में लीड रोल शाहरुख खान ने निभाया था। इसी तरह फिल्म 'ताल' में मानसी (ऐश्वर्या राय) भी अपने प्यार को कभी नहीं भूलती है।*

## 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर आया सामने

**मुंबई।** फिल्म 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की है। फिल्म के मेकर्स ने 'केसरी वीर' से जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की हैं, जिनका जिक्र तरण आदर्श की पोस्ट में भी है। 'केसरी वीर' फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे बॉलीवुड एक्टर्स नजर आने वाले हैं। ये तीनों ही एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ये भूमिकाएं कैसी होंगी, इसकी डिटेल अभी शेयर नहीं की गई हैं। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन, 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा।

साथ ही फिल्म भी मार्च में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। फिल्म 'केसरी वीर' की कहानी की बात की जाए तो इसमें सोमनाथ मंदिर की 14 सदी में रक्षा करने वालों योद्धाओं की कहानी है। इन वीरों की कहानी इतिहास में कही भूला दी गई है। ऐसे में फिल्म के जरिए दर्शकों को उनके वीरता, साहस की कहानी को दिखाया जाएगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930